जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-229 ▶मुंबई, मंगलवार, 18 मार्च 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹4


सालों का संन्यास, पर जादू अभी भी बरकरार


...पेज 11













पीएम मोदी से मिलीं अमेरिकी खुफिया चीफ

# आतंकवादियों पर एक्शन ले अमेरिका



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से आज शाम नई दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान गबार्ड ने इस्लामी आतंकवाद के खतरे को हराने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया। इसे उन्होंने अमेरिकी लोगों के लिए सीधा खतरा बताया। गबार्ड ने इस बात पर जोर दिया कि पीएम मोदी भी आतंकवाद के खतरे को गंभीरता से लेते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश इस लगातार खतरे से निपटने के लिए एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। आतंकवाद पर गबार्ड ने कहा, 'हम देख रहे हैं कि इसका भारत, बांग्लादेश, सीरिया, इजरायल और मध्य पूर्व के कई देशों में लोगों पर कैसा प्रभाव पड़ रहा है। मैं जानती हूं कि यह एक ऐसा खतरा है जिसे पीएम मोदी भी गंभीरता से लेते हैं। इसलिए, दोनों देशों के नेता इस खतरे को पहचानने और उसे हराने के लिए मिलकर काम करेंगे।'

### खालिस्तानियों पर कसें नकेल : रक्षामंत्री



पीएम मोदी के साथ यह मीटिंग रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और तुलसी गबार्ड के बीच बातचीत के बाद हुई, जिसमें उन्होंने अमेरिका से खालिस्तानी आतंकी समूह सिख फॉर जस्टिस और इसके संस्थापक गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ ऐक्शन लेने की मांग रखी। राजनाथ सिंह ने बैठक में अमेरिकी धरती पर भारतीय हितों के खिलाफ काम कर रहे खालिस्तानियों का मुद्दा उठाया। उन्होंने खालिस्तानी संगठन सिख फॉर जस्टिस की भारत विरोधी गतिविधियों पर चर्चा की, जिसे भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ काम करने के लिए देश में प्रतिबंधित किया गया है।

### अजित डोभाल से भी मिलीं तुलसी

तुलसी गबार्ड ढाई दिन की भारत यात्रा पर हैं। इससे पहले उन्होंने एनएसए अजित डोभाल से भी मुलाकात की थी। डोभाल और गबार्ड के बीच हुई बैठक में मुख्य रूप से खुफिया जानकारी शेयर करने और सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई।

### अमेरिकी शीर्ष अधिकारी की पहली यात्रा

तुलसी गबार्ड भारत की ढाई दिन की यात्रा पर रविवार तड़के राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली आईं। यह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के किसी शीर्ष अधिकारी की भारत की पहली उच्चस्तरीय यात्रा है। समझा जाता है कि दोनों पक्षों ने क्षेत्र में चीनी सेना की बढ़ती सैन्य आक्रामकता की पृष्ठभूमि में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उभरती सुरक्षा स्थिति पर भी विचार-विमर्श किया।

### सुरक्षा को लेकर बंद कमरे में बैठक

तुलसी, कनाडा के डेनियल रोजर्स व ब्रिटेन के जोनाथन पॉवेल दुनियाभर के उन शीर्ष खुफिया अधिकारियों में शामिल हैं, जिन्होंने भारत की ओर से आयोजित सुरक्षा सम्मेलन में हिस्सा लिया। बंद कमरे में हुई इस वार्ता पर कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी किया गया। शीर्ष अधिकारियों ने आतंकवाद, उभरती प्रौद्योगिकियों से उत्पन्न खतरों से निपटने के लिए खुफिया जानकारी साझा करने और आपसी सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया।

### पीएम ने भेंट किया महाकुंभ का जल

▪ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर उन्हें हाल ही में प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ से लाया गए पवित्र जल (जल) से भरा एक कलश भेंट किया। पीएम मोदी ने उन्हें बताया कि महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक भारतीयों ने आस्था की डुबकी लगाई। मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने तुलसी गबार्ड को भारत-अमेरिका मैत्री का प्रबल समर्थक बताया। वहीं, गबार्ड ने पीएम मोदी से मुलाकात को एक सम्मान बताया। तुलसी गबार्ड ने पीएम मोदी को एक माला भेंट की।

छत्रपति शिवाजी मंदिर का उद्घाटन

# औरंगजेब का महिमामंडन बर्दाश्त नहीं : मुख्यमंत्री



शिव जयंती पर महाराजा का मंदिर जरूरी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को ठाणे में छत्रपति शिवाजी महाराज के मंदिर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि केवल छत्रपति शिवाजी महाराज का मंदिर ही महिमा मंडन का हकदार है, न कि औरंगजेब की कब्र। जिस तरह भगवान राम के दर्शन हनुमानजी के बिना अधूरे हैं, उसी तरह छत्रपति शिवाजी महाराज के सम्मान के बिना कोई भी तीर्थयात्रा पूरी नहीं होती। सीएम ने कहा कि शिवाजी महाराज की कोशिशों के कारण ही हम अपने देवताओं की स्वतंत्र रूप से पूजा करने में सक्षम हैं। उन्होंने स्वराज्य, भगवान, हमारे देश और हमारे धर्म के लिए लड़ाई लड़ी। फडणवीस ने महाराष्ट्र में ऐतिहासिक स्मारकों खास तौर पर औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर कहा कि सरकार औरंगजेब की कब्र को संरक्षित स्थल घोषित करने के लिए बाध्य है। इसका संरक्षण श्रद्धा के बजाय ऐतिहासिक रिकॉर्ड के लिए जरूरी है।

### औरंगजेब की मजार का संरक्षण दुर्भाग्यपूर्ण

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार को औरंगजेब के उत्पीड़न के इतिहास के बावजूद उसकी कब्र की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी पड़ रही है। मैं आश्वासन देता हूं कि अगर उनकी विरासत को महिमामंडित करने का कोई प्रयास किया जाता है, तो यह सफल नहीं होगा। फडणवीस ने कहा कि भले ही शिवाजी की मृत्यु कम उम्र में हो गई थी, लेकिन समाज के लिए उनके योगदान ने लोगों को उनकी विरासत का अनुसरण करने में मदद की है। महाराष्ट्र उम्मीदों पर खरा उतरा है और यह राज्य के लोगों के सोच से स्पष्ट है।

## आउटसोर्स महिला कर्मचारियों को भी मातृत्व अवकाश



**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार आउटसोर्स पर रखी जाने वाली महिला कर्मियों को भी मातृत्व अवकाश की सुविधा देने जा रही है। अभी तक ऐसी महिला कार्मिकों को यह सुविधा नहीं मिल रही है। आउटसोर्स कर्मियों की भर्ती के लिए बनाई जा रही नई नीति में इसका प्रावधान किया जा रहा है। ईएसआई द्वारा तय नियमों को नई नीति में शामिल करने का प्रावधान किया गया है। राज्य सरकार ने जरूरत के आधार पर विभागों में आउटसोर्स कर्मियों को रखने की सुविधा दी है। प्रदेश में ऐसे करीब 1.92 लाख कर्मी बताए जा रहे हैं। इन कर्मियों की भर्ती के लिए अभी तक कोई ठोस नीति नहीं है। यही कारण है कि ऐसे कर्मियों को रखने के लिए सभी विभागों के अपने अलग-अलग नियम और मानदेय हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ऐसे कर्मियों की भर्ती के लिए नई नीति बनवाना चाहते हैं। ऐसे कार्मिकों की भर्ती के लिए उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम बनाया जा रहा है।

कांग्रेस अध्यक्ष के बयान पर सदन में बवाल

# सीएम फडणवीस की औरंगजेब से तुलना !

### ▶▶ प्रवीण दरेकर ने की कार्रवाई करने की मांग



**मुंबई।** महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख हर्षवर्धन सपकाल द्वारा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मुगल बादशाह औरंगजेब से की गई विवादास्पद तुलना ने सोमवार को राज्य विधानसभा में हलचल मचा दी और महायुति नेताओं ने कड़ी कार्रवाई की मांग की। यह हंगामा राज्य विधान मंडल के दोनों सदनों में जारी बजट सत्र में भी जारी रहा और सपकाल के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। सपकाल ने दिन में दावा किया कि वह फडणवीस और औरंगजेब के शासन में "समानताओं" की तुलना कर रहे थे, न कि दोनों व्यक्तियों की। विधान परिषद में भाजपा के गट नेता प्रवीण दारेकर ने कार्यवाही शुरू होते ही यह मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा, "राज्य का कुशलतापूर्वक शासन कर रहे मुख्यमंत्री की तुलना औरंगजेब से करना बेहद निंदनीय कृत्य है और यह महाराष्ट्र का अपमान है।"

### पूरे मामले की होगी जांच : अजित

पवार ने कहा, "कुछ टिप्पणियां पार्टी के वरिष्ठों को खुश करने और लोगों का ध्यान खींचने के लिए की जाती हैं। लेकिन उनका वोट शेयर कम हो जाता है और उनका असली चेहरा सामने आ जाता है। अगर महत्वपूर्ण पदों पर बैठे लोगों के खिलाफ ऐसी गलत टिप्पणियां की जाती हैं, तो उनकी जांच की जाएगी और कार्रवाई की जाएगी।"

### क्या कहा था कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने

रविवार को सपकाल ने कहा था कि "औरंगजेब एक क्रूर शासक था। आज मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी उतने ही क्रूर शासक हैं। वह हमेशा धर्म से जुड़े मुद्दों का समर्थन करते हैं, लेकिन सरपंच संतोष देशमुख की हत्या जैसे मामलों पर कुछ नहीं करते।"

## बंद फ्लैट में मिला 100 किलो सोना!

**अहमदाबाद।** शहर के पालडी इलाके में स्टॉक मार्केट संचालक के खाली फ्लैट पर डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस और एंटी टेररिज्म स्क्वॉड ने जॉइंट ऑपरेशन के तहत की। इस रेड में टीम को जो मिला, उसे देखकर अधिकारियों चौंक गए। स्टॉक ब्रोकर के बंद पड़े फ्लैट से 100 किलो सोना, भारी मात्रा में जेवर और बहुत सारा कैश बरामद हुआ है। जांच एजेंसियों और पुलिस को सूचना मिलने के इस रेड को अंजाम दिया गया। करीब 25 अधिकारियों ने सोमवार, 17 मार्च को शेयर बाजार संचालक के पालडी स्थित आविष्कार अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 104 पर छापा मारा। पता चला कि इस फ्लैट के मालिक महेंद्र शाह और मेघ शाह नाम के व्यक्ति हैं। गुजरात में हाल के समय में यह पहली इतनी बड़ी बरामदगी है। टीम को फ्लैट पर बंद बक्सा मिला। जब उसे खोला गया तो छापेमार करने पहुंचे अधिकारी भी दंग रह गए। बड़े पैमाने पर सोना मिलने के बाद उसे कैमरे की नजर में सीज किया गया है। फिलहाल, स्टॉक मार्केट के ब्रोकर से पूछताछ चल रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इतनी भारी मात्रा में सोना आया कहां से?



▪ रेड में डीआरआई और एटीएस टीम के उड़े होश

# इंडिया, भारत या हिंदुस्तान फैसला जल्द

**नई दिल्ली।** केंद्र से संविधान में संशोधन करने और 'इंडिया' शब्द को भारत या हिंदुस्तान से बदलने के लिए एक प्रतिवेदन पर विचार करने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश का शीघ्रता से पालन करने का दिल्ली हाई कोर्ट ने निर्देश दिया है। इसमें कहा गया कि केंद्र के वकील को सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेश के शीघ्र अनुपालन के लिए संबंधित मंत्रालयों को उचित रूप से अवगत कराना चाहिए। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की पीठ ने उक्त निर्देश के साथ याचिकाकर्ता को याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। याचिकाकर्ता नमहा ने शुरू में सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी और इस पर शीर्ष अदालत ने वर्ष 2020 में निर्देश दिया था कि याचिका को एक प्रतिवेदन के रूप में लेकर उपयुक्त मंत्रालयों द्वारा विचार किया जा सकता है।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने दिए केंद्र को निर्देश




### मंत्रालय को जल्द निर्णय लेने के निर्देश

▪ इसके बाद याचिकाकर्ता नमहा ने वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव सागर के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दायर कर प्राधिकारियों को उनके आवेदन पर निर्णय करने का निर्देश देने का अनुरोध किया। इस पर पीठ ने मंत्रालय को जल्द से जल्द निर्णय लेकर याची को सूचित करने का निर्देश दिया।

### भारतीय संस्कृति का प्रतिनिधि नहीं

▪ याचिका में कहा गया है कि अंग्रेजी नाम 'इंडिया' देश की संस्कृति और परंपरा का प्रतिनिधित्व नहीं करता है और इसका नाम बदलकर 'भारत' करने से औपनिवेशिक बोझ से छुटकारा पाने में मदद मिलेगी।

## न्यूज BRIEF

### हरियाणा : दो लाख करोड़ का बजट पेश

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर वित्त मंत्री अपना पहला बजट पेश किया। उन्होंने प्रदेश के इतिहास में पहली बार दो लाख 5 हजार 17 करोड़ का बजट पेश किया है। पिछले साल पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 1.89 लाख करोड रुपए का बजट पेश किया था। उन्होंने गुरुग्राम-पंचकूला को एआई हब बनाने का ऐलान किया।

### बैंक कर्मियों की हड़ताल 24 मार्च से

**नई दिल्ली।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने सभी संवर्गों में पर्याप्त भर्ती, अस्थायी कर्मचारियों को नियमित करने और बैंकिंग उद्योग में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 24-25 मार्च को दो दिवसीय विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। यह जानकारी न्यूज एजेंसी ने सोमवार को दी है।

### एचकेयू1 : कोलकाता में महिला संक्रमित

**कोलकाता।** कोलकाता की एक महिला में एचकेयू1 वायरस मिला है। हालांकि महिला की स्थिति कंट्रोल में है और उनको कोई गंभीर लक्षण नहीं है। महिला के संपर्क में आए लोगों की भी ट्रेसिंग की जा रही है। वायरस से महिला कैसे संक्रमित हुई है इसकी पहचान भी की जा रही है। कुछ मामलों में इसका असर लंग्स पर भी हो सकता है। यह वायरस कोविड- 19 जैसे लक्षण पैदा करता है, लेकिन उतना गंभीर नहीं होता है।

हिमाचल सरकार ने पेश किया बजट

## मेयर, पार्षद, प्रधान के मानदेय में बढ़ोत्तरी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को अपने कार्यकाल का तीसरा बजट पेश किया। मुख्यमंत्री सुक्खू बजट पेश करने के लिए ऑल्टो कार खुद चलाकर विधानसभा पहुंचे। अपने करीब तीन घंटे के भाषण को मुख्यमंत्री ने कुछ इस तरह से शुरू किया। "न गिराया किसी को कभी न किसी को उछाला, जहां आप पहुंचे छलांगें लगा-लगाकर, मैं भी वहां पहुंचा धीरे-धीरे"। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि साल 2025 में 25,000 पद भरे जाएंगे। शिक्षा विभाग में एक हजार पद भरे जाएंगे। पुलिस विभाग में कांस्टेबल के पद भरे जाएंगे। 500 पदों के लिए पदोन्नति की परीक्षा करवाई जाएगी। इसकी अधिसूचना जल्द जारी होगी।

▪ साल 2025 भरे जाएंगे में 25,000 पद

## औरंगजेब की कब्र के विवाद में आगजनी और पथराव

**नागपुर।** नागपुर के महल इलाके में दो गुटों के बीच सोमवार को बवाल हो गया। इस दौरान कई गाड़ियों में तोड़फोड़ और आगजनी की गई। इलाके में पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया है। हालात को देखते हुए रैपिड एक्शन फोर्स की भी तैनाती की गई है। बताया जा रहा है कि मुगल शासक औरंगजेब की कब्र को लेकर यह विवाद शुरू हुआ। फायर ब्रिगेड के एक अधिकारी ने बताया, '2 जेसीबी मशीनों को आग के हवाले कर दिया गया। कुछ और वाहनों में तोड़फोड़ हुई। एक फायरमैन घायल हो गया है।' नागपुर हिंसा पर महाराष्ट्र सीएमओ की ओर से कहा गया, 'नागपुर के महल इलाके में पथराव और तनावपूर्ण स्थिति के बाद पुलिस प्रशासन स्थिति को संभाल रहा है।

# ट्रंप से आज मिलेंगे पुतिन



यूक्रेन युद्ध रोकने एक और प्रयास

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह कल रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बात करेंगे, ताकि यूक्रेन युद्ध को समाप्त किया जा सके। ट्रंप ने रविवार शाम फ्लोरिडा से वॉशिंगटन जाते समय एयरफोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, हम देखेंगे कि क्या हम मंगलवार को कुछ ऐलान कर सकते हैं। मैं मंगलवार को राष्ट्रपति पुतिन से बात करूंगा। (युद्ध को समाप्त करने के लिए) बहुत काम किया गया है। हम देखना चाहते हैं कि क्या हम इस युद्ध को समाप्त कर सकते हैं।

### क्रेमलिन ने की वार्ता की पुष्टि

वहीं, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने सोमवार सुबह पुष्टि की कि दोनों नेता कल बातचीत करेंगे। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि बातचीत का विषय क्या होगा। पेस्कोव ने कहा, हम कभी भी घटनाओं से पहले कुछ नहीं बताते और दो राष्ट्रपतियों के बीच बातचीत का विषय पहले सार्वजनिक नहीं किया जाता है।

### ट्रंप के रुख से यूरोपीय देश नाराज

यह बातचीत रूस-यूक्रेन संघर्ष में अहम मोड़ साबित हो सकती है और ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका की विदेश नीति को नई दिशा देने का मौका हो सकता है। सहयोगी यूरोपीय देश ट्रंप की पुतिन से नजदीकी और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के प्रति उनके सख्त रुख से नाराज हैं। यूरोपीय देशों ने हाल ही में ओवल कार्यालय में जेलेंस्की के साथ तीखी बातचीत को लेकर ट्रंप की आलोचना की थी।

### 2 अप्रैल अमेरिका का मुक्ति दिन

ट्रंप ने कहा कि वह दो अप्रैल से अपने टैरिफ प्लान पर आगे बढ़ रहे हैं, भले ही शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव और आर्थिक प्रभाव को लेकर चिंता जताई गई है। उन्होंने कहा, 2 अप्रैल हमारे देश के लिए एक मुक्ति का दिन है। हम वह संपत्ति वापस हासिल कर रहे हैं, जो बहुत मूर्खता से पिछले राष्ट्रपति ने अन्य देशों को दे दी थी।




# पहले से अधिक सब्सिडी यात्रियों को दे रहे: रेल मंत्री

- भारतीय रेल की वित्तीय स्थिति अच्छी
- हमारा कमिटमेंट गरीब से गरीब व्यक्ति के लिए
- यात्रा की लागत 1.38 रुपए लेकिन यात्रियों से लिए जाते 73 पैसे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई/ नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को राज्यसभा में रेल मंत्रालय के कामकाज पर हुई चर्चा के दौरान भारतीय रेल की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि भारतीय रेल यात्रियों को किफायती किराए पर सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर अग्रणी स्थान हासिल कर रही है। जहां हमारे देश में रेलवे का किराया आस-पास के देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका के रेल किराए से भी कम है तो वहीं पश्चिमी देशों में रेल किराया तो भारत की अपेक्षा 10-20 गुना अधिक है। रेल यात्रियों दी जा रही सब्सिडी पर रेल मंत्री ने कहा कि अभी ट्रेन से प्रति किलोमीटर यात्रा की लागत 1.38 है, लेकिन यात्रियों से केवल 73 पैसे लिए जाते हैं, यानी 47% सब्सिडी दी जाती है। वित्त वर्ष 2022-23 में यात्रियों को 57,000 करोड़ की सब्सिडी दी गई, जो 2023-24 (प्रोविजनल फिगर) में बढ़कर करीब 60,000 करोड़ हो गई। हमारा लक्ष्य न्यूनतम किराए पर सुरक्षित और बेहतर सेवाएं देना है।



### यात्रियों-कार्गो की बढ़ती संख्या के बावजूद ऊर्जा खर्च स्थिर

रेल विद्युतीकरण के फायदों पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा कि यात्रियों और कार्गो की बढ़ती संख्या के बावजूद ऊर्जा खर्च स्थिर है। भारतीय रेल 2025 में 'स्कोप 1 नेट जीरो' और 2030 तक 'स्कोप 2 नेट जीरो' हासिल करेगी। बिहार के मढ़ौरा कारखाने में बने लोकोमोटिव का निर्यात जल्द शुरू होगा।

### भारत में 1,400 लोकोमोटिव का उत्पादन

इस साल भारत में 1,400 लोकोमोटिव का उत्पादन हुआ, जो अमेरिका और यूरोप के संयुक्त उत्पादन से अधिक है। साथ ही, 2 लाख नए वैगन बेड़े में जोड़े गए हैं। रेल मंत्री ने बताया कि 31 मार्च को समाप्त हो रहे वित्त वर्ष में भारतीय रेल 1.6 बिलियन टन कार्गो ढोकर दुनिया के टॉप 3 देशों में शामिल होगा, जिसमें चीन, अमेरिका और भारत होंगे। यह रेलवे की बढ़ती क्षमता और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है।

### 41,000 एलएचबी कोच तैयार

रेल मंत्री ने राज्यसभा में ऐलान किया कि रेल सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए, 41,000 एलएचबी कोच तैयार किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में सभी आईसीएफ कोच को एलएचबी में बदला जाएगा। लंबी रेल, इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग, फॉग सेफ्टी डिवाइस और 'कवच' सिस्टम तेजी से लागू किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए वैष्णव ने कहा कि पहले रेलवे को 25,000 करोड़ का समर्थन मिलता था, जो अब बढ़कर 2.5 लाख करोड़ से अधिक हो गया है। इससे बुनियादी ढांचे में सुधार हुआ है। वहीं 50 नमो भारत ट्रेनों का निर्माण किया जा रहा है, जो कम दूरी की यात्रा के लिए एसी और नॉन-एसी विकल्पों के साथ है।

### हमारा कमिटमेंट गरीब से गरीब व्यक्ति के लिए

रेल मंत्री ने कहा कि हमारा कमिटमेंट गरीब से गरीब व्यक्ति के लिए है। यही वजह है कि जनरल कोचों की संख्या एसी कोचों की तुलना में ढाई गुना अधिक बढ़ाई जा रही है। वर्तमान प्रोडक्शन प्लान के अनुसार 17 हजार नॉन-एसी कोचों के मैन्युफैक्चरिंग का प्रोग्राम है। भारतीय रेल की वित्तीय स्थिति अच्छी है और इसमें लगातार सुधार के प्रयास जारी हैं।

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में इंजीनियरिंग कार्य

# ब्लॉक के कारण कुछ ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-ऐशबाग सेक्शन में ब्रिज नं. 110 पर इंजीनियरिंग कार्य हेतु ट्रैफिक और पावर ब्लॉक के चलते अहमदाबाद मंडल से चलने/गुजरने वाली कुछ ट्रेन प्रभावित रहेगी। जिसका विवरण निम्नानुसार है।

**पूर्णतः निरस्त ट्रेनें**

**1.** 21,28 मार्च और 4,11,18, 25 अप्रेल को गांधीधाम से चलने वाली ट्रेन संख्या 09451 गांधीधाम-भागलपुर स्पेशल निरस्त रहेगी। **2.**24,31 मार्च और 7,14,21, 28 अप्रेल को भागलपुर से चलने वाली ट्रेन संख्या 09452 भागलपुर-गांधीधाम स्पेशल निरस्त रहेगी। **3.**21,28 मार्च और 4,11,18, 25 अप्रेल को अहमदाबाद से चलने वाली ट्रेन संख्या 09465 अहमदाबाद-दरभंगा स्पेशल निरस्त रहेगी। **4.**24,31 मार्च और 7,14,21, 28 अप्रेल को दरभंगा से चलने वाली ट्रेन संख्या 09466 दरभंगा-अहमदाबाद स्पेशल निरस्त रहेगी।

**परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनें**

**1.** 22,24,29,31 मार्च और 5,7,12,14,19,21,26,28 अप्रेल को गोरखपुर से चलने वाली ट्रेन संख्या 19410 गोरखपुर-साबरमती एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग बुढ़वल-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-कासगंज के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाया बुढ़वल-सीतापुर सिटी-शाहजहाँपुर-कासगंज के रास्ते चलेगी। **2.** 20,27 मार्च और 3,10,17,24 अप्रेल को मुजफ्फरपुर से चलने वाली ट्रेन संख्या 15269 मुजफ्फरपुर-साबरमती जनसाधारण एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोरखपुर-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाया छपरा-वाराणसी सिटी-वाराणसी-प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज-कानपुर सेंट्रल के रास्ते चलेगी। **3.** 20,27 मार्च और 3,10,17,24 अप्रेल को गोरखपुर से चलने वाली ट्रेन संख्या 15045 गोरखपुर-ओखा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोरखपुर-ऐशबाग-कानपुर सेंट्रल के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाया गोरखपुर-औंड़िहार-जौनपुर-जंघई-फाफामऊ-प्रयागराज-कानपुर सेंट्रल के रास्ते चलेगी।

आस्था, सेवा और समर्पणः महाकुंभ 2025

# भारतीय रेलवे की ऐतिहासिक भूमिका



प्रयागराज। राज्यसभा में रेलवे मंत्रालय की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने महाकुम्भ 2025 के दौरान करोड़ों श्रद्धालुओं की सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रेलवे द्वारा किए गए व्यापक प्रयासों को रेखांकित किया। प्रयागराज के स्टेशनों पर यात्रियों के गंतव्य के अनुसा कलर-कोडेड यात्री आश्रयों की व्यवस्था की गई, जिससे यात्रियों की आवाजाही आसान हुई और भीड़भाड़ को कम किया गया। महाकुम्भ जैसे भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए रेलवे ने कई महत्वपूर्ण ढांचागत परियोजनाएँ पूरी कीं। गंगा नदी पर प्रमुख रेलवे पुल, जिससे कनेक्टिविटी में सुधार हुआ। जंघई-फाफामऊ रेलखंड का दोहरीकरण, जिससे ट्रेनों का संचालन सुगम बना। 21 नए रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) और रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) बनाए गए, जिससे आवागमन सरल हुआ। रेलवे स्टेशनों पर 23 स्थायी होल्डिंग एरिया तैयार किए गए, जिससे भीड़ को व्यवस्थित किया जा सके। ट्रेनों के बेहतर रखरखाव और शीघ्र संचालन के लिए तीन अतिरिक्त वाशिंग लाइन विकसित की गईं। रेलवे कर्मचारियों के लिए आधुनिक बैरकों का निर्माण, जिससे उनकी कार्यक्षमता और सेवा निरंतर बनी रहे।इन सुव्यवस्थित प्रयासों से 4.5 करोड़ से अधिक श्रद्धालु बिना किसी बाधा के अपनी आध्यात्मिक यात्रा पूरी कर सके। पूरी व्यवस्था पर दिल्ली स्थित वॉर रूम से नजर रखी गई, जहां सीसीटीवी सर्विलांस के जरिए सुरक्षा और संचालन का कड़ा नियंत्रण सुनिश्चित किया गया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस ऐतिहासिक आयोजन में उत्कृष्ट रेलवे सुविधाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व को श्रेय दिया। जिस तरह गंगा का प्रवाह हर बाधा को मिटाकर अपनी राह बनाता है, उसी तरह भारतीय रेलवे ने अपनी मजबूत व्यवस्थाओं से श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल और निर्विघ्न बनाने का हर संभव प्रयास किया।

पश्चिम रेलवे अहमदाबाद मंडल

# परिवर्तित मार्ग से चलेंगी कुछ ट्रेनें

**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे अहमदाबाद मंडल के अहमदाबाद-पालनपुर रेलखंड के पालनपुर-उमरदाशी स्टेशनों के बीच अप लाइन किमी 658/33-35 पर ब्रिज सं. 880 के पुनर्निर्माण के संबंध में इंजीनियरिंग कार्य हेतु 18 मार्च को प्रस्तावित ब्लॉक के कारण तीन ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेगी। जिसका विवरण निम्नानुसार है। **1.**18 को साबरमती से चलने वाली ट्रेन संख्या 19031 साबरमती-योगनगरी ऋषिकेश योगा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग महेसाणा-उंझा-सिद्धपुर-पालनपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाया महेसाणा-पाटन-भीलड़ी-पालनपुर के रास्ते चलेगी। **2.**18 को गांधीनगर कैपिटल से चलने वाली ट्रेन संख्या 19223 गांधीनगर कैपिटल-जम्मू तवी एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग महेसाणा-उंझा-सिद्धपुर-पालनपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाया महेसाणा-पाटन-भीलड़ी-पालनपुर के रास्ते चलेगी। **3.**17 मार्च को दौलतपुर चौक से चलने वाली ट्रेन संख्या 19412 दौलतपुर चौक-साबरमती एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग पालनपुर-उंझा-सिद्धपुर-महेसाणा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाया पालनपुर-भीलड़ी-पाटन-महेसाणा के रास्ते चलेगी।

# मीरा-भायंदर शहर में बाधित रहेगी जल आपूर्ति



**भायंदर।** मीरा-भायंदर शहर को स्टेम प्राधिकरण और महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल (एमआईडीसी) प्राधिकरण द्वारा जल आपूर्ति की जाती है। महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल (एमआईडीसी) द्वारा जल आपूर्ति योजना के जांभुल स्थित जलशुद्धीकरण केंद्र में अत्यंत आवश्यक मरम्मत कार्य किए जाने के कारण 24 घंटे का शटडाउन लिया गया है।

17 मार्च की रात 12 बजे से 18 मार्च की रात 12 बजे तक (कुल 24 घंटे) मीरा-भायंदर शहर को महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल (एमआईडीसी) द्वारा की जाने वाली जल आपूर्ति पूर्ण रूप से बंद रहेगी। हालांकि, स्टेम प्राधिकरण द्वारा जल आपूर्ति जारी रहेगी। अतः महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल (एमआईडीसी) द्वारा जल आपूर्ति सामान्य होने तक मीरा-भायंदर शहर में जल आपूर्ति कम दबाव में और विलंब से होगी। एमआईडीसी ने नागरिकों से अपील की है कि वे जल का उपयोग संयमपूर्वक करें और मनपा को सहयोग प्रदान करें।

# महाराष्ट्र राज्य हिन्दी साहित्य अकादमी का पुरस्कार समारोह आज

▶▶ बांद्रा के रंगशारदा शारदा सभागृह में आयोजित होगा समारोह

**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य हिन्दी साहित्य अकादमी के वर्ष 2024-25 का पुरस्कार समारोह मंगलवार, 18 मार्च को आयोजित किया गया है। बांद्रा स्थित स्थित रंगशारदा शारदा सभागृह में शाम 5.30 से आयोजित समारोह में दो अखिल भारतीय जीवन गौरव, आठ राज्य स्तरीय जीवन गौरव और हिंदी साहित्य की 14 विधाओं में स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। ये पुरस्कार सांस्कृतिक कार्य, माहिती एवं तंत्रज्ञान मंत्री तथा अकादमी के अध्यक्ष एड. आशीष शेलार की अध्यक्षता में प्रदान किया जाएगा। महाराष्ट्र राज्य हिन्दी साहित्य अकादमी द्वारा घोषित पुरस्कारों को 18 मार्च की शाम छह बजे बांद्रा पश्चिम स्थित रंगशारदा सभागृह में प्रदान किया जाएगा। समारोह में विशिष्ट गणमान्यों की उपस्थिति में अकादमी के अध्यक्ष और सांस्कृतिक कार्य मंत्री एड.आशीष शेलार एवं विशेष अतिथि कौशल विकास मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा के हाथों पुरस्कृत विद्वानों का सम्मान



किया जाएगा। अकादमी के मार्गदर्शक, पूर्व राज्यमंत्री अमरजीत मिश्र, कार्याध्यक्ष शीतला प्रसाद दुबे अकादमी समिति के साथ कार्यक्रम-समारोह की सफलता सुनिश्चित करने के लिए हिंदी-समाज को आगे आने का निवेदन किया है। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान के अकादमी के सभी सदस्यों, बड़ी संख्या में साहित्यकारों, पत्रकारों, पुरस्कार मूर्ति एवं उनके परिवार के सदस्यों तथा हिन्दी सेवियों की उपस्थित रहेगी।

# फाइबर बोट्स के उपयोग से चालकों और मालिकों की आर्थिक उन्नति: नितेश राणे

▶▶ राज्य के समुद्र तटों पर वर्तमान में किया जाता लकड़ी की नौकाओं का उपयोग

▶▶ मुंबई बैंक के सहयोग से दी जाएगी वित्तीय सहायता

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** राज्य के समुद्र तटों पर वर्तमान में बड़ी संख्या में लकड़ी की नौकाओं का उपयोग किया जाता है, जिनकी गति धीमी होती है। इसके कारण फेरे भी कम होते हैं। यदि इनकी जगह हल्की फाइबर बोट्स का उपयोग किया जाए तो फेरे बढ़ेंगे, जिससे बोट चालकों और मालिकों की आय में वृद्धि होगी और उनकी आर्थिक प्रगति होगी। यह जानकारी मत्स्य व्यवसाय और बंदरगाह मंत्री



नितेश राणे ने विधान परिषद में दी। सदस्य मिलिंद नार्वेकर द्वारा उठाए गए प्रश्न का उत्तर देते हुए मत्स्य व्यवसाय मंत्री राणे ने यह बात कही। इस दौरान सदस्य भाई जगताप, शशिकांत शिंदे और सचिन अहिर ने भी चर्चा में भाग लिया।

मत्स्य व्यवसाय मंत्री राणे ने कहा कि राज्य में वर्षों से लकड़ी की नौकाओं का उपयोग हो रहा है, लेकिन अब सरकार का लक्ष्य फाइबर बोट्स को अपनाने का है। बोट मालिकों को नई फाइबर बोट खरीदने में सहायता प्रदान करने के लिए सरकार आर्थिक मदद देने की योजना बना रही है। यह वित्तीय सहायता मुंबई बैंक के सहयोग से दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बोट मालिकों की आय बढ़ाने के लिए विभाग प्रयासरत है और इसके लिए सहकारी बैंकों के साथ-साथ निजी और राष्ट्रीय बैंकों का भी सहयोग लिया जाएगा। इससे बोट मालिकों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, नीलकमल बोट दुर्घटना के मामले में नौसेना, पुलिस और बंदरगाह विभाग तीनों की ओर से जांच जारी है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।


## एसी वेटिंग हॉल के उन्नयन, रखरखाव और मैनिंग के लिए ई-नीलामी

लामडिंग मंडल के अंतर्गत गुवाहाटी (जीएचवाई) रेलवे स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं, बहुउद्देशीय स्टॉल और पर्यटक कियोस्क जैसी सुविधाओं के साथ वातानुकुलित प्रतिक्षालय के उन्नयन, रखरखाव और मैनिंग के लिए ई-नीलामी। **नीलामी सूची सं.:** पीएनयू-जीएचवाई-02-25। **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय (सभी लॉट): 27-03-2025** को **10.00** बजे। **नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय: 27-03-2025** को **10.30** बजे। **दर इकाई:** वार्षिक लाइसेंस शुल्क। **फेरे/दिन:** 1826।

| क्र. सं. | लॉट नं./कटेगरी | स्टेशन |
|---|---|---|
| एए/1 | पीएनयू-एलएमजी-जीएचवाई-डब्ल्यूआरएल-60-25-1 (भुगतान और उपयोग - लाउंज/प्रतीक्षा/विश्राम/क्लांक रूम) | गुवाहाटी |

भावी बोलीदाताओं से आग्रह किया जाता है कि वे आईआरईपीएस के ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं।

**मंडल वाणिज्य प्रबंधक, गुवाहाटी**

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## स्टोर्स ई-प्रॉक्योरमेन्ट

**निविदा सूचना संख्या: S/50/Sr.DMM/KIR/PUB/e-Tender/2024-25/09, दिनांक: 12-03-2025.** निम्नवर्णित कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

**क्र.सं.:1; निविदा संख्या: KT245454C;**
**बंद होने/खोलने की तिथि: 04-04-2025. मात्रा : 825 संख्या।**

**संक्षिप्त विवरण:** परिशिष्ट-ए में निविदा दस्तावेज में संलग्न तकनीकी विनिर्देश के अनुसार इन-होम डिस्प्ले यूनिट (मॉडल- सुरक्षित ब्रांड या समकक्ष लिबर्टी 150) (बीआईएस/एसआई मार्क) के साथ 1 फेज 2डब्ल्यू प्रीपेड/पेमेंट कीपैड के साथ, एक्यूरेसी क्लास 1.0, 240वी, 5-60ए, 50हर्ट्स की आपूर्ति। कॉन्साइनी:- डीईई/कटिहार, एनएफआर (बिहार)।

**टिप्पणी:** निविदा सूचना और निविदा दस्तावेजों के पूर्ण विवरण के लिए, निविदाकर्ता वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर लॉग ऑन कर सकते हैं। संभावित बोलीकर्ता जो उपरोक्त निविदाओं में भाग लेने का इरादा रखते हैं, उन्हें उपरोक्त वेबसाइट पर स्वयं लॉग इन करना होगा और इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा, यदि वे पहले से ही **आईआरईपीएस** के तहत पंजीकृत हैं। यदि वे **आईआरईपीएस** के साथ पंजीकृत नहीं है, तो उन्हें सलाह दी जाती है कि वे भारत सरकार के आईटी अधिनियम 2000 के अधीन प्रमाणन एजेन्सियों से श्रेणी-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र प्राप्त करें और निविदाओं में भाग लें।

**मंडल सामग्री प्रबंधक, कटिहार**

पूर्वोत्तर सीमा रेल
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना**

सूचना क्रमांकः 25-28_ए.एम.सी. ऑफ एंड टेपरिंग मशीन्स — दिनांक 12.03.2025

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि |
|---|---|---|
| रेल स्प्रिंग कारखाना सिथौली में 02 नंबर एंड टेपरिंग मशीन्स ए.एम.सी. कार्य हेतु | ₹9,31,41,843.00/- (रू. नौ करोड़ इकत्तीस लाख एकतालीस हजार आठ सौ तेतालीस केवल) | ₹6,15,800.00/- (रू. छः लाख पंद्रह हजार आठ सौ केवल) |

**कार्य की अवधिः** कार्य प्रारंभ करने के दिनांक से छत्तीस माह। **1.** ई-निविदा दिनांक **01.04.2025** को समय **15.00** बजे बंद होगी। ई-निविदा भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **2.** ई-टेण्डर से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **3.** पात्रता की शर्तें:- सामान्य प्रकार के कार्य का अनुभव इत्यादि, निविदा के लिये न्यूनतम पात्रता की शर्तें एवं अन्य शर्तें निविदा फार्म एवं भारतीय रेलवे की ई-टेंडरिंग की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेगा। **4.** ठेकेदार टेंडर फार्म को डाउनलोड करने के लिये एवं टेंडर सूचना संबंधी किसी भी प्रकार के संशोधन/परिशिष्ट (यदि कोई है) हेतु भारतीय रेलवे की ई-टेंडरिंग की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखते रहें। इस संबंध में कोई सूचना नहीं दी जायेगी और ना है किसी प्रकार का पत्राचार किया जायेगा। **टिप्पणी:-** निविदाकार को उपरोक्त पात्रता पूर्ण करने संबंधी दस्तावेज अपने टेण्डर फार्म के साथ प्रस्तुत करने होंगे जो कि निविदा सूचना जारी होने की दिनांक से पहले के हाने चाहिए। उपरोक्त पात्रता को पूर्ण न करने वाले टेण्डरों को टेण्डर प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जायेगा। **479/25 FA**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# बदनापुर कृषि अनुसंधान केंद्र को पूर्ण आर्थिक सहायता : कोकाटे

मुंबई। वसंतराव नाईक मराठवाड़ा कृषि विश्वविद्यालय, परभणी के अंतर्गत जालना जिले के बदनापुर स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र को सशक्त बनाने के लिए 2.85 करोड़ रुपए और आधारभूत सुविधाओं के लिए 14.35 करोड़ रुपए की दो परियोजनाओं को मंजूरी दी जाएगी। यह जानकारी कृषि मंत्री एड. माणिकराव कोकाटे ने विधान परिषद में दी। सदस्य सतीश चव्हाण द्वारा उठाए गए प्रश्न का उत्तर देते हुए कृषि मंत्री कोकाटे ने यह बात कही। इस दौरान सदस्य अभिजीत वंजारी ने भी चर्चा में भाग लिया। बदनापुर कृषि अनुसंधान केंद्र का दलहनी फसलों और अनाजों के अनुसंधान में महत्वपूर्ण योगदान है। इस केंद्र के माध्यम से तूर, चना और उड़द जैसी फसलों के कई बीज विकसित किए गए हैं, जिनकी देशभर में भारी मांग है। उच्च उत्पादन देने वाले ये बीज किसानों की पसंद बन चुके हैं। इसलिए सरकार इस केंद्र की आधारभूत सुविधाओं और अनुसंधान के लिए आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। केंद्र की दो परियोजनाओं को मंजूरी देकर आवश्यक निधि जारी की जाएगी।

# राज्य में 216.61 करोड़ की बकाया मजदूरी अदा

**मुंबई।** राज्य में लंबित रोजगार गारंटी की 216.61 करोड़ रुपए की मजदूरी अदा कर दी गई है। यह जानकारी रोजगार गारंटी मंत्री भरत गोगावले ने विधान परिषद में दी। सदस्य उमा खापरे द्वारा उठाए गए प्रश्न का उत्तर देते हुए रोजगार गारंटी मंत्री गोगावले ने यह बात कही। इस दौरान सदस्य एकनाथ खड़से ने भी चर्चा में भाग लिया। रोजगार गारंटी मंत्री गोगावले ने कहा कि सौ दिनों तक की मजदूरी राज्य सरकार के कोष से दी जाती है। राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली मजदूरी 100 प्रतिशत अदा की जा चुकी है। जबकि 100 दिनों से अधिक की मजदूरी केंद्र द्वारा भेजे गए कोष से दी जाती है। अब तक केंद्र से संबंधित कोष प्राप्त नहीं हुआ है। इसलिए शेष मजदूरी सरकार के कोष से अदा करने और केंद्र से राशि प्राप्त होने के बाद उसे राज्य सरकार के खाते में वापस स्थानांतरित करने के विकल्प पर विभाग विचार कर रहा है।

# बालू तस्करी पर रोक लगाने की व्यापक बालू नीति : बावनकुले



- राजस्व और पुलिस विभाग कर रही संयुक्त कार्रवाई
- बालू माफिया और तस्करों को नहीं मिलेगा कोई संरक्षण

**मुंबई।** राज्य में बालू तस्करी पर नियंत्रण रखने के लिए वर्तमान में राजस्व और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई की जा रही है। हालांकि, राज्य में बालू माफिया और बालू तस्करी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इसे रोकने के लिए राज्य सरकार अब एक व्यापक बालू नीति तैयार करने जा रही है। यह जानकारी राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने विधान परिषद में दी। विपक्ष के नेता अंबादास दानवे के प्रश्न का उत्तर देते हुए मंत्री बावनकुले ने यह बात कही। इस दौरान सदस्य प्रवीण दरेकर, शशिकांत शिंदे और एकनाथ खड़से ने भी चर्चा में भाग लिया। राजस्व मंत्री बावनकुले ने आश्वासन दिया कि राज्य में बालू माफियाओं और तस्करों को कोई संरक्षण नहीं मिलेगा।

### नई बालू नीति पर सरकार कर रही काम

■ राज्य सरकार नई बालू नीति पर काम कर रही है, जिसमें एम-सैंड यानी पत्थर से तैयार की गई रेत के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। इस नीति के तहत राज्य के प्रत्येक जिले में बालू क्रशर स्थापित किए जाएंगे, जिसके लिए सरकार वित्तीय सहायता देगी। प्रत्येक जिले में 50 से 100 क्रशर स्थापित करने की योजना है, जिससे बालू की उपलब्धता बढ़ेगी और मौजूदा आपूर्ति और मांग के बीच असंतुलन समाप्त होगा। इससे बालू माफियाओं पर स्वाभाविक रूप से नियंत्रण स्थापित होगा। बालू तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए राजस्व और पुलिस अधिकारियों को समान अधिकार देने का भी प्रावधान इस नीति में शामिल होगा। नई बालू नीति तैयार करते समय जनता के सुझावों को भी इसमें शामिल किया गया है।


**MSEB HOLDING COMPANY LTD** — **E-Tender Notice**

The Undersigned invites e-Tender No. CEC/MSEBHCL/MUM/TECH/T-81-2024-25 to from the eligible bidders for works under MSEBHCL Mumbai. The Tenders will be processed only in Electronic Tendering mode. The bid documents will be available on website dt.18.03.2025 from For further details & updates visit our Website *www.mahadiscom.in*. E-tender link *https://etender.mahadiscom.in*. Ph-022-22608383

**HO PR No. 96 Dt. 17.03.2025** — **Chief Engineer (Civil)**

**NASHIK MUNICIPAL CORPORATION, NASHIK**
**Public Works Department**
**E-Tender Notice No.- 22 (Year 2024-25)**

Nashik Municipal Corporation, Nashik Public Works Department vide E-Tender Notice No.22 (Year 2024-25) invites bids for **26** number of works which will be displayed on the website www.mahatenders.gov.in. from dt. 19/03/2025 to 27/03/2025 up to 3.00 pm Last date for acceptance of tender will be dt. 27/03/2025.

**Note -** All further necessary notices/clarifications will be published on the online website.

Sd xxx — City Engineer — Nashik Municipal Corporation
Sd xxx — Add. Commissioner (City) — Nashik Municipal Corporation

जनसंपर्क/जा.क्र/३८८/२०२५/दि.१७/०३/२०२५ "पर्यावरण बचे, तो प्राण बचे।"


# कांग्रेस नेताओं ने की मनपा आयुक्त से मुलाकात



**भायंदर।** मीरा भायंदर कांग्रेस नेताओं का शिष्टमंडल मनपा आयुक्त से मिला और शहर की मूलभूत सुविधाओं को लेकर चर्चा की। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रमोद सामंत मनपा गुट नेता जुबेर इनामदार और उपाध्यक्ष आफरीन सय्यद के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं का शिष्टमंडल मनपा आयुक्त से मिलने पहुंचा था। आफरीन सय्यद ने इस मुलाकात को औपचारिक मुलाकात बताते हुए कहा नए आयुक्त को सभी ने शुभकामनाएं दी और शहर के कामों को लेकर चर्चा की। आफरीन सय्यद ने कहा कि उनकी पार्टी फिलहाल विपक्ष की भूमिका में है पर आयुक्त सभी के साथ न्याय करेंगे ऐसी उन्हें उम्मीद है। जिलाध्यक्ष प्रमोद सामंत ने कहा कि मनपा द्वारा किए जाने वाले सभी कार्यों में कांग्रेस का सहयोग रहेगा। पूर्व नगरसेवक राजीव मेहरा ने कहा कि नवनियुक्त आयुक्त राधाबिनोद शर्मा अनुभवी अधिकारी है उनकी कार्य शैली का फायदा शहर को होगा। कांग्रेस के प्रवक्ता प्रकाश नागणे,मर्लिन डीसा,अशरफ शेख,रुबीना फिरोज,सिद्धेश राणे,राकेश राजपुरोहित,महेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को सहायता राशि वितरित : मकरंद पाटील

**मुंबई।** राज्य में विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं के कारण खेती को बड़े पैमाने पर नुकसान होता रहता है। इस नुकसान की भरपाई के लिए इस वर्ष अब तक 12,262 करोड़ रुपये की राशि वितरित की जा चुकी है। इसके अलावा, 13,361 करोड़ रुपये की सहायता राशि मंजूर की गई है। यह जानकारी मदद एवं पुनर्वास मंत्री मकरंद पाटील ने आज विधान परिषद में दी। सदस्य परिणय फुके द्वारा उठाए गए प्रश्न का उत्तर देते हुए मंत्री पाटील ने यह बात कही। इस दौरान विपक्ष के नेता अंबादास दानवे, सदस्य प्रवीण दरेकर और सदाभाऊ खोत ने भी चर्चा में भाग लिया। मंत्री पाटील ने कहा कि विभाग के 100 दिनों की कार्ययोजना में नुकसान भरपाई की राशि 100 प्रतिशत वितरित करने की योजना बनाई गई है। राज्य में कई किसानों के बैंक खाते आधार से जुड़े नहीं हैं, साथ ही ई-केवाईसी भी शेष है। इन सभी प्रक्रियाओं को प्राथमिकता से पूरा करने की योजना बनाई गई है। इसके लिए आधार से असंबद्ध बैंक खातों वाले किसानों की सूची और ई-केवाईसी न किए गए खातों की जानकारी चावडी पर प्रकाशित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**बीएमसी कर्मियों का होगा 'अपना घर'**

# 12.60 लाख रुपए में मिलेगा फ्लैट

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

- माहुल में निकाली जाएगी 47,000 फ्लैटों की लॉटरी
- तीसरे-चौथे श्रेणी के कर्मियों के लिए सुनहरा अवसर
- 17 मार्च से शुरू हो गए आवेदन

**मुंबई।** किराए पर रहने वाले हर शख्स का सपना होता है कि वह भी अपना घर ले, लेकिन आज के समय में घर लेना आसान बात नहीं है। मौजूदा समय में घरों की कीमत इतनी है कि इंसान इरादा करने से पहले भी सोचता है, लेकिन अगर आप महाराष्ट्र में रहते हैं और मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) कर्मचारी हैं, तो अब आपके लिए घर खरीदना थोड़ा आसान होने वाला है।बीएमसी कर्मचारियों का घर लेने का अधूरा सपना पूरा हो सकेगा। इसके लिए मुंबई नगर निगम प्रशासन म्हाडा के तहत मकानों के लिए लॉटरी निकाली जाएगी, जो कर्मचारियों के लिए होगी। मुंबई नगर निगम के सफाई कर्मचारियों को उपनगरीय माहुल क्षेत्र में किफायती घर दिए जाएंगे। इसके लिए सोमवार, 17 मार्च से आवेदन प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।



### 47 हजार फ्लैटों के लिए आवेदन शुरू

■ मुंबई नगरपालिका में थर्ड और फोर्थ कैटेगरी में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों को दिए जाने वाले इन फ्लैटों की कीमत 12 लाख रुपये है। इनमें 47 हजार मकान हैं, जिनके लिए लॉटरी निकाली जाएगी। मुंबई महानगरपालिका के कर्मचारी सोमवार यानी आज से मुंबई के माहुल में बने इन 47 हजार फ्लैटों के लिए आवेदन शुरू कर दिए गए हैं।

### 13 हजार से ज्यादा फ्लैट खाली पड़े

■ माहुल में बने इन 47 हजार फ्लैटों में एक घर की कीमत 12 l60 लाख रुपये है। इन्हीं फ्लैटों की लॉटरी निकाली जाएगी और लॉटरी से ही इन्हें बेचा जाएगा। इन फ्लैटों को बेचने का फैसला बीएमसी की ओर से इसलिए किया गया है क्योंकि काफी दिनों से माहुल में बने 13 हजार से ज्यादा मकान खाली पड़े हैं और खरीदारों का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में इन फ्लैटों के रखरखाव का खर्चा नगर पालिका को ही उठाना पड़ता है।

### करना होगा पांच साल का इंतजार

■ माहुल में बने इन फ्लैटों में रहने वालों के लिए अस्पताल से लेकर स्कूल और सभी जरूरी सुविधाएं मौजूद हैं। अगर कोई कर्मचारी इन घरों को खरीदने के बाद बेचना चाहता है तो वह तुरंत ऐसा नहीं कर सकता। इसके लिए उसे 5 साल का इंतजार करना होगा। क्योंकि पांच साल बाद ही कोई कर्मचारी इस फ्लैट को बेच सकता है।

## पुणे में हानिकारक सौंदर्य प्रसाधन जब्त

**पुणे।** पुणे जिले में स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सौंदर्य प्रसाधन पाए गए हैं, जिन्हें खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने जब्त कर नष्ट कर दिया है। कानून के अनुसार, केवल लाइसेंस प्राप्त निर्माता ही सौंदर्य प्रसाधन बना सकते हैं, जबकि खुदरा विक्रेताओं को इनकी बिक्री की अनुमति नहीं है। इस मुद्दे पर राज्य सरकार कैबिनेट बैठक में प्रस्ताव लाकर केंद्र सरकार से अनुमति लेने की मांग करेगी, ऐसी जानकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन मंत्री नरहरी झिरवाळ ने विधानसभा में प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान दी। इस मुद्दे को विधायक भीमराव तापकीर ने उठाया, जबकि विधायक अतुल भातखलकर ने भी पूरक प्रश्न किया। मंत्री झिरवाळ ने आश्वासन दिया कि इस मामले की गहन जांच जारी है और अवैध रूप से बिक्री करने वाले व्यापारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान में राज्य में कुल 740 लाइसेंस प्राप्त निर्माता हैं, जिनमें से 54 पुणे में स्थित हैं।

# राज्यपाल ने की कोकण कृषि विवि के कार्यों की समीक्षा



**मुंबई।** राज्यपाल एवं कुलपति सी.पी. राधाकृष्णन ने दापोली स्थित डॉ. बालासाहेब सावंत कोकण कृषि विश्वविद्यालय के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान कुलपति डा. संजय भावे ने राज्यपाल के समक्ष विश्वविद्यालय के कार्यों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। पिछले तीन वर्षों में विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षा, अनुसंधान और विस्तार सेवा क्षेत्रों में किए गए कार्यों, ठाणे जिले में शहरी कृषि को बढ़ावा देने, अनुसंधान के माध्यम से आत्मनिर्भरता, पशुधन विकास और मत्स्य पालन, किसानों की परामर्श सेवा, नवाचार विस्तार कार्यक्रम, उद्योग जगत के साथ सहयोग, राष्ट्रीय शिक्षा नीति का कार्यान्वयन, इंटर्नशिप कार्यक्रम, आदिवासी छात्रों की उच्च शिक्षा में भागीदारी बढ़ाने और छात्रावास सुविधाओं सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस समीक्षा बैठक के दौरान कुलसचिव डॉ. पी. सी. हालदवणकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**कुलपति भावे ने राज्यपाल को विवि के कार्यों का दिया विस्तृत प्रस्तुतिकरण**

# नालासोपारा पूर्व में भव्य होली मिलन समारोह संपन्न

### ▶▶ गुलाल लगाकर होली की दीं शुभकामनाएं

**नालासोपारा।** भाजपा वसई विरार शहर जिला सचिव सुनील तिवारी एवं नागेन्द्र तिवारी के मार्गदर्शन में नालासोपारा पूर्व के प्रगति नगर में रविवार की शाम होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा के प्रमुख पदाधिकारियों और समाज के गणमान्य लोगों ने भव्यता और उत्साह के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में नालासोपारा विधायक राजन नाइक, भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र पाटिल, मनोज बारोट, अभय कक्कड, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विनीत तिवारी, वसई विधानसभा चुनाव प्रभारी मनोज पाटिल, नालासोपारा आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज के संचालक डा. ओमप्रकाश दुबे, उद्योगपति विनोद शुक्ला, उत्तरभारतीय मोर्चा जिलाध्यक्ष संतोष यादव, उभामो तुलिंज मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा भाजपा मंडल जिला पदाधिकारियों सहित स्थानीय गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का परिचय देते हुए एक-दूसरे को गुलाल का टीका लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। आयोजन को सफल बनाने में निशांत तिवारी, चंद्रप्रकाश यादव, सुनील मिश्रा, रितु तिवारी, रेखा तिवारी, सुमन सिंह, विनोद पांडेय, अजित धीवर, आदित्य गुप्ता, शैलेंद्र कुमार, मनोज यादव ने विशेष भूमिका निभाई। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध फगुआ बेलवरिया गायक मनोज दुबे (मधुर) और गायिका प्रियंका मौर्या ने अपने सुमधुर भोजपुरी फगुआ गीत और भजनों से समा बांध दिया।



**नालासोपारा में भाजपा अचोले मंडल**

होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

# होली भाईचारे और आपसी स्नेह का पर्व : देवराज सिंह

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नालासोपारा।** भाजपा वसई विरार शहर जिला के नालासोपारा अचोले मंडल द्वारा होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन मंडल अध्यक्ष देवराज सिंह एवं संजय शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष देवराज सिंह ने कहा कि होली भाईचारे और आपसी स्नेह का पर्व है, जिसे सभी को मिलकर मनाना चाहिए। इस आयोजन में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रंगों के पर्व को हर्षोल्लास से मनाया। रविवार (16 मार्च) को अचोले क्षेत्र के गाला नगर स्थित भाजपा कार्यालय परिसर में हुए इस समारोह में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आपसी सौहार्द और एकता का संदेश देते हुए होली मनाई। इस अवसर पर नालासोपारा विधायक राजन नाईक, भाजपा प्रदेश नेता सुनील राजदेव सिंह, वसई विरार शहर जिलाध्यक्ष महेंद्र पाटिल, डा.ओम प्रकाश दूबे, डाक्टर दयानंद तिवारी, दिनेश त्रिपाठी, जिला महामंत्री जे.पी. सिंह, अभय काकड़, प्रज्ञा पाटिल, राजीव रतन, संतोष यादव, जोगेंद्र प्रसाद चौबे, अजीत अस्थाना सहित कई गणमान्य नेता उपस्थित रहे. सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। स्नेह मिलन कार्यक्रम में गायक कलाकार अजय परदेशी, खुशबू मिश्रा, राजेश यादव और उनकी म्यूजिकल ऑर्केस्ट्रा टीम ने होली के रसिया और फाग गीतों से समां बांध दिया।



**राघवेंद्र सेवा मंच का 26वां वार्षिक महोत्सव 23 को**

# सम्मानित होंगी छह विभूतियां

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नालासोपारा।** हिंदुत्व और सनातन धर्म के प्रचार और प्रसार को लेकर वर्षो से अनवरत समर्पित राघवेंद्र सेवा मंच का 26वां वार्षिक महोत्सव का आयोजन 23 मार्च दिन को नालासोपारा पूर्व के अंबाबाड़ी स्थित डिवाइन हाई स्कूल प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। संस्था अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि इस दौरान वसई विरार मनपा के पूर्व उप महापौर उमेश नाईक, शिवसेना के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुलाबचंद दुबे, यशोभूमि के कार्यकारी संपादक श्रीनारायण तिवारी, हिंदी भाषी जनता परिषद के अध्यक्ष विश्वनाथ दुबे, श्री सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी और शिवसेना उत्तर भारतीय संगठन के मुंबई प्रमुख जयप्रकाश सिंह को राघवेंद्र धर्म शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला करेंगे। भजन प्रस्तुति मे सुप्रसिद्ध लोकप्रिय गायक राकेश तिवारी (बबलू), गायिका ममता उपाध्याय, गायक राम अनुज पाठक, गायक सुनील तिवारी अपनी अपनी सुमधुर सुरीली आवाज से लोगों को मंत्र मुग्ध करेंगे। मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री रमेश दुबे, वसई की विधायक स्नेहा नवीन दुबे, नालासोपारा के विधायक राजन नाईक, प्रमुख अतिथि पूर्व विधायक क्षितिज हितेंद्र ठाकुर, उभा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.योगेश दुबे, भारतीय सदविचार मंच के संस्थापक डा. राधेश्याम तिवारी, पूर्व महापौर रूपेश जाधव,आशिर्वचन के रूप मे श्रीश्री 1008 श्री ब्रह्मऋषि महंत काशीदास महात्यागी महराज,जनरल सेक्रेट्री-फिल्म स्टूडियो अलाइड मजदूर यूनियन गंगेश्वरलाल श्रीवास्तव,भाजपा महामंत्री जे.पी.सिंह, अरविन्द सिंह (दारा) सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। राघवेंद्र सेवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्रा ने सभी सनातन प्रेमियों से अपील किया हैं कि आयोजन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर प्रसाद का लाभ ले एवं आयोजन की शोभा बढ़ाए।



**भायंदर में आयोजित 'मन रंग लो' कार्यक्रम**

# अपनों के बीच सम्मानित होने का गौरव विशेष आनंद देता : अनिल सिंह

### ▶▶ अतिरिक्त सोलिसिटर जनरल अनिल सिंह सम्मानित



**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य हिन्दी साहित्य अकादमी और 'अभियान'द्वारा प्रिं इंद्र बहादुर सिंह लाइब्रेरी, भायंदर पूर्व में आयोजित 'मन रंग लो' कार्यक्रम में अतिरिक्त सोलिसिटर जनरल एड. अनिल सिंह को श्रीगणेश मूर्ति, शॉल, अंगवस्त्र और पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष डा. सुधाकर मिश्र एवं मुख्य अतिथि अमरजीत मिश्र के हाथों सम्मानित होने के बाद उन्होंने कहा अपने समाज का सम्मान सबसे महत्वपूर्ण सम्मान होता है। मैं इससे अभिभूत हूं। डा. सुधाकर मिश्र की अध्यक्षता और सुरेश मिश्र के संचालन में रास बिहारी पांडेय, एड राजीव मिश्र, डा. सुरेन्द्र यादवेन्द्र और काव्या मिश्रा ने अपनी काव्य प्रस्तुति से उपस्थित काव्य रसिकों को भरपूर आनंदित किया। अभियान के कार्याध्यक्ष संतोष दीक्षित,संतोष दुबे, पूर्व नगरसेवक मनोज दुबे,स्नेहा पांडेय, श्रीप्रकाश सिंह मुन्ना आदि अनेक गणमान्य व्यक्तियों सहित सैकड़ों कविता प्रेमियों ने उपस्थिति से कार्यक्रम को संपन्न बनाया।

# जाट समाज का होली मिलन संपन्न

**मुंबई।** जाट समाज मुंबई की ओर से होली मिलन समारोह जाट समाज भवन सीवुड पश्चिम नवी मुंबई में धूमधाम से मनाया गया। जसराज सेन एंड पार्टी ने अपना संगीत मय एवं नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत करके लोगों का मन मोह लिया। सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली मनाई। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष धर्मपाल कलवानिया ने अधिक से अधिक संख्या में पधारे लोगों का स्वागत किया और उनका आभार व्यक्त किया। समाज में पधारे लोगों में राजू सारण, नंद रूप चौधरी, रामनिवास चौधरी, भागीरथ चौधरी,शमशेर सिंह, सत्यवीर सिंह, शिशुपाल,ईश्वर सिंह चौधरी, सरजीत, ओम जी जाट, जगदीश, लक्ष्मण, भंवरलाल, बृजलाल, शिवलाल, हीरालाल के अलावा समाज की महिलाओं एवं बच्चों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया।



**'परोपकार' संस्था का होली उत्सव 2025**

# ऐसे सामाजिक संस्थाओं की आवश्यकता जो समाज में बदलाव ला सके : नार्वेकर

- विस अध्यक्ष ने की संस्था के प्रगति और कार्यों की प्रशंसा
- सुरेश भगेरिया 'कर्मवीर सम्मान 2025' से सम्मानित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** मुंबई की प्रमुख सामाजिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्था 'परोपकार' ने 16 मार्च को गरवारे क्लब में होली उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। उत्सव में अतिथियों तथा सदस्यों का शानदार स्वागत किया गया। आगंतुकों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इस उत्सव में मुख्य अतिथि महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने संस्था की प्रगति और उल्लेखनीय सामाजिक कार्यों की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि देश में ऐसी समाजसेवी संस्थाओं की आवश्यकता है जो समाज की दशा व दिशा में बदलाव ला सके। उन्होंने प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं उद्योगपति, सत्कारमूर्ति सुरेश भगेरिया को शॉल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृतिचिन्ह देकर 'कर्मवीर सम्मान 2025' से सम्मानित किया। सत्कारमूर्ति भगेरिया ने परोपकार के प्रति अपनी सद्भावना व्यक्त की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के साथ संस्था के अध्यक्ष रामकिशोर दरक, ट्रस्टी शंकर केजरीवाल, कैलाश अग्रवाल, विजय लोहिया, प्रकाशचंद्र अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, रवि मोदी, आनंद शोरेवाला, प्रमोद गोयल, बृजेन्द्र कागज़ी, नवलकिशोर सोनी, घनश्याम पहलाजानी, महामंत्री नरेश बंसल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। संस्था अध्यक्ष रामकिशोर दरक ने सभी को होली की शुभकामनाएं व्यक्त की। समारोह में कलाकारों ने सुमधुर गीत-संगीत से लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन मयूर ने किया। आभार प्रदर्शन महामंत्री नरेश बंसल ने किया।

## छात्रों को मिलेगा प्रतियोगी परीक्षाओं में भागीदारी का अवसर : बावनकुले

■ तलाठी भर्ती परीक्षा 2023 में 391 उम्मीदवारों ने किया था आवेदन

**मुंबई।** कर्नाटक सीमावर्ती क्षेत्र के छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकार इन छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने का अवसर उपलब्ध करा रही है। इस संबंध में राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने विधान परिषद में जानकारी दी। सदस्य निरंजन डावखरे द्वारा उठाए गए प्रश्न का उत्तर देते हुए राजस्व मंत्री बावनकुले ने यह बात कही। इस दौरान सदस्य प्रवीण दरेकर ने भी चर्चा में भाग लिया। कर्नाटक सीमावर्ती क्षेत्र के छात्रों के लिए प्रतियोगी परीक्षा केंद्र और कौशल विकास केंद्र स्थापित किए जाएंगे। राज्य सरकार इन सभी छात्रों के साथ है और उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक सभी प्रकार के प्रशिक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा, राज्य में आयोजित तलाठी भर्ती प्रक्रिया के दौरान कर्नाटक सीमावर्ती क्षेत्र के छात्रों को आवेदन करने का अवसर दिया गया था। तलाठी भर्ती परीक्षा 2023 के लिए लगभग 391 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था।

# मुंबई वॉकथॉन 2025 फ्लैग-ऑफ आयोजन

**मुंबई।** 'जस्ट वॉक इंडिया फास्ट एंड अप' मुंबई वॉकथॉन 2025 के 10 किलोमीटर के फ्लैग-ऑफ आयोजन के अवसर पर बीएमसी के नगर आयुक्त डा.भूषण गगरानी(आईएएस), रियर एडमिरल अनिल जग्गी, महाराष्ट्र नौसेना क्षेत्र के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग, शिल्पा खन्ना, सह-संस्थापक और सीएफओ, फास्ट एंड अप और विनय भरतिया, सह-संस्थापक शामिल हुए।




**भिवंडी में राजपुरोहित समाज का पांचवां होली सम्मेलन**

# होली स्नेह-मिलन व गेर प्रतियोगिता संपन्न

**सुरेश पाड़ीव/जागरूक टाइम्स**

**ठाणे।** राजपुरोहित समाज भिवंडी की ओर से होली स्नेह मिलन समारोह व गेर प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। पांचवा होली सम्मेलन को लेकर राजपुरोहित समाज बंधुओं में बड़ा उत्साह देखा गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम राजपुरोहित समाज के आराध्य भगवान संत श्री 1008 खेतेश्वर दाता की तस्वीर को माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर आरती की गई। उसके बाद राजस्थानी ढोल व थाप की ताल पर गैरियों ने शानदार नृत्य कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सम्मेलन में समाज बंधुओं ने ठंडाई व जलपान का आनंद लिया। राजपुरोहित समाज भिवंडी की ओर से भाजपा विधायक महेश चौगुले,भिवंडी नगरपालिका के सभापति मनोज काटेकर, नगरसेवक श्याम अग्रवाल का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर देवेंद्र मोहबतगर, रूप सिंह ओडवाड़ा, चैनसिंह शंखवाली, चंदन सिंह बारवा, खुशाल भटाना, अशोक सिंह ऊन, रमेश सिंह चांदना,रामलाल भाबा, प्रकाश वाण, उत्तम बरलूट, सुरेश भामरा, शिवलाल वराडा, गणेश मंडवाड़ा, नवनीत सिंह रमेश मनोरा गिरधारी वराडा, फूलचंद फूंगनी, अशोक चांदना, दलपत अजारी, लक्ष्मण पोसिंतरा, बलवंत काछोली, विजयराज पोसिंतरा, अमृतलाल कैलाशनगर,परबत धानता,अमृतलाल मकावल, विनोद सवराटा, अमृतलाल वलदरा, नरपत सिंह बारवा, मोहन लाल कैलाश नगर, गुलाब धनता लक्ष्मण सिंह, गणपत सिंह जसनगर, सुरेश सवराटा,रमेश मनोरा,चंपालाल ठाकुरला,दिनेश दांतराई, झालाराम वाण, गणेश तंवरी, प्रवीण डूंगरी, भूरसिंह भाबा,रतन सिंह, गोपाल सिंह, नारायण सिंह, शंकर सिंह, विनोद, ताराचंद,विक्रम सिंह, गुमान सिंह, अमर सिंह, थानमल समेत महिलाओं का भी समावेश रहा।



**विधायक चौगुले का कार्यक्रम में स्वागत**



■ **मुंबई।** उड़ान द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में संस्था की ओर से 'ईटार के एमडी' करनाराम माली को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते संस्था के उपाध्यक्ष भरत कोठारी, दिनेश फौलामुथा एवं अन्य सम्मानीय सदस्यगण।

**विशेष सूचना**

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

# साइबर क्रिमिनल को 300 सिम किए सप्लाई, दो आरोपी गिरफ्तार

**33 फर्जी सिम से 50 लाख से ज्यादा के साइबर फ्रॉड केस दर्ज**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर पुलिस ने अनपढ़ मजदूरों के नाम से अनगिनत मोबाइल सिम लेकर साइबर क्रिमिनल्स को सप्लाई करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एयरटेल और वीआई की सिम बेचने वाला रिटेलर मोबाइल शॉप संचालक है। दोनों आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 104 सिम कार्ड, 31 मोबाइल फोन, 2 फिंगर प्रिंट स्कैनर, 1 चेक बुक, 5 एटीएम कार्ड, 9 हस्ताक्षर किए हुए खाली चेक, आधार, पैन कार्ड और हिसाब की डायरी भी बरामद की है। फर्जी तरीके से जारी करीब 300 मोबाइल सिम में से 33 सिम से देश के विभिन्न इलाकों में 38 शिकायत दर्ज हो चुकी हैं, जिनमें 50 लाख रुपए से ज्यादा की साइबर फ्रॉड की वारदात होना सामने आया है।

डीसीपी (वेस्ट) राजर्षि राज वर्मा ने बताया-साइबर क्रिमिनल्स के नेटवर्क को तोड़ने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी बीच एक सूचना मिली कि जोधपुर शहर में सालावास रोड पर राहुल मोबाइल वाला एयरटेल कंपनी की करीब 40 सिम फर्जी तरीके से जारी कर चुका है।



### एक आरोपी के नाम पांच-पांच सिम जारी

पुलिस टीम ने फर्जी तरीके से जारी कुछ मोबाइल सिम के नंबरों की डिटेल खंगाली, तो पता चला कि एक-एक व्यक्ति के नाम से 4-4 या 5-5 मोबाइल सिम जारी हुई है। इस पर पुलिस टीम में शामिल एसआई सुरेश कुमार, डीएसटी प्रभारी एसआई पिंटू कुमार, बासनी थाने के हेड कॉन्स्टेबल दिनेश, साइबर एक्सपर्ट कॉन्स्टेबल जगदीश, कॉन्स्टेबल दिनेश नायल, रामदीन, सुरेश कुमार व शंकरलाल की टीमों ने उन लोगों को ढूंढा, जिनके नाम से मोबाइल सिम जारी हुई थी। उन लोगों से पूछताछ की, तो उन्होंने खुद के नाम से दूसरी सिम होने से अनभिज्ञता जताई, लेकिन इन सभी ने राहुल मोबाइल वाला से ही एक सिम लेना बताया। ऐसे ही एक व्यक्ति मूलतया यूपी के लखनऊ में मणियाउ थानांतर्गत छठा मील मुस्लिम नगर सीतापुर रोड हाल सांगरिया फांटा राधे कृष्णा विहार निवासी सूरज सिंह पुत्र विजय सिंह ने पुलिस को बताया कि उसने सितंबर 2024 में अपनी बीएसएनएल सिम पोर्ट कराने के लिए राहुल कुमार झा मोबाइल वाला से संपर्क किया था।



### साक्ष्य मिलते ही पुलिस ने धर दबोचा

पुलिस टीम ने मूलतया बिहार के मधुबनी में राजनगर थानांतर्गत कैथई हाल सांगरिया फांटा राधा कृष्ण विहार निवासी राहुल कुमार झा (30) पुत्र रमन झा और उसके साथी मूलतया फलोदी के देणोक हाल सांगरिया इंद्रा नगर निवासी मोहम्मद इकबाल (25) पुत्र इब्राहिम अली तेली को गिरफ्तार कर लिया। इन दोनों को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया।

दोनों आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि मजदूरों के नाम से वे अब तक तकरीबन 300 से ज्यादा मोबाइल सिम फर्जी तरीके से एक्टिवेट करके साइबर फ्रॉड करने वाले गिरोह के नेटवर्क को दे चुके हैं।

इनमें से 33 सिम के नंबरों की ही छानबीन में देशभर में 36 शिकायत दर्ज होने और इनके जरिए तकरीबन 50 लाख रुपए से ज्यादा की साइबर फ्रॉड की वारदातें होना सामने आया है।

## मीरानगर पॉश कॉलोनी में दिखी लेपर्ड की झलक

**उदयपुर।** उदयपुर शहर में आबादी क्षेत्र में एक कॉलोनी में लेपर्ड का मूवमेंट देखा गया है। पिछले दिनों एक घर के बाहर



सीसीटीवी कैमरे में भी देखा गया था। वहीं दो दिन पहले एक कुत्ते का भी शिकार किया था। उदयपुर शहर के शोभागपुरा क्षेत्र के पास स्थित मीरानगर कॉलोनी में लेपर्ड से लोग भयभीत है। मीरानगर सी ब्लॉक विकास समिति के अध्यक्ष महावीर सिंह शेखावत ने बताया कि इन दिनों लेपर्ड का यहां मूवमेंट होना सामने आया है। अब धुलंडी की रात को मीरानगर C ब्लॉक में गीतांजली एनक्लेव में लेपर्ड ने रात को एक कुत्ते का शिकार किया। प्रत्यक्षदर्शी विमल जैन ने बताया- रात करीब 10 बजे लेपर्ड गीतांजलि एनक्लेव के पास कुत्ते का शिकार करने बाद शिकार लेकर पास ही निर्माणाधीन भवन के पास लेकर गया और वहां उसे खाते देखा।

# पिता-पुत्र ने मिलकर रिश्तेदार को पीटा, इलाज के दौरान मौत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** होलिका दहन को लेकर हुई कहासुनी के बाद पिता-पुत्र ने मिलकर एक व्यक्ति की पिटाई कर दी थी। घायल व्यक्ति की जोधपुर के मथुरादास माथुर हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई। अब मृतक परिजनों की रिपोर्ट पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी वेस्ट राजर्षि राज ने बताया-मामले में आरोपी नरेंद्र नाथ (32) पुत्र डगरनाथ निवासी पालड़ी नाथा, परमेश्वर नाथ (28) पुत्र डगरनाथ और डगरनाथ (62) पुत्र रूपनाथ को गिरफ्तार किया गया है। 14 फरवरी को अशोक नाथ निवासी पालड़ी नाथा ने थाने में रिपोर्ट दी थी। बताया कि 13 मार्च की रात 10:30 बजे के करीब बैजनाथ मंदिर के पास होली का कार्यक्रम हो रहा था। इस दौरान आरोपी ने उसके भाई परमेश्वर नाथ के साथ मारपीट की, जिससे उसका भाई घायल हो गया। हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

**तीन गिरफ्तार**



### आरोपी और मृतक आपस में रिश्तेदार

आरोपी और मृतक के दादा सगे भाई थे और दोनों पक्षों के बीच आपसी रंजिश है इसके चलते मृतक परमेश्वर नाथ के खिलाफ आज से करीब 6 महीने पहले भी आरोपियों की ओर से खुद की गाड़ी जलाने को लेकर मामला दर्ज करवाया था। जिसमें आरोपी मृतक परमेश्वर नाथ के खिलाफ चालान भी पेश किया गया था। घटना के बाद से दोनों पक्षों के बीच आपसी मनमुटाव था होलिका दहन के पश्चात दोनों पक्षों में आपसे कहासुनी और मारपीट हो गई। इस मारपीट में परमेश्वर नाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे मथुरादास माथुर हॉस्पिटल इलाज के लिए लाया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## 19 से 21 तक जोधपुर आईआईटी में थ्राइव 2025

**जोधपुर।** सतत विकास के लिए स्टार्टअप, नवाचार और उद्यमिता के जरिए थार पारिस्थितिकी तंत्र को बदलने पर मंथन के लिए जोधपुर आईआईटी में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन थ्राइव-2025 19 से 21 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (INSA) और अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा, पर्यावरण और स्थिरता सोसायटी (ISEES) के सहयोग से आयोजित होने वाले इस आयोजन में देश के कई स्टार्टअप के सीईओ, नामी उद्यमी, इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स और शिक्षाविद हिस्सा लेंगे। आईआईटी की ओर से जारी जानकारी के अनुसार सम्मेलन की थीम पर पैनल चर्चा का नेतृत्व आईएनएसए के अध्यक्ष प्रो. आशुतोष शर्मा और आईआईटी जोधपुर के निदेशक प्रो. अविनाश अग्रवाल करेंगे।

इस आयोजन में नीति आयोग सदस्य डॉ. वी.के. सारस्वत, बिट्स पिलानी के ग्रुप वाइस चांसलर प्रो. रामगोपाल राव, BHEL के पूर्व चेयरमैन एंड एमडी डॉ. नलिन सिंघल, पूणे सीएसआईआर के निदेशक प्रो. आशीष लेले, जयपुर एमएनआईटी के निदेशक प्रो. एन.पी. पाढ़ी, मोहाली आईआईएसईआर के निदेशक प्रो. अनिल के. त्रिपाठी, एनआईटीके सूरतकल के निदेशक प्रो. बी. रवि और आईआईटी रोपड़ के निदेशक प्रो. राजीव आहूजा सहित 150 से अधिक प्रबुद्धजन हिस्सा लेंगे। इनमें प्रख्यात वैज्ञानिक, उद्योग जगह के लीडर, नीति निर्माता, उद्यमी और अग्रणी स्टार्टअप के सीईओ शामिल हैं।

**इन विषयों पर विशेषज्ञ करेंगे मंथन**

थ्राइव-2025 का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण और आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक साझेदारी का मार्ग प्रशस्त करते हुए नवाचार को बढ़ावा देना है, ताकि, उचित समाधान की दिशा में आगे बढ़ा जा सके। तीन दिवसीय कार्यक्रम के अलग-अलग सत्र में सतत व्यवसाय के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी, उभरती प्रौद्योगिकियों की स्थिरता, स्टार्टअप और निवेशक सम्मेलन, सरकार-उद्योग सहयोग, अपशिष्ट प्रबंधन और उपचार, जलवायु परिवर्तन अनुकूलन और शमन, रेगिस्तानी जल उपचार और प्रबंधन, शुष्क क्षेत्रों में नियमित कृषि, ग्रीन एनर्जी सॉल्युशन, सांस्कृतिक पर्यटन, कला और विरासत तथा कपड़ा उद्योग में सतत विकास पर मंथन होगा।

## जैसलमेर में 11 साल की बच्ची का अपहरण

**स्कूटी पर ले गई महिला**

**जैसलमेर।** जैसलमेर के डांगरा पाड़ा में रविवार रात घर के बाहर खेल रही एक 11 साल की बच्ची का किडनैप हो गया। नाबालिग बच्ची के अनुसार एक महिला स्कूटी पर नकाब पहनकर आई और उसे गली में अकेले देख



पकड़कर चेहरे पर कपड़ा डाला और स्कूटी के आगे बैठाकर ले भागी। बच्ची ने खुद को छुड़ाने का प्रयास किया मगर वो सफल नहीं हुई। करीब 300 मीटर दूर जाने पर मौका देख उसने महिला के पैर पर जोर से काटा तो उसने झल्लाकर उसे छोड़ दिया और स्कूटी लेकर फरार हो गई।

घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों ने कोतवाली थाने में मामला दर्ज करवाया। अब कोतवाली पुलिस की टीम CCTV कैमरों की पड़ताल कर महिला की तलाश कर रही है। शहर में हुई इस घटना से हड़कंप मचा हुआ है।

बालिका के पिता गिरिराज शर्मा ने बताया कि रविवार देर शाम उनकी बच्ची अपने दादा-दादी के घर शहर स्थित डांगरा पाड़ा आई हुई थी। वो गली में खेल रही थी। इस दौरान अकेली होने पर एक महिला मुंह पर मास्क लगाए हुए स्कूटी पर आई और पता पूछने के बहाने से बच्ची को बहलाया फुसलाया और अकेली पाकर उसके चेहरे पर कपड़ा डालकर स्कूटी के आगे बैठाया और पैरों में जकड़ कर किडनैप करके ले गई।

## FRT वाहन ने कार और बाइक को टक्कर मारी

**बालोतरा।** बालोतरा के छतरियों का मोर्चा, रावली गली में बिजली विभाग की फॉल्ट रेस्टोरेशन टीम (FRT) के वाहन से बड़ा हादसा होते-होते बच गया। रविवार रात को ट्रांसफॉर्मर मरम्मत के लिए आए FRT वाहन का हैंड ब्रेक नहीं लगाने की लापरवाही सामने आई। वाहन अचानक पीछे की ओर लुढ़क गया। इस दौरान गली में खड़ी एक कार और मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मोटरसाइकिल को भी काफी नुकसान पहुंचा। घटना के बाद मोहल्ले में भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने वाहन चालक को रोक लिया। हादसे में किसी की जान को नुकसान नहीं पहुंचा। हालांकि वाहन मालिकों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अगर समय रहते वाहन को नहीं रोका जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था।



## जैसलमेर: सैलानियों को परेशान करते दो लड़के गिरफ्तार

**कमीशन के चक्कर में कर रहे थे पीछा**

**जैसलमेर।** जैसलमेर पुलिस ने ऑपरेशन वेलकम के तहत कार्रवाई करते हुए दो लड़कों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों लपके सैलानियों का पीछा कर उनको अपनी होटलों में ले जाने के लिए परेशान कर रहे थे। शहर कोतवाल प्रेमदान की टीम ने कार्रवाई करते हुए भाय खान, निवासी इसानियो का गांव हाबुर को पकड़ा। वहीं सम थानाधिकारी सुरजाराम की टीम ने मुबीन खान, निवासी सगरो की बस्ती सम को गिरफ्तार किया। दोनों सैलानियों को होटल व रिसोर्ट में ले जाने के लिए परेशान कर रहे थे।



दोनों को पकड़कर थाने लाया गया जहां पर्यटन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। शहर कोतवाल सवाई सिंह ने बताया कि पर्यटन सीजन के आगाज के साथ ही शहर में सैलानियों कि आवक शुरू हो गई है। ऐसे में कमीशन पर अपनी होटलों में ले जाने के लिए लपके भी सक्रिय हो गए हैं। जैसलमेर पुलिस इनको लेकर ऑपरेशन वेलकम अभियान चला रही है और लगातार लपकों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। एसएचओ सवाई सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस ने एक लपके को सैलानियों का पीछा कर उनको विजिटिंग कार्ड दिखाकर अपनी होटलों में ला जाने के लिए परेशान करते देखा। पुलिस ने तुरंत ही युवक भाय खान, निवासी इसानियो का गांव हाबुर को पकड़ा। पकड़ने के दौरान जानकारी में आया कि ये लपका है और कमीशन के चक्कर में सैलानियों को होटलों में कमरे आदि दिलाता है। ऐसे में कई बार सैलानियों के साथ ठगी की घटना भी होती है। वहीं सम थानाप्रभारी सुरजा राम ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस ने एक लपके को सैलानियों का पीछा कर उनको विजिटिंग कार्ड दिखाकर अपने रिसोर्ट में ला जाने के लिए परेशान करते देखा। पुलिस ने तुरंत ही युवक मुबीन खान, निवासी सगरो की बस्ती सम को गिरफ्तार किया। मुबीन खान कमीशन के चक्कर में सैलानियों को रिसोर्ट में टैंट आदि दिलाता है।

## मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 920 | 918 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 270 | 271 |
| जिंक स्लैब | 283 | 280 |
| लीड इन्गॉट | 184 | 185 |
| टिन स्लैब | 3138 | 2978 |
| निकल | 1450 | 1483 |
| सभी दरें रूपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रेप | 854 | 848 |
| कॉपर हैवी स्क्रेप | 844 | 838 |
| कॉपर आर्मेचर | 834 | 826 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 775 | 765 |
| कॉपर सीट | - | - |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 555 | 548 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 595 | 595 |
| एल्युमिनियम | 200 | 200 |

**लंदन मेटल मार्केट**
तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी- |
|---|---|---|
| कॉपर | 2780 | -2775 |
| टिन | 35112 | +25 |
| लीड | 2074 | 6925 |
| जिंक | 2951 | -1275 |
| एल्युमिनियम | 2708 | -4525 |
| निकल | 16180 | +300 |

# व्यापार जगत

## गौतम अडानी और उनके भाई को राहत

**388 करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी का था पूरा मामला**

**नई दिल्ली।** भारत और एशिया के दूसरे सबसे बड़े रईस गौतम अडानी और उनके भाई राजेश अडानी को धोखाधड़ी के एक मामले में बड़ी राहत मिली है। यह अडानी मामला अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (AEL) के शेयर की कीमतों में कथित हेरफेर से जुड़ा है। बिजनस स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट में बार एंड बेंच के हवाले से बताया गया है कि बॉम्बे हाई कोर्ट ने इस मामले में अडानी बंधुओं को बरी कर दिया। गौतम अडानी इस कंपनी के चेयरमैन हैं जबकि राजेश अडानी इसके मैनेजिंग डायरेक्टर हैं। यह मामला सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन ऑफिस (SFIO) द्वारा दर्ज किया गया था। हाई कोर्ट ने सेशंस कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें अडानी बंधुओं और AEL को लंबे समय से चले आ रहे मामले से बरी करने से इनकार किया गया था। इस मामले में अडानी बंधुओं पर बाजार नियमों के उल्लंघन करके 388 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप था। अडानी बंधुओं और AEL ने सेशंस कोर्ट के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। उनकी तरफ से पेश वकीलों ने अपनी दलील में कहा कि उनके मुवक्किल के खिलाफ कार्यवाही जारी रखने का कोई आधार नहीं है।



SFIO ने इस मामले में 2012 में एक चार्जशीट दायर की थ। इसमें आरोप लगाया गया था कि AEL और अडानी बंधुओं ने शेयर ब्रोकर केतन पारेख के साथ मिलकर शेयर की कीमतों में हेरफेर की थी। केतन पारेख 1999-2000 के भारत के सबसे बड़े शेयर बाजार घोटाले के मुख्य सूत्रधार थे। साल 2014 में एक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने AEL और अडानी बंधुओं को इस मामले में बरी कर दिया था। लेकिन नवंबर 2019 में मुंबई की एक सेशंस कोर्ट ने इसे पलट दिया था। एक पुनरीक्षण याचिका पर सेशंस कोर्ट ने कहा कि SFIO की जांच में 'प्रथम दृष्टया' यह सामने आया है कि AEL के शेयरों में कथित हेरफेर के माध्यम से अडानी ग्रुप के प्रमोटरों ने 388.11 करोड़ रुपये और केतन पारेख ने 151.40 करोड़ रुपये का गैरकानूनी लाभ कमाया। सेशंस जज ने तब कहा था कि अडानी बंधुओं के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए पर्याप्त आधार हैं। पद छोड़ते ही मुश्किल में घिरीं सेबी चीफ माधबी बुच, धोखाधड़ी के मामले में FIR का आदेश इसके बाद, हाई कोर्ट ने दिसंबर 2019 में सेशंस कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी और उसके बाद इस रोक को कई बार-बार बढ़ाया गया था। फरवरी 2023 में, हाई कोर्ट ने SFIO से मामले को आगे बढ़ाने में देरी के बारे में सवाल किया था। SFIO केंद्रीय कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के तहत एक एजेंसी है।

## मारुति के बाद अब टाटा की गाड़ियां भी होंगी महंगी

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी कमर्शियल वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने 1 अप्रैल 2025 से अपनी गाड़ियों की कीमत बढ़ाने की घोषणा की है। कंपनी ने बताया कि बढ़ती लागत के चलते यह कदम उठाना जरूरी हो गया है। ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में कच्चे माल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिसका असर कंपनी के खर्चों पर पड़ रहा है। टाटा मोटर्स अपने कमर्शियल वाहनों यानी ट्रकों की कीमत में 2% तक की बढ़ोतरी करेगी।





यह बढ़ोतरी अलग-अलग मॉडल और वेरिएंट के हिसाब से अलग-अलग होगी। इससे पहले मारुति ने भी अप्रैल से अपनी गाड़ियों की कीमत में 4 फीसदी तक बढ़ोतरी करने की घोषणा की। टाटा मोटर्स ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा, कि 1 अप्रैल 2025 से उसके कमर्शियल वाहनों की रेंज में 2% तक की मूल्य वृद्धि होगी।

बढ़ते इनपुट कॉस्ट को संतुलित करने के लिए मूल्य वृद्धि की जा रही है और यह प्रत्येक मॉडल और वेरिएंट के अनुसार अलग-अलग होगी। कंपनी का कहना है कि बढ़ती लागत के कारण उसके लिए यह कदम उठाना जरूरी हो गया है। इससे पहले भारत की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी ने भी अप्रैल 2025 से अपनी सभी गाड़ियों की कीमतों में 4% तक की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। कंपनी ने इसके पीछे कई कारण बताए हैं। कच्चे माल की बढ़ती कीमतें, ट्रांसपोर्टेशन का खर्चा बढ़ना और महंगाई का बढ़ना, इन सब कारणों से कंपनी को यह फैसला लेना पड़ा है। कंपनी का कहना है कि कच्चे माल की कीमतों में लगातार इजाफा हो रहा है। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भी उतार-चढ़ाव बना हुआ है।

## आप का राशिफल 18 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-1-3-5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-3-6-9

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-5-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-3-6-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-4-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगें। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-2-4-6

## सेंसेक्स 361 अंक चढ़कर 74,190 पर बंद

**निफ्टी में 111 अंकों की तेजी रही**
**बैंक, फार्मा और ऑटो शेयर चढ़े**

**मुंबई।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन आज यानी, सोमवार (17 मार्च) को सेंसेक्स 361 अंक चढ़कर 74,190 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 111 अंकों की तेजी रही, यह 22,508 के स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार में फार्मा, बैंक और ऑटो शेयर सबसे ज्यादा चढ़े। निफ्टी फार्मा इंडेक्स सबसे ज्यादा 1.56% की तेजी रही। बैंक और ऑटो शेयर भी करीब 1% चढ़कर बंद हुए। रियल्टी, एफएमसीजी और मीडिया सेक्टर में करीब 0.50% की गिरावट रही। वहीं सेंसेक्स पर बजाज फिनसर्व, M&M और एक्सिस बैंक टॉप गेनर रहे।





### 30 में से आठ शेयरों में तेजी और 22 में दिखी गिरावट

- सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 8 में तेजी और 22 में गिरावट रही। स्टेट बैंक, ICICI बैंक और पावरग्रीड के शेयर में तेजी जबकि टाटा मोटर्स में 2.0%, इंडसइंड बैंक में 1.78% और जोमैटो में 1.34% की गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 12 में तेजी, जबकि 38 में गिरावट रही। NSE के रियल्टी में 1.83%, मीडिया में 1.50% और ऑटो सेक्टर में 1.10% की गिरावट रही।

### ग्लोबल मार्केट में भी तेजी

- एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.93%, हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.77%% और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.19%% की तेजी रही।
- 14 मार्च को अमेरिका का डाओ जोंस 1.65% चढ़कर 41,488 पर बंद हुआ। नैस्डेक कंपोजिट 2.61% और S&P 500 इंडेक्स 2.13% चढ़ा।
- 13 मार्च को विदेशी निवेशकों (FIIS) ने 792 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों (DIIS) ने 1,723 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

## नवरत्न कंपनी ने किया डिविडेंड का ऐलान

**मुंबई।** सरकारी नवरत्न कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड (NMDC Ltd) ने डिविडेंड देने का ऐलान किया है। कंपनी की तरफ से इसकी जानकारी सोमवार यानी साझा की गई। निवेशकों की निगाह भी बोर्ड पर टिकी हुई थी। शायद यही वजह थी कि आज कंपनी के शेयरों में तेजी देखने को मिली है। NMDC Ltd ने एक्सचेंज को दी जानकारी में कहा है कि 1 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 2.30 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा। कंपनी चालू वित्त वर्ष के लिए पहली बार डिविडेंड देने का फैसला की है। एनएमडीसी लिमिटेड ने इस डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट का भी ऐलान किया है। कंपनी ने बताया है कि इस पहले अंतरिम डिविडेंड के लिए 21 मार्च की तारीख रिकॉर्ड डेट तय की गई है। यानी डिविडेंड का लाभ लेने की सोच रखने वाले निवेशकों के पास इस दिन कंपनी के शेयर रहने चाहिए। एनएमडीसी लिमिटेड के शेयर आज यानी सोमवार को बढ़त के साथ 64.50 रुपये के लेवल पर खुले थे। दिन में कंपनी के शेयर 2 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ 65.47 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। बाजार के बंद होने के समय पर कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में 64.96 रुपये के लेवल पर था। भले ही आज कंपनी के शेयरों में तेजी देखने को मिली हो। लेकिन लम्बे समय से यह स्टॉक संघर्ष करता नजर आ रहा है। महज तीन महीने में एनएमडीसी लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में 14 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। वहीं, एक साल में स्टॉक का भाव करीब 2 प्रतिशत टूटा है। जबकि इसी पीरियड में सेंसेक्स इंडेक्स में 2 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। बता दें, कंपनी का 52 वीक हाई 95.35 रुपये है। कंपनी का 52 वीक लो लेवल 59.70 रुपये है।

- रिकॉर्ड डेट 21 मार्च को, शेयरों का भाव 70 रुपये से कम

# रुगाराम मृत्यु प्रकरण: दोषी चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई हो

## >>> परिवार ने लगाया था आरोप, एएसपी को सौंपा ज्ञापन

## >>> निष्पक्ष जांच, सरकारी नौकरी की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जालोर में रविवार की रात करीब 8 बजे गर्ग समाज के लोगों ने जालोर एएसपी मोटाराम को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि रूगाराम ने अपनी पेट की बीमारी को लेकर आत का ऑपरेशन कराया था। जिस डॉक्टर के द्वारा गलत आंत काटने से रूगाराम की मौत होने का आरोप लगाया था। मामले में निष्पक्ष जांच करने के साथ परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की गई है। जालोर जिलाध्यक्ष हड़मताराम गर्ग ने बताया कि गर्ग (गुरु) समाज विकास संस्थान राजस्थान के प्रदेश सचिव रणछोड़ गर्ग रविवार की शाम को जालोर पहुंचे। जहां उन्होंने समाज के वरिष्ठ व युवाओं के साथ भीनमाल रोड पर स्थित गर्ग आश्रम में बैठक लेकर समाज के युवा रूगाराम को न्याय दिलाने सहित विभिन्न चर्चा की। इसके बाद सभी एकत्रित होकर जालोर एसपी ज्ञानचंद्र यादव के निवास स्थान पर पहुंच कर एएसपी मोटाराम को ज्ञापन दिया।



### यह था मामला

उन्होंने बताया कि तिजोपुरा निवासी रूगाराम पुत्र खीमाराम गर्ग को पेट की बीमारी होने के कारण 10 मार्च को जालोर के श्रीराम हॉस्पीटल में ऑपरेशन कराया था। इस दौरान डॉ सौरभ त्रिवेदी ने ऑपरेशन किया। इसके बाद फिर से तबीयत ज्यादा खराब होने से जोधपुर श्रीराम अस्पताल रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों ने बताया कि रूगाराम का ऑपरेशन गलत हुआ है। इस दौरान दूसरी बार ऑपरेशन करते समय उसकी मौत हो गई। जिस पर परिजनों ने डॉ सौरभ त्रिवेदी व हॉस्पिटल इंचार्ज अजाराम चौधरी पर लापरवाही पूर्वक ऑपरेशन के दौरान गलत आत काटने से रूगाराम की मौत होने का आरोप लगाया।

### यह भी रहे मौजूद

इस दौरान गर्ग समाज विकास संस्थान, राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष रणछोड़ गर्ग, नारायण लाल प्रदेश सह सचिव, आनंदीलाल प्रदेश मंत्री, पंकज कुमार आसन, बांसवाड़ा जिला महामंत्री हरिदेव गर्ग, संगठन मंत्री बलवंत, जालोर जिलाध्यक्ष हड़मता राम गर्ग, प्रदेश संयोजक आइटी भरत सोलंकी, रमेश गर्ग पोषाणा, मांगीलाल, अर्जुन लाल गर्ग, जालोर नगर ब्लॉक अध्यक्ष भागीरथ गर्ग, जालोर ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष नोपा राम गर्ग, भंवरलाल, पारस गार्गी, धर्मेंद्र, गोपीलाल, मिश्रीमल, कमलेश, इंद्र, पारस, राजू, चम्पा लाल, सूजाराम, सुरेश थावला व अशोक सहित बड़ी संख्या में गर्ग समाज के लोग मौजूद रहे।

### उच्च स्तरीय जांच हो

समाज ने निष्पक्ष जांच कराने, डॉ सौरभ त्रिवेदी व अस्पताल इंचार्ज डॉ अजाराम चौधरी पर हत्या का मामला दर्ज करने, रूगाराम सहायक ग्राम सेवक के रूप में नियुक्त जिसे सरकारी नौकरी मानते हुए परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने व श्रीराम हॉस्पिटल में अब तक बिगड़े सभी मामलों की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की।

## भाजपा जिलाध्यक्ष का माहेश्वरी समाज ने किया स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** माहेश्वरी कॉलोनी में नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित का माहेश्वरी समाज के पूर्व अध्यक्ष सवाईसिंह मुहूंता की ओर से साफा माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा नेता केराराम चौधरी,मंडल अध्यक्ष महेंद्र सोलंकी, पार्षद शंकरलाल राठी, किशोर सांखला, पूर्व प्रतिपक्ष नेता प्रवीण दवे, भरतसिंह भोजानी, मुकेश माहेश्वरी, जयंतीलाल घांची, दिग्विजय सिंह दहिया, सुरेश वोरा आनंद भूतड़ा, भगवानदास राठी, बंशीधर राठी, पुरुषोत्तम शारदा, शंकरलाल चांडक, ओमप्रकाश माहेश्वरी, पीताम्बरदास करवा, नवल किशोर राठी, भगवानदास चांडक, भरत शारदा, राजेश राठी, विनोद राठी, सारंगमल माहेश्वरी व सुरेश शारदा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।



**भीनमाल।** खाद्य व्यापार संघ की बैठक स्थानीय कार्यालय में आयोजित हुई। जिसमे भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित का साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान सयुंक्त व्यापार संघ अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अर्जुनसिंह भूतेल, सुरेश अग्रवाल, सरदाराराम सांखला, रेडीमेड एसोसिएशन अध्यक्ष श्रवणसिंह राव, मुकेश खंडेलवाल, केराराम चौधरी, भरतसिंह भोजाणी, जोरावरसिंह राव, प्रेमसिंह राजपुरोहित, स्टेशनरी एसोशिएसन अध्यक्ष देवेन्द्र भंडारी, लक्ष्मण भजवाड़, नवलकिशोर राठी, भगवानदास राठी, प्रवीण दवे, महेंद्र सोलंकी, मणियारी फुटवियर एसोसिएशन अध्यक्ष भोपालसिंह दूदवा, मोहनलाल घांची, जवानाराम घांची, दिनेश माली, मूलाराम घांची, पारस सोनी, रमेशसिंह, शंकरलाल माहेश्वरी, प्रवीणसिंह राव, मुकेश माहेश्वरी, सेनेट्री एसोसिएशन अध्यक्ष गौतम घांची व तरुण परमार सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद थे।

## फार्मर रजिस्ट्री शिविर में किसानों को मिल रही यूनिक आइडी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिले में डिजीटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (एग्रीस्टैक) योजना के तहत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के लिए अभियान चलाकर फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें किसानों द्वारा पंजीयन करवाने पर 11 अंकों की यूनिक फार्मरआईडी दी जा रही हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने बताया कि एग्रीस्टैक योजना के तहत 18 मार्च तक नोसरा व चूण्डा, 19 मार्च तक चांदराई, पादरली, रायथल, देवकी, बैरठ, सांफाड़ा, तीखी, उम्मेदाबाद, आकोली, रायपुरिया, जालमपुरा, विशाला, सांगाणा, बागोड़ा, नवापुरा ध्वेचा, नया मोरसीम, नरसाणा, कुड़ा, मैत्रीवाड़ा, मौखातरा, रामपुरा, किलवा, विरोल बड़ी, बिजरोल खेड़ा, सुरावा, सरनाऊ, सिपाईयों की ढाणी, सुराचंद, सूथड़ी, सिवाड़ा व निम्बाऊ ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। वर्तमान में शिविरों में निःशुल्क पंजीकरण की सुविधा किसानों को प्राप्त हो रही हैं। वही शिविरों में पंजीयन नहीं करवाने वाले किसानों को बाद में सशुल्क पंजीकरण करवाना होगा।

## घर में घुसकर चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** स्थानीय पुलिस ने घर में घुसकर चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया। जोधपुर रेंज आईजी विकासकुमार के निर्देशानुसार रेंज में अवैध गतिविधियों/मादक पदार्थ शराब तस्करी/वांछित अपराधियों के विरूद्ध भौकाल अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव के निर्देशन में जिले में सम्पति सम्बंधी अपराधों की रोकथाम हेतु की जा रही कार्यवाही के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा व पुलिस उप अधीक्षक अन्नराजसिंह राजपुरोहित के सुपरविजन में थानाधिकारी रामेश्वर भाटी के नेतृत्व में टीम द्वारा राहुल कुमार पुत्र शांतिलाल वागरी निवासी नरता हाल गुणीनाडा भीनमाल व जितेन्द्र कुमार पुत्र किशनलाल वागरी निवासी गणेश मंडी रोड कन्या छात्रावास के सामने वाली गली मानुपरा आबूरोड हाल गोडीजी मंदिर जालोर पुलिस थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार तेरह मार्च को प्रार्थी भारताराम सुन्देशा पुत्र प्रताप सुन्देशा (माली) तारावा वेरा भीनमाल पुराना जसवन्तपुरा रोड भीनमाल ने उपस्थित होकर लिखित रिपोर्ट पेश कर बताया कि गत रात 12 मार्च की मध्य रात्रि करीब 2.30 बजे से 3.30 बजे के बीच अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके घर में प्रवेश कर मोबाइल, 22 हजार नकद, पैतीस ग्राम सोने का बाजूबंद, पच्चीस ग्राम सोने की कंठी चुरा ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर अन्वेषण शुरू किया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल का गहनता से निरीक्षण कर एवं आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी जांच के चलते आरोपियों तक पहुंची।

### चोरी का सामान खरीदा, गिरफ्तार हुआ

आरोपी ने अपन जुर्म कबूल किया। अभियुक्त से 21200 रुपए व मोबाइल फोन को बरामद किया गया। चोरी किए गए सोने के बाजूबंद को खरीदने का आरोपी जितेन्द्र कुमार पुत्र किशनलाल वागरी निवासी गणेश मंडी रोड कन्या छात्रावास के सामने वाली गली मानुपरा आबूरोड गोडीजी मंदिर जालोर को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान एएसआई वजाराम, कांस्टेबल भैराराम, दिनेश कुमार व राकेश कुमार की टीम मौजूद थीं।



## होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** स्थानीय क्षेमंकरी माताजी की तलहटी पर स्वर्णकार समाज के श्यामगोता श्रीमाली गोत्र की ओर से होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान आगामी होली स्नेह मिलन समारोह के लिए लाभार्थियों द्वारा चढ़ावा लिया गया। कार्यक्रम में भीनमाल विधायक डॉ.समरजीतसिंह, भाजपा के प्रदेश मंत्री सांवलाराम देवासी व पूर्व प्रधान देराम विश्नोई ने भाग लिया। इस अवसर पर कोलचंद सोनी, पारसमल जुंजाणी, मगराज, हीरालाल, सुखराज, प्रभुलाल,मालाराम जीवाणा, मोहनलाल दांतवाडा,पुखराज कोमता, बाबूलाल, जगदीश, नरेश, ललित, हरचंद व हितेश सहित बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया।

## बाकरा रोड में रात्रि चौपाल आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे 18 मार्च को शाम 7 बजे से जालोर उपखण्ड के बाकरा रोड़ ग्राम में रात्रि चौपाल करेंगे। बाकरा रोड ग्राम में मंगलवार को रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करेंगे।

## इआरओ स्तर पर आज होगी राजनैतिक दलों के साथ बैठक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार निर्वाचन प्रक्रिया के सभी चरणों में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए ईआरओ (उपखण्ड) स्तर पर 18 मार्च को अपराह्न 4 बजे राजनैतिक दलों के साथ बैठक का आयोजन किया जाएगा। जालोर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी वि.स.क्षेत्र 142 (एसडीएम) मनोज चौधरी ने बताया कि बैठक में प्रत्येक मतदान केन्द्र पर बूथ लेवल एजेन्ट (बीएलए) की नियुक्ति, मतदाता सूची में जेण्डर रेसियो व ईपी (इलेक्टरोल पॉपुलेशन) रेसियो में सुधार किए जाने के संबंध में चर्चा की जाएगी। उन्होंने समस्त राष्ट्रीय एवं राज-स्थान राज्य के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बैठक में आमंत्रित किया हैं।

## बैठक में की शीतला सप्तमी की तैयारियों पर चर्चा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** शीतला सप्तमी के उपलक्ष में आयोजित गेर नृत्य को लेकर हिंदू सेवा समिति व महेश्वर महादेव सेवा समिति की संयुक्त बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शीतला सप्तमी के दिन गेर नृत्य को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता की हिन्दू सेवा समिति के अध्यक्ष मोहनलाल परिहार ने की। कार्यक्रम का संचालन हिंदू सेवा समिति समिति के सचिव जबराराम भाटी ने किया गया। बैठक में सूरमसिंह सोलंकी, जयरुपाराम माली, बाबूलाल होंडा, सुरेश पत्रकार, राजेश सोलंकी, पेप सिंह, जोगाराम देवासी, जगदीश जाट व केवलाराम परमार, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष जसराज राजपुरोहित का भी समिति की ओर से स्वागत किया गया।



## नए गांव में वाड़ा भाडवी को नहीं जोड़ने की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बागोड़ा।** ग्राम पंचायत वाड़ा भाडवी के मूल गांव में से नवीन राजस्व ग्राम विरार नगर में नहीं जोड़ने की मांग करते ग्रामीणों ने सोमवार को जिला कलेक्टर जालोर के नाम उपखंड अधिकारी हीरसिंह चारण बागोड़ा व तहसीलदार मोहन लाल सियोल को ज्ञापन सौंपकर आपत्ति जताई है। जिला कलेक्टर जालोर के नाम एसडीएम चारण को सौंपे ज्ञापन में बताया है कि वाड़ा भाडवी मूल गांव में से हाल ही में नवीन राजस्व ग्राम विरार नगर बनाया जा रहा है। उप सरपंच श्रीमती सौरम देवी देवासी के प्रतिनिधि मेघाराम देवासी एंव ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत द्वारा जो नवीन राजस्व ग्राम विरार नगर बनाने के लिए प्रस्ताव लिया गया है वो बिना सूचना व सोशल मीडिया पर जानकारी साझा किए बिना ही लिया गया है और नहीं उप सरपंच को जानकारी तक दी थी। हमारे बिना सहमति से बैठक रखी उसमें भी जो नवीन गांव में जोड़ने वाले परिवारों के मुख्याओं से भी कोई सहमति या आपत्ति तक नहीं लेकर कुछ चेहतों द्वारा निजी स्वार्थ के लिए यह कारनामा किया जा रहा है जो न्याय हित में नहीं है। ग्रामीण आसुराम देवासी ने आरोप लगाया है कि वाड़ा भाडवी ग्राम पंचायत भवन से उसके खेत की दूरी महज आधा किलोमीटर दूर है जबकि अब कुछ स्वार्थी लोगों द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का फायदा उठाने की खातिर नवीन गांव बनाया जा रहा है जिसकी हमें कोई आपत्ती नही है लेकिन जब माता-पिता व दादा तक गांव के नजदीक रहते आ रहे हैं तो अब नवीन राजस्व ग्राम विरार नगर के नक्शे में शामिल करने से तीन किमी फासला तय करना पड़ेगा जो न्यायसंगत नहीं है और मतदान भी बाप दादा से लेकर आज तक वाड़ा भाडवी में करते आए हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एंव सरकार से गुहार लगाई है कि हमें नवीन गांव से कोई शिकायत नहीं है लेकिन हमारे आपत्तिकर्ताओं को विरार नगर में शामिल नही करवाया जाए। इस दौरान औबाराम, अनाराम, तेजाराम, आसुराम, जबरा राम, आसुराम एम, नरसी राम, हिराराम, मेघाराम देवासी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जल जीवन मिशन के तहत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की 33वीं बैठक जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में 19 मार्च को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा ने बताया कि बैठक के दौरान गत बैठक में लिए गए निर्णयों एवं दिशा-निर्देशों, जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल की वस्तुस्थिति, नर्मदा परियोजना के तहत स्वीकृत योजनाओं, जेजेएम में पूर्ण योजनाओं एवं एसबीएम-जी 2 कार्यों की समीक्षा तथा जेजेएम के कार्य पूर्ण होने के उपरांत गांवों में समस्त पेयजल योजनाओं के संचालन एवं संधारण के संभावित व्यय की समीक्षा सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

## समरसता यज्ञ में लिया गुरुकुल निर्माण का संकल्प



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** सनातन संस्कृति जागरण संघ की ओर से समरस, समरूप, एकरूप व व्यसन मुक्त संगठित हिंदू समाज की स्थापना के लिए संचालित घर-घर यज्ञ अभियान के तहत स्थानीय वाराह नगर में 124 वें यज्ञ का आयोजन किया गया। सनातन संस्कृति जागरण संघ के सदस्य छैलसिंह देवल ने बताया कि यज्ञ में माली छगनाराम गहलोत सपत्नीक मुख्य यजमान बने। इसके अलावा कुंड पर अन्य परिवारजनों एवम बस्ती के लोगों ने भाग लिया। यज्ञ की समाप्ति यज्ञ वेदी को साक्षी मानकर कई लोगों ने मांस, शराब, बीड़ी व गुटखा आदि व्यसन छोड़ने का संकल्प लिया। इस दौरान धर्म प्रचार एवं शस्त्र व शास्त्रों की शिक्षा देने के लिए प्राचीन परम्परा के गुरुकुलों के निर्माण को लेकर भीनमाल के बड़े मंदिर ट्रस्टों की भूमिका निर्धारित व निश्चित करने तथा इस कार्य के लिए ट्रस्टों को आगे आने का आह्वान मनोहरमल सुखाडिया,दीपाराम माली, आंबाराम चौधरी व अर्जुन बंजारा द्वारा किया गया। जिसका सभी ने एकमत से समर्थन किया। कार्यक्रम से प्रभावित बस्ती के कई लोग सनातन संस्कृति जागरण संघ के साथ जुड़े। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर प्रभुराम जीनगर, ठेकेदार ओटाराम मेघवाल, दीपाराम माली, मेसाराम देवासी,वालाराम मौर्य, ताराराम पाऊंआ, सोमताराम माली, छगनाराम माली, आंबाराम चौधरी, दाड़माराम पाऊंआ, रमेश राणा, लक्ष्मणसिंह, परखाराम माली, ताराचंद फुलवारियां, मनोहरमल सुखाड़िया, रामदास वैष्णव, शंकरलाल गहलोत, मोहनलाल सेन, पारसमल गहलोत, दिलीप चौहान, छतराराम गहलोत, अर्जुन बंजारा, अशोक माली, मोहनलाल आंजना, पोपटलाल पाऊंआ, आर्य राहुल बंजारा, इंद्रसिंह आर्य, आर्य अक्षय बंजारा, आर्य रोहित मेघवाल व अक्षय माली सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे। यज्ञ का सम्पादन राव विक्रम सिंह आर्य द्वारा वैदिक रीति से करवाया गया।

## चार दिवसीय दिव्यांग शिविर आज से

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के तत्वावधान में विधि सेवा प्राधिकरण, विकलांग कल्याण समिति व हेल्पिंग नेचर फाउंडेशन जुंजाणी की ओर से निकटवर्ती जुंजाणी गांव में मंगलवार से आयोजित चार दिवसीय दिव्यांग शिविर को लेकर सोमवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बार एसोसिएशन अध्यक्ष निरंजन व्यास ने सोमवार को विकलांग कल्याण समिति प्रदेश संगठन मंत्री सुरेंद्र पी राठी, जिला महामंत्री राजपुरोहित, घेवरचंद राजपुरोहित मदनलाल माली, रघुनाथसिंह भाटी, कमलेश राजपुरोहित, ओमप्रकाश माली, कमलेशकुमार मेघवाल, जेपाराम मेघवाल व पृथ्वीसिंह देवल द्वारा बैनर का विमोचन किया गया।

## विप्र फाउंडेशन की बैठक में दायित्व निर्वहन पर जोर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** विप्र फाउंडेशन राजस्थान की रीजनल बैठक पारीक आश्रम पुष्कर में राष्ट्रीय संरक्षक धर्मनारायण जोशी की अध्यक्षता व संस्थापक संयोजक सुशील ओझा के मुख्य आतिथ्य, राष्ट्रीय महामंत्री केके शर्मा व पवन पारीक के सानिध्य व सभी जोन अध्यक्षों के विशिष्ठ आतिथ्य में संपन्न हुई। बैठक में पूर्ववत् कार्यो सेंटर फॉर एक्सीलेंस (भगवान परशुराम ज्ञान पीठ) अरुणाचल प्रदेश में भगवान परशुराम कुण्ड पर चौदह करोड़ की लागत से भगवान परशुराम की 54 फीट की प्रतिमा सहित विशाल प्रोजेक्ट, ई शंकर लाइब्रेरी, बाबू मोशाय हर जिले में ई मित्र का शुभारंभ जैसे कार्यों की समीक्षा की गई। विफा के संगठनात्मक संरचना में प्रत्येक दायित्वधारी कार्यकर्ता को पूर्ण निष्ठा से अपने दायित्व का निर्वहन करने पर बल दिया। विप्र फाउंडेशन के आगामी अगस्त -सितंबर माह में समस्त सनातनी समाज को विधि विधान से यज्ञोपवीत धारण करवाने को लेकर विराट यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम राजस्थान की राजधानी जयपुर में करने का तय किया गया। कार्यक्रम संयोजक के रूप में गिरीश जोशी को दायित्व सौंपा गया। बैठक में राजस्थान के समस्त जिला अध्यक्ष व ऊपर के ऐसे 147 कार्यकर्ता अपेक्षित थें। जिसमे से 133 कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिसमें विप्र फाउंडेशन ज़ोन 1ष्ट से जोन प्रभारी नवीन जोशी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जितेन्द्र गौड़, प्रदेश महामंत्री संगठन राहुल शर्मा, प्रदेश महामंत्री दिनेश कुमार दवे व पाली जिला अध्यक्ष प्रमोद दवे उपस्थित थे।




## जिला स्तरीय जनसुनवाई 20 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं समस्याओं के त्वरित, गुणात्मक एवं सकारात्मक निराकरण के लिए व्यापक कार्यं म एकीकृत परिवाद निवारण प्रणाली 'अटल जन सेवा शिविर' के तहत 20 मार्च को सुबह 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के भारत निर्माण सेवा केन्द्र पर वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी।

## सुविचार

हर नया दिन एक नया अवसर लेकर आता है।
बस खुद पर विश्वास रखें और आगे बढ़ते रहें।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## भारतीय धरोहरों की वैश्विक धाक

भारत की वैश्विक धरोहरों की लंबी फेहरिस्त है। हमारे देश में जितनी विविधता बोली-भाषाओं, परंपराओं और खान-पान में है, उतनी ही विविधता हमारी धरोहरों में दिखाई देती है। भारतीय धरोहरें अपनी जीवनी खुद बयां करती महसूस होती हैं। भारत में स्थापत्य कला, सांस्कृतिक गतिविधियां, यहां के त्यौहार, जीवन शैली और बहुत कुछ है जिसे संरक्षित किया जाना चाहिए। सरकार अब इस दिशा में लगातार प्रयासरत है। ये न सिर्फ हमारा गौरव हैं, अपितु हमारी प्राचीन भव्यता-दिव्यता का परिचय भी हैं। इसी लिए भारत ने साल 2024 में पहली बार विश्व धरोहर समिति की बैठक की मेजबानी की, जिसमें असम में अहोम राजवंश के सदस्यों को दफनाने के लिए बने- मोइदम को प्रतिष्ठित यूनेस्को टैग दिया गया। तेलंगाना के नारायणपेट जिले में स्थित मुदुमल मेगालिथिक मेनहिर करीब 3500-4000 साल पुराने हैं। अभी तेलंगाना से सिर्फ रामप्पा मंदिर ही यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है। लोकसभा में जानकारी देते हुए केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि यूनेस्को ने विश्व धरोहर केंद्रों की भारत की अस्थायी सूची में छह स्थलों को शामिल किया है। जिन स्थलों को सूची में जगह दी गई है, उनमें तेलंगाना के मुदुमल मेगालिथिक मेनहिर, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बुंदेलों के समय के महल किले आदि शामिल हैं। लोकसभा में जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ में कांगर घाटी नेशनल पार्क, मौर्य रूट पर पड़ने वाले अशोक शिलालेख, चौसठ योगिनी मंदिर और उत्तर भारत के गुप्त कालीन मंदिर स्थल भी इस सूची में हैं। वैसे चौसठ योगिनी मंदिर को देखकर पुरानी संसद का डिजाइन बनाया गया था। इस लिए चौसठ योगिनी मंदिर का रुतबा भारत के लिए और ज्यादा महत्वपूर्ण है। लोकसभा में भाजपा सांसद संबित पात्रा ने पुरी की जगन्नाथ रथ यात्रा को यूनेस्को की सांस्कृतिक धरोहर सूची में शामिल करने का सुझाव दिया। 7 मार्च को छह नए स्थलों को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है। गौरतलब है कि यदि किसी स्थल को भविष्य में विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के लिए नामांकित किया जाना है, तो विश्व धरोहर केंद्र की अस्थायी सूची में उसका नाम शामिल होना अनिवार्य है। भारत में अब 62 स्थल अस्थायी विश्व धरोहर सूची में शामिल हैं। वर्तमान में भारत के कुल 43 केंद्र यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल हैं, जिनमें से 35 सांस्कृतिक श्रेणी में और सात प्राकृतिक और एक मिश्रित श्रेणी में शामिल हैं। वैसे ये भी सच है कि भारत में महज 62 स्थल ही ऐसे नहीं हैं जिनका संरक्षण जरूरी है, बल्कि संख्या इससे कहीं ज्यादा है। यहां कुछ मीलों के अंतराल पर कोई न कोई ऐतिहासिक धरोहर या कहानियां हैं। अगर कहें कि भारत अपने आप में संरक्षित करने लायक धरोहर है तो इस अतिश्योक्ति नहीं कहा जा सकता है।

## 'फ्रीबीज' को भाजपा

# क्या बना पायेगी समृद्धि का बीज?



संजय श्रीवास्तव

मुफ्त की रेवड़ियों या फ्रीबीज के लिए भाजपा ने एक वैकल्पिक नीति लागू करने की बात कही है। विष से औषधि बनाने की उसकी यह कीमियागीरी कितनी कामयाब होगी यह तो वक्त और भविष्य का चुनावी चलन बताएगा पर सैद्धांतिक और व्यावहारिक तौरपर परखें तो उसकी नीति पार्टी, देश, समाज और राज्यों की आर्थिकी के लिए बहुत फायदेमंद दिखती है।

इमेज

चुनाव के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए मुफ्त की रेवड़ियां यानी "फ्रीबीज" पर लगाम कसने के नजरिये से भाजपा ने जो नीतिगत निर्णय लिया है, यदि वह व्योहारिक स्तर पर लागू हो जाए तो यह एक बेहद क्रांतिकारी कदम साबित होगा। सच तो यह है कि लोक कल्याण के नाम पर मताखेट और जनता के धनाहरण करने वाली ये घोषणाएं दूरगामी विसंगतियां पैदा करने वाली होती हैं। ऐसी योजनाएं देश राज्य की उत्पादकता को हतोत्साहित तथा अधिसंख्य देशवासियों की आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान को नुकसान पहुंचाने वाली हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया रिपोर्ट, 'स्टेट फाइनांसः ए रिस्क एनालिसिस' बताती है कि इसके चलते तमाम राज्य वित्तीय संकट की ओर बढ चले हैं। फ्रीबीज का सियासी चलन ऐसा ही चलता रहा तो कुछ बरसों में केंद्र नहीं तो तमाम राज्य सरकारें अवश्य राजस्व घाटे के घटाटोप में डूब जाएंगी। विकास ठप हो जाएगा। मुफ्त की बिजली हो या गैस सिलेंडर, लोग कुछ ज्यादा ही दरियादिली से फूंकते हैं। इससे परोक्षतः पर्यावरण प्रभावित होता है। ऐसे में पार्टी ने फ्रीबीज की जगह उसका जो यह वैकल्पिक मॉडल तैयार किया है, सराहनीय है। खास तौरपर तब जबकि इस चलन के खिलाफ सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही दो साल पहले विरोध के स्वर बुलंद किए थे, सुप्रीम कोर्ट ने भी इसको लेकर प्रतिकूल टिप्पणियां की थीं और प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया था कि वे इस बारे में कुछ ठोस करेंगे। अब दो वर्षों के भीतर भाजपा ने इसका वैकल्पिक मॉडल पेश कर दिया है। नीति कुछ इस तरह की है कि रेवडियां मुफ्त की नहीं लगेंगी, यह आभास रहेगा कि इनका मकसद वोट खरीदना नहीं बल्कि देश समाज का विकास, वंचितों का सबलीकरण है। इन चुनावी रेवड़ियों का न्यूनतम मूल्य जनता भी चुकाएगी जिससे उनका स्वाभिमान भी बचेगा और सरकारों की राजस्व हानि भी। यह मॉडल राजनीतिक लाभ के लिए लोकलुभावन चुनावी घोषणाओं से पार्टियों को वंचित भी नहीं करता है और इसके दुष्परिणामों को भी सीमित करता है। इससे राज्यों का सकल घरेलू उत्पाद





बढ़ेगा, वे भारी कर्ज से भी बचेंगे, विकास बाधित नहीं होगा। कुल मिलाकर यह विचार विष से औषधि बनाने सरीखा है। एक राजनीतिक कुप्रथा को जनहितकारी बनाने का यह अभियान देश के सामाजिक आर्थिक भविष्य को तो बदलेगा ही, राजनीतिक चाल चलन और रणनीतियों पर भी व्यापक प्रभाव डालेगा। एक बारगी यह लग सकता है कि स्वयं भाजपा चुनावों के दौरान चुनावी लाभ के लिए मतदाताओं को रेवड़ियां बांटने में कोई कोर कसर नहीं उठा रखती है, उसको इसका लाभ भी मिला है फिर वह ऐसा कैसे कर सकती है। बात सच है, पर यह भी सत्य है कि फ्रीबीज का विकल्प लाने से पहले भाजपा ने इसके सियासी नफा नुकसान को बखूबी तौल लिया है। इसमें देश समाज और राजनीति के साथ साथ उसका भी दूरगामी दलगत लाभ निहित है। भाजपा के इस सुविचारित पहल से उसकी साख और बढ़ेगी, कई दूसरे दूरगामी लाभ होंगे। पहली बात विपक्षी पार्टियों के पास इसकी कोई तुरंता काट नहीं होगी, जहां उनकी सरकारें नहीं होंगी वहां उन्हें इस तरह की घोषणाएं कर मतदाता को प्रभावित कर उनको पटाना कठिन होगा, जहां सरकारें होंगी वहां उनको इससे बेहतर नीति बनानी और अपनानी होंगी। जनता को साफ तौरपर प्रभावित करने वाली बहुत सकारात्मक और सुविचारित योजनाएं ईमानदारी से लागू करनी पड़ेंगी। केंद्र के सहयोग के किंचित अभाव में यह कवायद उनके लिए मुश्किल होगी। देशवासी स्वाभिमानी हैं। वे रियायत चहते हैं, मुफ्तखोरी नहीं। एक व्यापक सर्वेक्षण में आधे से अधिक जनता ने मुफ्त की रेवड़ियों को गैरज़रूरी बताया, 78 फीसद ने इसे वोट हथियाने की चाल और 61 प्रतिशत लोग इसके वित्तीय दुष्परिणामों को लेकर चिंतित दिखे। धनी वर्ग का तकरीबन 85 फीसद फ्रीबीज से सहमत नहीं दिखता तो 46 प्रतिशत गरीब भी चाहता है कि मुफ्त का माल या सुविधा देने की बजाय उसको इन्हें खुद हासिल करने के लिए सक्षम बनाया जाए। आमजन का बड़ हिस्सा मानता है कि हमारे टैक्स के पैसों से दूसरों को सुविधाएं दी जा रही हैं। भाजपा जानती है कि गरीब लाभार्थी मतदाताओं का एक बेहद छोटा हिस्सा विरोध में खिसकता भी है तो बहुत बड़ा हिस्सा जो समय के साथ साथ किंचित कारणों से क्षरित हो रहा हो वह उसके पक्ष में मजबूत भी होगा। फ्रीबीज की वैकल्पिक योजनाएं देश को कितनी सबल बना रही हैं, यह दर्शाने वाले आंकड़े दर्शा कर लोगों को भाजपा के प्रति भरोसा और पुख्ता किया जा सकेगा। इन परिस्थितियों में भाजपा विपक्षियों पर अजेय चुनावी बढत बना सकेगी। बीते दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान फ्रीबीज का वैकल्पिक मॉडल लागू करने बचने वाली भाजपा अब इसकी शुरुआत 2026 में असम के विधानसभा चुनावों से करेगी। पार्टी अपने इस दांव को ठहर कर और पूरी तैयारी तथा गंभीरता से खेलना चाहती है। हालांकि बिहार विधानसभा चुनाव इसी साल हैं लेकिन वह अपने पत्ते इसी साल नहीं खोलना चाहती क्योंकि उसका विचार है कि वह यह व्यवस्था उन्हीं राज्यों में लागू करेगी, जहां उसकी सरकार है या वह जहां अपने दम पर चुनाव लड़ने वाली हो। यह सियासी समझ के अनुसार बिल्कुल ठीक है। यदि सरकारें नौकरी सृजित नहीं कर पा रहीं, लोगों को काम और आमदनी का जरिया नहीं मुहैया कर पा रहीं, औपचारिक सामाजिक सुरक्षा नहीं दे पातीं, शासकीय प्रबंधन में अकुशल हैं तो दुबारा सत्ता पाने के लिए फ्रीबीज सबसे मुफीद उपाय है। फ्रीबीज, महिला, किसानों को मुफ्त की सुविधाएं और धन बांटना जिस तरह सत्ता प्राप्ति में सहायक बन रहा है उसे देखकर लगता नहीं कि यह प्रवृत्ति इतनी जल्दी बदल जाएगी। फ्रीबीज़ के फायदे भी दिखे हैं, बिहार और पश्चिम बंगाल में स्कूली छात्राओं को मुफ्त साइकिल के चलते नामांकन बढा ड्राप आउट दर घटा।

## पंचांग

मंगलवार, 18 मार्च 2025

| | | |
|---|---|---|
| ● विक्रम संवत् | - | 2081 |
| ● शक संवत् | - | 1946 |
| ● ऋतु | - | वसंत |
| ● माह | - | चैत्र |
| ● पक्ष | - | कृष्ण |
| ● तिथि | - | चतुर्थी 22.10 तक |
| ● वार | - | मंगलवार |
| ● नक्षत्र | - | स्वाति 17.52 तक |
| ● योग | - | व्याघात 16.44 तक |
| ● करण | - | बव 08.52 तक |
| ● सूर्योदय | - | 06.46 (मुंबई) |
| ● सूर्यास्त | - | 06.47 (मुंबई) |
| ● सूर्योदय | - | 06.47 (भीनमाल) |
| ● सूर्यास्त | - | 06.51 (भीनमाल) |
| ● चंद्र राशि | - | तुला |
| ● अभिजित् मुहूर्त | - | 12.22 से 13.11 |
| ● राहु काल | - | 15.47 से 17.18 |
| ● व्रत, त्यौहार | - | बुधास्त पश्चिम, दग्धयोग 22.10 से सूर्योदय, कुमारयोग 22.10 प्रारंभ, हर्षल मार्गी होकर वृषभ में 28.48 |
| ● दिशा शूल | - | उत्तर |

● शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## प्रेमानंद महाराज का 6 दिनों का जन्मोत्सव

प्रेमानंद जी महाराज वृंदावन में श्रीकृष्ण और राधारानी की आराधना करते हैं। महाराज के प्रवचन सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल होते हैं। ऐसे में देशभर में प्रेमानंद जी महाराज मशहूर हैं और उनके अनेक भक्त हैं जो वृंदावन महाराज का आशीर्वाद लेने आते हैं। वृंदावन में 25 से 30 मार्च तक धूमधाम से संत प्रेमानंद जी महाराज का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस जन्मोत्सव को श्रीराधा कलिकुंज में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाया जाना है। जन्मोत्सव के दौरान तरह-तरह के धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। प्रेमानंद जी महाराज के जन्मोत्सव पर देशभर से श्रद्धालु आने की संभावना जताई जा रही है। यहां भक्त प्रेमानंद जी महाराज का आशीर्वाद लेने और दर्शन करने आएंगे। जन्मोत्सव के दौरान प्रेमानंद जी महाराज की दिनचर्या में भी परिवर्तन होने वाला है। इन दिनों में भक्तों को प्रेमानंद महाराज के दर्शन सुबह साढ़े पांच बजे से हो सकेंगे। जन्मोत्सव की जानकारी सोशल मीडिया पर भजन मार्ग अकाउंट से शेयर की गई है। वृंदावन में होने वाले इस छह दिवसीय जन्मोत्सव में कई आध्यात्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है। वृंदावन में जन्मोत्सव के दौरान नाम संकीर्तन, सत्संग, प्रेमानंद महाराज के दर्शन, मंगल आरती, श्रीजी का झूला दर्शन, श्रीहित चतुरासी जी पाठ, श्रृंगार आरती, राधा नाम कीर्तन और संध्या वाणी पाठ आदि होंगे। 25 से 30 मार्च तक चलने वाले जन्मोत्सव के पहले दिन वृंदावन, गोवर्धन, मथुरा, बृज, बरसाना, आगरा और अलीगढ़ के शिष्य दर्शन करने आ सकेंगे। दूसरे दिन यूपी के शिष्य दर्शन के लिए आएंगे और तीसरे दिन दिल्ली, नोएडा, पंजाब और गुरुग्राम के शिष्य दर्शन करने पहुंचेंगे। चौथे दिन हरियाणा, केरल, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, असम, तमिलनाडु, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, गुजरात और बिहार के शिष्य परिकर करेंगे दर्शन। पांचवे दिन महाराष्ट्र, झारखंड, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, जम्मू और कश्मीर समेत राजस्थान के शिष्य दर्शन कर सकेंगे।



## गीता सार

**सांख्ययोगौ पृथग्बालाः प्रवदन्ति न पण्डिताः।**
**एकमप्यास्थितः सम्यगुभयोर्विंदते फलम्॥**

**हिंदी अर्थ-** कर्म-संन्यास और कर्मयोग को अज्ञानी ही अलग-अलग फल देने वाले कहते हैं न कि ज्ञानी जन। क्योंकि दोनों में से एक में भी ठीक प्रकार से स्थित पुरुष दोनों के ही फलस्वरुप परमात्मा को प्राप्त होता है।

## तारीख विशेष

### शशि कपूर

शशि कपूर का जन्म 18 मार्च 1938 को कोलकाता में हुआ था। वे हिंदी सिनेमा जगत के प्रसिद्ध अभिनेताओं में से एक थे। वे ऐसे अभिनेताओं में शुमार किये जाते हैं, जिन्होंने अपने सदाबहार अभिनय से लगभग चार दशक तक हिंदी सिने प्रेमियों का भरपूर मनोरंजन किया। कोलकाता में जन्मे शशि कपूर का असली नाम 'बलबीर राज कपूर' था। उनका रुझान बचपन से ही फ़िल्मों की ओर था और वह अभिनेता बनना चाहते थे। उनके पिता पृथ्वीराज कपूर और भाई राजकपूर तथा शम्मी कपूर पहले से ही फ़िल्म इंडस्ट्री के जाने माने अभिनेता थे और प्रसिद्धि की बुलंदियों पर थे। उनके पिता अगर चाहते तो वह उन्हें लेकर फ़िल्म बना सकते थे, लेकिन उनका मानना था कि शशि कपूर स्वयं ही संघर्ष करें और अपनी मेहनत से ही अभिनेता बनें। पिता की इस बात पर शशि कपूर पूरी तरह खरे उतरे थे। शशि कपूर ने 40 के दशक में ही फ़िल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। उन्होंने कई धार्मिक फ़िल्मों में बाल कलाकार की भूमिकाएं निभाईं। पिता पृथ्वीराज कपूर उन्हें स्कूल की छुट्टियों के दौरान स्टेज पर अभिनय करने के लिए प्रोत्साहित करते थे। इसी का नतीजा रहा कि शशि के बड़े भाई राजकपूर ने उन्हें 'आग' (1948 ई.) और 'आवारा' (1951 ई.) में भूमिकाएं दीं। 'आवारा' में उन्होंने राजकपूर के बचपन का रोल किया था। जिन दिनों शशि कपूर 'पृथ्वी थिएटर' में काम कर रहे थे, उन दिनों ब्रिटेन की मशहूर नाटक मंडली 'शेक्सथियरेना' भारत दौरे पर आई। इस यात्रा के दौरान जब यह थिएटर मंडली मुंबई पहुंची, तो उसके संचालक मिस्टर केण्डेल, शशि कपूर के पिता से मिले। दोनों की पहले से ही जान-पहचान थी। पृथ्वीराज के दो बेटों राजकपूर और शम्मी कपूर को थिएटर से कुछ लेना-देना नहीं था, क्योंकि तब तक वे फ़िल्मों में अपनी जगह बना चुके थे। शशि अभी भी स्टेज को अपनाए हुए थे, क्योंकि मिस्टर केण्डेल एक बेहतरीन अभिनेता होने के साथ-साथ स्टेज की बारीकियों से भली-भांति परिचित थे। इसलिए पापाजी ने पुत्र शशि को उनसे मिलाया और बेटे को चांस देने के लिए आग्रह किया।

## असाधारण संगीतकार

# ओपी नैय्यर के अनसुने किस्से

कैलाश सिंह

भारत में ऐसा कोई संगीतकार न था जो अपनी फिल्मों में कम से कम एक गीत लता मंगेशकर की आवाज़ में न रखना चाहता हो। लेकिन यह सुनकर आपको आश्चर्य होगा कि असाधारण प्रतिभा के धनी व विख्यात संगीतकार ओमकार प्रसाद नैय्यर जो ओपी नैय्यर के नाम से अधिक जाने जाते हैं, ने कभी भी लता की आवाज़ का इस्तेमाल अपनी बनाई धुनों के लिए नहीं किया, यह अलग बात है कि लता की बहन आशा भोंसले की आवाज़ में उन्होंने सैंकड़ों सदाबहार गीत रिकॉर्ड कराए। नैय्यर लता को इतना नापसंद करते थे या उनका विरोध करते थे कि मध्य प्रदेश सरकार जो पुरस्कार लता के नाम पर देती है उसे भी उन्होंने लेने से इंकार कर दिया था। लता के बॉलीवुड में अनेक संगीतकारों व गायकों (विशेषकर मुहम्मद रफी) से विवाद, तकरार व मतभेद हुए, जिनका समय के साथ खात्मा भी हो गया, लेकिन जो प्रतिद्वंद्विता व कड़वाहट नैय्यर और लता के बीच थी वह कभी समाप्त न हो सकी और दुनिया बेहतरीन धुनों व शानदार आवाज़ के संगम से वंचित रही।

इमेज

आखिर दोनों के बीच यह दुश्मनी व नफ़रत क्यों हुई? एक स्वतंत्र संगीतकार के रूप में नैय्यर की पहली फिल्म 'आसमान' थी। इस फिल्म में लता को गाने के लिए अनुबंध किया गया था। नैय्यर व उनके बैकग्राउंड साजिंदे रिकॉर्डिंग करने के लिए घंटों तक लता की प्रतीक्षा करते रहे, लेकिन वह नहीं आईं। नैय्यर ने कसम खाई कि उनकी फिल्मों में लता कभी गाना नहीं गाएंगी। लता ने दावा किया था कि वह नैय्यर के स्टूडियो इसलिए नहीं पहुंच पाईं क्योंकि वह एक अन्य रिकॉर्डिंग में व्यस्त हो गईं थीं। यह घटना 1950 के दशक के शुरू में हुई थी और इसके कारण जो गलतफहमी उत्पन्न हुई वह कभी खत्म न हो सकी बल्कि समय के साथ अधिक तीव्र होती चली गई। लता की बहन आशा भोंसले के साथ नय्यर ने बहुत लंबे समय तक काम किया, लेकिन इस संबंध का अंत भी कड़वाहट में हुआ और फिर इन दोनों ने भी कभी साथ काम नहीं किया। आशा व नय्यर की पहली मुलाक़ात 1952 में 'छम छमा छम' गीत की रिकॉर्डिंग पर हुई थी। उस समय तक आशा अपनी बड़ी बहन लता के साये में रहती थीं। नय्यर ने उन्हें विश्वास दिलाया कि वह अपना व्यक्तिगत रास्ता स्वयं बना सकती हैं। नैय्यर के मार्गदर्शन में आशा ने अपनी स्वतंत्र व आकर्षक शैली विकसित की। कैबरे-शैली गायन में भी उन्होंने महारत हासिल की और उसमें प्रेम का भाव वह लेकर आईं। नय्यर के संगीत निर्देशन में जो उन्होंने मुहम्मद रफी के साथ युगल गीत गाए वह सभी अपने समय में चार्टबस्टर थे। 'कश्मीर की कली' व 'तुमसा नहीं देखा' के गीत तो आज तक लोगों की ज़बान पर हैं। 'नया दौर' का



युगल गीत 'उड़ें जब जब जुल्फें तेरी' को कौन भूल सकता है, जिसमें तीनों नय्यर, रफी व आशा ने कमाल कर दिया था। लेकिन लंबे प्रोफेशनल साथ के बावजूद 1972 में नय्यर व आशा कड़वी यादों के साथ एक दूसरे से अलग हो गए और फिर दोनों ने कभी भी साथ काम नहीं किया। दोनों का साथ अंतिम गीत 'चैन से हम को कभी आप ने जीने न दिया' था। इस गीत के लिए आशा को 1974 में फिल्मफेयर का सर्वश्रेष्ठ महिला गायिका का अवार्ड मिला था। नय्यर ने आशा की तरफ से यह अवार्ड स्वीकार किया, लेकिन उसे बाद में आशा को देने की बजाय रास्ते में ही फ़ेंक दिया। अनुमान यह है कि दोनों के बीच भावनात्मक रिश्ता कायम हो गया था। नय्यर से अलग होने के बाद आशा का आरडी बर्मन के साथ गहरा पर्सनल व प्रोफेशनल रिश्ता रहा। बहरहाल, हमेशा सफेद कपड़ों व हैट के साथ सार्वजनिक स्थलों पर दिखाई देने वाले नय्यर का जन्म 16 जनवरी 1926 को लाहौर में हुआ था। संगीत में उन्होंने कभी औपचारिक ट्रेनिंग हासिल नहीं की थी, लेकिन उन्होंने अपनी एक विशिष्ट शैली विकसित की और वह पंजाबी रिदम को मुंबई की फिल्मों में लेकर आए। नैय्यर के तीन भाई थे। बड़े भाई कर्नल जीपी नैय्यर सेना में डेंटिस्ट थे, उनका निधन 2010 में हुआ। फिर डॉ. एचपी नैय्यर फिजिशियन थे, उनका निधन 2005 में हुआ और सबसे छोटे भाई डा. पीपी नैय्यर भी फिजिशियन थे, उनका ऑस्ट्रेलिया में अपहरण हो गया था और तब से वह लापता हैं। नय्यर जब लाहौर रेडियो स्टेशन में गायक थे तो उनकी मुलाक़ात सरोज से हुई जो स्टेज डांसर थीं। सरोज ने ही 'प्रीतम आन मिलो' गीत के बोल लिखे थे। नय्यर व सरोज ने शादी कर ली, दोनों के तीन बेटियां सोनिया, अन्नपूर्णा व लक्ष्मी और एक बेटा आशीष हुए। लक्सेंबर्ग की एक्टर निहारिका रायजादा नैय्यर के भाई की पोती हैं। नैय्यर इतने तुनक मिज़ाज थे कि 1979 में अपने परिवार के चर्चगेट, मुंबई के मकान से अलग हो गए। पहले होटल में रहने लगे और फिर 1989 से विरार में गायिका माधुरी जोगलेकर के साथ रहने लगे। इसके बाद वह ठाणे में रानी नखवा व उनके परिवार के साथ पेइंग गेस्ट के रूप में रहने लगे। उन्होंने अपनी मय्यत में अपने परिवार की शिरकत पर प्रतिबंध लगा दिया था। दिल का दौरा पड़ने से 28 जनवरी 2007 को उनका निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में उनके परिवार का कोई सदस्य या बॉलीवुड का कोई सदस्य शामिल नहीं हुआ। वैसे इसमें कोई दो राय नहीं कि वह यादगार नगमे देने वाले महान संगीतकार थे और इसलिए भारत सरकार ने उनकी स्मृति में 3 मई 2013 को एक डाक टिकट जारी किया।

## पाठक पाती

### आतंकी हमले में गिरावट से आतंक का अंत निश्चित

एक दौर हुआ करता था, जब कश्मीर के नाम से लोग थरथराते थे। कश्मीर का नाम आते ही आतंकवाद की तस्वीर जेहन में आ जाती थी। कश्मीर में पिछले वर्षों से दर्जनों आतंकी आकाओं को मौत के घाट उतारा जा चुका है। कई आतंकी सरगना जहन्नुम का सफर कर चुके हैं। केंद्र की मजबूत सरकार ने हर तरह के हमले और देश में हर माह होने वाली दहशगर्दी को नेस्तनाबूद कर दिया। आतंक का चेहरा फीका प्रतीत हो रहा है। जिन संगठनों को घमंड रहा है कि हम कश्मीर में अपना वर्चस्व स्थापित कर कश्मीर हमारे कब्जे में कर लेंगे। परन्तु उनकी बंदूकें सरकार की ताकत के समक्ष निष्क्रिय हो गई है। इसमें अलगाववादी ताकतें भी हावी रही हैं। कश्मीर में प्रादेशिक पार्टियों के शासन के मद्देनजर आतंकी पनाहगार पाकिस्तान भी मजे लेने में पीछे नहीं रहा। अब पाकिस्तान भीगी बिल्ली की तरह अपनी पूर्ववर्ती सरकार को कोस रहा है। पाकिस्तान को अब आभास हुआ है कि कम से कम एक भारत ही था जो हमेशा दुनिया की मदद के साथ पाकिस्तान की भी मदद कर सकता था। लेकिन गिले शिकवे दूर करने की बजाय कश्मीर को हड़पने की साजिश करता रहा।

- कांतिलाल मांडोत

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## बोले तो...



मैं अपने भाई-बहन के रिश्ते में बसपा को कमजोर नहीं होने दूंगी। मेरे लिए भाई-बहन सिर्फ एक बहुजन कार्यकर्ता के रूप में हैं। यहां जो भी कार्यकर्ता मेहनत करेगा, उसको जिम्मेदारी मिलेगी। कुछ जातिवादी पार्टियां बसपा को किस्म-किस्म के हथकंडे अपना कर कमजोर करने में लगी हैं।

- मायावती



अपने बेटे की इस करतूत पर लालू क्यों चुप्पी साधे हैं। खुद आईएएस से पीकदान उठवाने वाले राजद चीफ लालू यादव क्या उसी दौर में जी रहे हैं। अपने बड़े बेटे से क्या वो भी डरे हुए हैं। तेजस्वी यादव तो पहले से ही नतमस्तक हैं। क्योंकि तेज प्रताप उनसे उम्र में भी बड़े हैं, और शैक्षणिक योग्यता में ज्यादा हैं।

- नीरज कुमार



मैं अच्छे और बुरे समय में श्रीमद् भगवद गीता में भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाओं का अनुसरण करती हूं। भगवान के साथ मेरा व्यक्तिगत संबंध मेरे जीवन का केंद्र है। मैं हर दिन ईश्वर को प्रसन्न करने वाला जीवन जीने की पूरी कोशिश करती हूं। मैं ईश्वर की संतानों की सेवा करने की पूरी कोशिश करूं।

- तुलसी गबार्ड

## कुछ अलग | अजब गजब

# प्रेम विवाह से खफा लड़की के परिवार ने जिंदा बेटी का छपवाया शोक पत्र, कर दिया पिंडदान!

उज्जैन जिले की खाचरोद तहसील के ग्राम घुड़ावन में एक अजीब मामला सामने आया है। यहां एक परिवार ने अपनी बेटी मेघा गरगामा को मरा हुआ मानते हुए पिंडदान और शांति भोज का आयोजन कर डाला। इतना ही नहीं, परिवार ने शोक पत्रिका भी छपवाई और पूरे विधि-विधान से कार्यक्रम संपन्न किया। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, मेघा गरगामा ने अपने प्रेमी दीपक (पिता मदनलाल बैरागी, निवासी घिनोदा) के साथ भागकर शादी कर ली थी। जब परिवार के लोग उसे वापस लाने पहुंचे, तो उसने पुलिस थाने पर उन्हें पहचानने से इनकार कर दिया। इससे नाराज होकर परिवार ने उसकी शोक पत्रिका छपवा दी और 16 मार्च 2025



को उसकी अंतिम क्रिया, पिंडदान और शांति भोज का आयोजन किया।
लड़की के परिजनों ने कहा कि उनकी बेटी उनके लिए मर चुकी है, क्योंकि उसने एक गलत फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि जिस बेटी के कन्यादान के सपने देखे थे, अब उसी का पिंडदान करना पड़ रहा है।

**शोक संदेश हो रहा वायरल**

बेटी की शादी से नाराज परिवार ने 16 मार्च को पिंडदान और भोज किया। इस कार्यक्रम की शोक पत्रिका सोशल मीडिया पर वायरल हो गई. शोक संदेश में लिखा है। "अत्यंत दुख के साथ लिखना पड़ रहा है कि वरदीराम जी की पुत्री एवं रघुनंदन की छोटी बहन मेघा का स्वर्गवास 15 मार्च 2025, शनिवार को हो गया। जिनकी आत्मशांति हेतु उत्तरकार्य निम्नानुसार रखा गया है।"

**सरकार से की गई मांग**

भविष्य में ऐसी घटनाएं ना हों, इसके लिए सरकार से कोई नियम बनाने की मांग की गई है। उन्होंने सुझाव दिया कि 22 वर्ष की उम्र तक माता-पिता की सहमति से ही शादी का नियम लागू हो। माता-पिता अपने बच्चों के भविष्य के लिए कभी बुरा नहीं सोचते, लेकिन बड़े होने के बाद बच्चे उन्हें भूल जाते हैं, जो गलत है।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# नगर पालिका में विधायक मनोज न्यांगली ने की जनसुनवाई



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** क्षेत्रीय विधायक मनोज न्यांगली द्वारा नगर पालिका राजगढ़ में सोमवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुआ। जनसुनवाई कार्यक्रम में इस बार भी नगर पालिका प्रशासक एसडीएम मीनू वर्मा नहीं पहुंची, जिसके लिए विधायक ने जनसुनवाई के दौरान ही जिला कलेक्टर को फोन पर अवगत करवाया। जनसुनवाई में लोगों ने विभिन्न समस्याओं से विधायक मनोज न्यांगली को अवगत करवाया, जिनमें ज्यादातर मामले बकाया भुगतान तथा लंबित पट्टों की लंबित पत्रावलियों से संबंधित रहे। इसके अलावा पालिका की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए भी विधायक ने ई.ओ राकेश अरोड़ा से चर्चा की। ई.ओ अधिकारी अरोड़ा ने कहा कि उपलब्ध सीमित साधनों के बावजूद वह पालिका की बिगड़ी व्यवस्था में सुधार के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। अनेकों पत्रावलिया गायब है उस बारे में राज्य सरकार को अवगत करवाया जा चुका है। इसके अलावा पालिका के जो भी कार्य है उसे ऑनलाइन करवाया जा रहा है। बकाया पट्टों के बारे में बताया कि पत्रावलियों को संपादित कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जो पत्रावली की नगर पालिका में घपलों के जो भी मामले आए हैं उस बारे में राजस्थान सरकार को अवगत करवाया जा चुका है। राजस्थान सरकार ने राज्य स्तर तथा जिला स्तर पर जांच कमेटियां गठित कर दी है। पत्रकारों से बात करते हुए विधायक ने कहा कि उन्होंने करोड़ रूपयों के गबन के मुद्दों को विधानसभा में उठाया है और जिन्होंने भी यह गबन घोटाले किए हैं उनको बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि अब एसडीएम जनसुनवाई कार्यक्रमों में नहीं आएगी और जन हितों को अनदेखा करेगी तो उनके खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग के साथ आंदोलन भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वह नगर पालिका से संबंधित कार्यों को समुचित तरीके से करवाने का प्रयास कर रहे हैं मगर व्यवस्था बिगड़ी हुई है इसलिए उन कार्यों को पटरी पर आने में समय लगेगा।

## लखन अग्रवाल (गुगलवा वाले) बने गौ सेवा प्रभात फेरी, कीर्तन मंडल के उपाध्यक्ष

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में गौ सेवा प्रभात फेरी कीर्तन मंडल की साधारण बैठक आयोजित की गई जिसमे श्याम बाबा के विशेष कृपा पात्र मंडी व्यवसायी, गौसेवक और समाजसेवी लखन लाल अग्रवाल को गौ सेवा प्रभात फेरी कीर्तन मंडल का सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद के लिए उनके नाम का सुझाव मंडल अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने रखा और सभी सदस्यों ने ताली की करतल ध्वनि से समर्थन किया। उपाध्यक्ष बनते ही लखन अग्रवाल ने मंडल को तन-मन और धन से सफलतापूर्वक चलाने के लिए और भी हर कार्य मे पूर्ण सहयोग का वादा किया। उन्होंने कहा की मंडल का मुख्य उद्देश्य गौ सेवा जो है वो अनवरत जारी रहेगा। मंडल के चानण सारडा और ओम बंसल ने उन्हें माला पहना कर और अन्य सभी सदस्यों ने मिलकर उन्हें दुपट्टा पहना कर उनका सम्मान किया।

# किसान रजिस्ट्री शिविर में उमड़े किसान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र में सिधमुख ग्राम पंचायत में फार्मर आईडी शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित इस शिविर का उद्देश्य किसानों को उनकी खातेदारी भूमि की एक यूनिक आईडी प्रदान करना है। शिविर तीन दिन तक चलेगा। पहले दिन किसानों की 240 फार्मर आईडी बनाई गई। शिविर मे किसानों को आईडी के बारे में पूर्ण जानकारी दी। शिविर में ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी रोहतास मुंड ने बताया कि किसान रजिस्ट्री शिविर किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। कृषि पर्यवेक्षक ने इस मौके पर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री मंगल पशु बीमा योजना पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर सरपंच महावीर प्रसाद जांगिड़, रामकुमार सिहाग, गणेश राजपुरोहित,राकेश इंदौरिया, राजस्व विभाग अधिकारी,व कैंप प्रभारी जितेंद्र कुमार महला गिरदावर, जयप्रकाश, अशोक कुमार, सुरेंद्र कुमार पटवारी। पंचायती राज अधिकारी रोहतास मुंड, एलडीसी पुरुषोत्तम शर्मा,चिकित्सा विभाग एएनएम शकुंतला देवी पशुपालन विभाग डॉ.राजपाल बेनीवाल,रोहतास कुमार कृषि विभाग अधिकारी शिक्षा विभाग अधिकारी सुरेश कुमार, शिक्षा विभाग सुरेश कुमार बीसीआई अधिकारी मौजूद रहे।

## नितिन सोनी को डॉक्टरेट की उपाधि

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** रतननगर कस्बे के वार्ड नं 14 निवासी तथा जयपुर में कार्यरत सीबीआई में विशिष्ट न्यायाधीश रामवतार सोनी के बेटे एडवोकेट नितिन सोनी को डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर में वकालत कर रहे एडवोकेट नितिन सोनी ने भारत में गिरफ्तारी और हिरासत से संबंधित कानून की प्रभावशीलता पर गहन और विश्लेषणात्मक अध्ययन विषय पर अपना शोध पत्र तैयार किया था। एडवोकेट नितिन सोनी द्वारा पीएचडी पूर्ण करने पर टांटिया विश्वविद्यालय द्वारा उन्हें डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति में किसी प्रकार के रुकावट के निस्तारण हेतु उच्च स्तर पर पत्र लिखे जायें। इस दौरान बैठक में जिला कलक्टर ने खाद्य सुरक्षा आवेदनों की स्थिति पर जानकारी ली। उन्होंने जिला रसद अधिकारी को खाद्य सुरक्षा के लंबित आवेदनों के निस्तारण हेतु समुचित कार्यवाही कराने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर परिषद को शहर में साफ-सफाई के संबंध में समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने वार्डों के पुनर्गठन हेतु जनसंख्या के आधार पर यथासंभव समान प्रतिनिधित्व के बारे में विशेष ध्यान रखे जाने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने सभी विभागां बजट घोषणाओं से संबंधित विभिन्न कार्यों की क्रियान्विती की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देश दिये। उन्होंने लंबित परिवादों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को तीव्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद आव्हाद निवृत्ती सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# समिति के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** कलेक्ट्रेट में सारसर गांव में पशु चिकित्सा उप केन्द्र में पशुधन निरीक्षक रघुवीर सिंह को निलम्बन की प्रक्रिया से बहाल करने व यथा स्थान पर पुनरू कार्य ग्रहण करने की मांग को लेकर श्रीकृष्णा गौ सेवा समिति सारसर के पदाधिकारियों ने कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिला प्रमुख प्रतिनिधि मोहनलाल आर्य सरपंच प्रतिनिधि गिरधारी लाल स्वामी राशन डीलर अध्यक्ष विक्रम सिंह राठौड़ गोशाला प्रमुख भागीरथ जी सारण दानाराम सारण रामावतार माली हरूराम जी छीपा ने बताया कि उप केन्द्र के रघुवीर सिंह पशुधन निरीक्षक के पद पर कार्यरत था। जिसे किसी कारणवंश निलम्बित कर दिया गया। ग्रामवासियों ने बताया कि रघुवीर सिंह पूर्ण निष्ठा से कार्य करते है। गांव में इनसे किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नहीं है। निरीक्षक पूरा समय पशुओं की समस्याओं को लेकर सबका सहयोग करते है। इसलिए पशुधन निरीक्षक को बहाल कर पुन सारसर के उपकेन्द्र पर लगाया जाए। इस अवसर पर गांव के प्रमुख पदाधिकारियों ने पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक चूरू को भी ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर सुरेन्द्र सिंह, शिशपाल दुलाराम, प्रेम सिंह, उदाराम, ओमप्रकाश, हरिराम, बन्ने सिंह, बेगाराम, सुनील सिंह, नरपत सिंह, मांगीलाल, सांवरमल, प्यारेलाल, तारू सिंह, मेवाराम व जुगल सिंह, ओमप्रकाश राजेन्द्र बलराम आदि मौजूद रहे।

# रोजा इफ्तारी में सर्व समाज की शिरकत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला मुख्यालय पर स्थित ऑटो मार्केट जयपुर रोड पर लुहार मलसीसरिया परिवार द्वारा रोजा इफ्तारी का आयोजन किया गया जिसमें सर्व समाज के लोगों ने शिरकत की मौलाना तोफेल अहमद ने दुआ की और इफ़्तारी की दावत के बाद नमाज अदा करवाई। रोजा इफ्तारी में हाजी यूसुफ लुहार, दाऊद, मोहम्मद हुसैन लुहार, लियाकत अली, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष जमील चौहान, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष अख्तर खान, सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद अली पठान, डॉ जाकिर झारियावाला, मुराद, यासीन, पार्षद सलीम गौरी, पार्षद इस्माइल भाटी, सिकंदर खान, उम्मेद, ताज मोहम्मद, शहाबुद्दीन, बाबू दिन, अयूब अली, हाजी नत्थू लुहार व शकिल दमामी आदि ने रोजा इफ्तार किया और नमाज अदा कर देश में खुश-हाली अमन - चौन भाईचारा सोहार्द की दुआएं की गई।

# श्री शिव शक्ति मंदिर में सर्व समाज की बैठक संपन्न

## 29 मार्च को होगा शक्ति श्री सावित्री माता कोटड़ी धाम का मंगल पाठ



**चूरू।** श्री शिव शक्ति मंदिर, नई सड़क चूरू में आज सर्व समाज और प्रबंधक समिति की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य आगामी 29 मार्च 2025 को आयोजित होने वाले शक्ति श्री सावित्री माता कोटड़ी वाली के मंगल पाठ की तैयारियों को रूप देना था। इस आयोजन की सूचना पहले ही श्री शिव शक्ति मंदिर और स्वर्णकार समाज के ग्रुप में साझा कर दी गई थी। बैठक की अध्यक्षता स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष विष्णु सणखत और प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सागरमल नारनौली ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि मंगल पाठ 29 मार्च 2025, शनिवार को दोपहर 1:15 बजे आयोजित किया जाएगा। इस शुभ अवसर पर दिनेश सणखत, सुमित सोनी और सुशील सणखत द्वारा मंगल पाठ का वाचन किया जाएगा। बैठक में समाज के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें विष्णु सणखत, सागरमल नारनौली, विजय कुमार नारनौली, दिनेश सणखत, राजेंद्र सोनी, हुणनतमल सोनी, विजय कुमार ठाकरान, अर्जुन राम कड़ेल, विनोद कुमार सुनालिया, भंवरलाल नारनौली, कमल कड़ेल, चुन्नीलाल सोनी, सुशील सणखत, सुमित सोनी, पुजारी अरविंद कुमार शर्मा और तोलाराम नाई शामिल रहे। सभी सदस्यों ने आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए अपने सुझाव दिए और तैयारियों को सुचारू रूप से संपन्न करने का संकल्प लिया।

# लायंस क्लब चूरू का होली स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अग्रणी सामाजिक संस्था लायंस क्लब चूरू द्वारा टिबरेवाल धर्मशाला में क्लब कि साधारण सभा एवं होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। क्लब एडमिनिस्ट्रेटर एवं प्रांतीय सचिव लायन डॉ कमल वशिष्ठ ने बताया कि क्लब अध्यक्ष आर्किटेक्ट अनुराग शर्मा कि अध्यक्षता में क्लब की साधारण सभा हुई जिसमें आगामी लायनिस्टिक सत्र 2025-26 की नयी कार्यकारिणी (जो 1 जुलाई, 2025 से प्रभाव में आयेगी) की घोषणा नोमिनेशन कमेटी के सदस्य लायन सुनील रंजन टकणेत ने की जिसके अनुसार लायन्स क्लब की नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष लायन राजीव शर्मा, निवर्तमान अध्यक्ष लायन लायन अनुराग शर्मा, उपाध्यक्ष प्रथम लायन प्रमोद सगतानी, द्वितीय लायन ताराचंद प्रजापत, तृतीय लायन मनोज जांगिड़, सचिव लायन संजीव कुमार वर्मा, सह सचिव लायन महेंद्र धानुका, कोषाध्यक्ष आकाश सोनी, सह कोषाध्यक्ष लायन राजीव चाहर, टेमर अशोक जांगिड़, टेल ट्विस्टर दीनदयाल सैनी, निदेशक डॉ. पवन जांगिड़, प्रदीप लहरी, महेंद्र राजगढ़िया, मुकुल सिगतिया व आबिद खान को प्रस्तावित किया जिसे सदन ने सर्वसम्मति से पारित किया। साधारण सभा में क्लब अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने वर्ष भर दिए सहयोग के लिए क्लब सदस्यों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। होली स्नेह मिलन समारोह में फतेहपुर कि जाने माने लोक कलाकारों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई जिसमें क्लब के सदस्यों ने सपरिवार शानदार नृत्य किया। क्लब अध्यक्ष ने बताया कि होली स्नेह मिलन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पराक्रम राठौड़ ने लायंस क्लब के सामाजिक सरोकारों के कार्यक्रमों को बहुत ही सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि लायन अनुराग शर्मा के नेतृत्व में लायंस क्लब चूरू ने अपनी अलग पहचान बनाई है। इस अवसर पर क्लब सदस्यों के अलावा शहर के प्रतिष्ठित व्यवसाई शेरू गोयनका, महेंद्र चौबे, विश्वनाथ राजगुरु, योगेश गौड़, सावन परिहार सहित गणमान्य लोगों ने भी उत्साह से भाग लिया। क्लब के शानदार कार्यक्रम में लायन मुकुल सिग्तिया, आबिद खान, डॉ एस एम शर्मा, लायन बालकिशन राजगढ़िया, लायन रामचंद राजोतिया, कार्यक्रम संयोजक लायन मनोज जांगिड़, लायन सुनील टकनेत, लायन विनोद शर्मा, लायन सी पी खत्री, लायन राजीव शर्मा, लायन महेंद्र धानुका, लायन संजीव वर्मा, लायन पुनीत क्याल, लायन ओम प्रकाश बैरवा, लायन विजय इसरानी, लायन डॉ पवन जांगिड़, लायन संजय मित्तल ने आयोजकीय भूमिका निभाई।

# केन्द्र के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को दी शुभकामनाएं



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** कलेक्ट्रेट में समस्या समाधान केन्द्र के पदाधिकारियों ने जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा को पुष्प गुच्छ भेंटकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संस्था के सचिव प्रमोद शर्मा व अध्यक्ष सत्यनारायण व्यास ने कलक्टर को प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन का होली पर्व पर विशेष सहयोग रहा। संस्था अध्यक्ष व्यास ने जिला कलक्टर से गढ परिसर में स्थित सैटेलाईट अस्पताल में गायनिक डॉ.मूमल को स्थाई नियुक्ति करने का निवेदन करने पर जिला कलक्टर ने पक्का आश्वासन दिया कि अतिशीघ्र आदेश करवादेंगे। इस अवसर पर प्रेम बगड़िया, भवानीशंकर शर्मा, मंगल गोग्यान आदि मौजूद रहे।

# न्यूज ब्रीफ

## श्याम कीर्तन में झूमे श्रद्धालु



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जयपुर रोड पर प्रकाश सोनी के निवास पर श्रीश्याम एकादशी भक्त मंडल श्री राम मन्दिर की तरफ से श्रीश्याम कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भजन गायक संजय सर्वा सहित अन्य स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। उल्लेखनीय है कि मंडल की तरफ से फागोत्सव के तहत 15 दिनों तक श्याम कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायक राकेश दाधीच, आशीष शर्मा, नारायण, अनुज गोयल सहित अन्य कलाकारों ने भजन प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

## युवा कांग्रेस राजस्थान प्रभारी मनीष चौधरी का किया स्वागत




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** युवा कांग्रेस जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष आसिफ खान के नेतृत्व में शिक्षक भवन में आयोजित की गई। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में युवा कांग्रेस राजस्थान प्रभारी मनीष चौधरी शामिल हुए। मनीष चौधरी ने बताया कि आगामी25 मार्च को युवा कांग्रेस केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ संसद घेराव करने जा रही है जिसको लेकर कार्यकर्ताओं से दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया व राजस्थान में बढ़ती बेरोजगारी को लेकर युवा कांग्रेस राजस्थान आगामी 2 अप्रैल से जयपुर में रोजगार मेला आयोजित करने जा रही है जिससे निजी कंपनियों से सामंजस्य बैठा कर प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाएगी। जिलाध्यक्ष आसिफ खान ने बताया कि युवा कांग्रेस चूरू लगातार युवा बेरोजगारी, चूरू में हो रहे पूल निर्माण में खामियों को लेकर मुखरता से आवाज उठाएगी व सड़कों पर सरकार का विरोध करेगी। इस दौरान सम्भाग प्रभारी चांद बत्रा, राहुल यादव, जुबेर खान, विश्वास सांगवान, सुरेन्द्र महिचा, मनीष कुमावत, अनीश खान, रोहित पूनिया, सुरेन्द्र पूनिया, सोयल खान, फरमान खान, सुरेन्द्र बरोड़, मौसिम खान, पुरषोत्तम खारड़िया, अमन दाधीच, हेमंत सैनी समेत सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ग्रामीण गौशाला को 35 हजार की दवाइयां व सामग्री प्रदान की गई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** कस्बे की प्रमुख सेवा संस्थान देवकिशन स्मृति सेवा समिति रतनगढ़ द्वारा आज ग्राम पायली में हाइवे पर स्थित श्री मां करणी गौशाला में दुर्घटनाग्रस्त व घायल गौवंश के उपचार हेतु अति आवश्यक 35000/-रूपयों की दवाईयां व सर्जीकल सामग्री प्रदान की गई। गौशाला समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र राठौड़ ने समिति सदस्यों का स्वागत करते हुए समय पर अति आवश्यक दवाएं उपलब्ध करवाने के लिए धन्यवाद किया। उनके द्वारा गौशाला में बढ़ते गौवंश हेतु चारे की व्यवस्था में सहयोग का अनुरोध करने पर समिति के वरिष्ठ संरक्षक सुमित अजीतसरिया ने प्रतिमाह एक पिंकअप चारा प्रदान करने की घोषणा की। अध्यक्ष विश्वनाथ सोनी ने बताया कि संस्थान ने होली के दिन भी कस्बे के श्री कृष्ण पिंजरापोल गौशाला में भी 80000/-मूल्य की दवाईयां व सर्जीकल सामग्री प्रदान की थी।

**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना संख्याः AGC-EL-GSU-T-02-25 दिनांकः 12.03.2025

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

उप मुख्य, विद्युत अभियन्ता (गति शक्ति), एन.सी. आर, आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ओन लाइन (E-TENDERING) द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| **टेंडर संख्याः** AGC-EL-GSU-T-02-25, **कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधिः** आगरा डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों पर अमृत स्टेशनों स्कीम के तहत signages बोर्ड्स का प्रावधान। **Completion Period-** 09 Months | |
| **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 1,93,46,914.00/- | |
| **टेंडर डालने की अंतिम तिथि व समयः** दिनांक 04.04.2025 को 16:00 बजे तक टेंडर डाल सकते हैं। | |

पूरी जानकारी एवं टेंडर में भाग लेने हेतु इंडियन रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in देखे। टेंडर केवल बेव पोर्टल इंडियन रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 16:00 बजे तक दिनांक 04.04.2025 तक टेंडर डाल सकते है। 484/25 (MG)

North central railways | @ CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.i

**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना संख्याः- ए.जी.सी.-ई.एल.जी.-टी.-26-2024-25 दिनांक : 13.03.2025

**ई-निविदा सूचना**

वरि0 मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑन लाइन (E-Tendering) द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| **टेन्डर नं0 : AGC-ELG-T-26-2024-25** | |
| **कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधि :** आगरा मंडल में 3MWp सोलर प्लांट का प्रावधान। पूर्ण करने की अवधि - 09 माह | |
| **कार्य की अनुमानित लागत : Rs. 173494740/- (including GST)** | |

पूरी जानकारी एवं टेन्डर में भाग हेतु **Indian Railways website www.ireps.gov.in** देखें। टेन्डरर्स केवल बेव पोरटल **Indian Railways website www.ireps.gov.in** पर **15:00 बजे** तक **दिनांक 07.04.2025** तक टेन्डर डाल सकते है। **485/25 (C)**

@CPRONCR | North central railways | cproncrly | CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: JHS-N-W-10-25 दिनांकः 13.03.2025

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

| | |
|---|---|
| **कार्य का नामः** प्रोविजन एसएंडटी वर्क इन कनेक्शन विथ एफओवीएस 12.0 एम वाइड एट 11 न. स्टेशन्स (बाँदा, महोबा, चित्रकूट धाम कर्वी, डबरा, मुरैना, भिंड, टीकमगढ़, छतरपुर, ललितपुर, उरई & दतिया) ऑफ़ झाँसी डिवीज़न अंडर अमृत भारत स्टेशन स्कीम। | |
| **कार्य लागत लगभगः** ₹ 20054979.44/-Only | **धरोहर राशिः** ₹ 250300/-Only |
| **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** Nil | **निविदा खुलने की तिथिः** 04.04.2025 Time 15.00 |
| **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 12 माह | |

निविदा दिनांक **04.04.2025 को 15:00** बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T)** पर देखें। 490/25(DG)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

# दावानलः मातर माता पहाड़ी पर धधकी आग, बड़े क्षेत्र में फैली

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** गर्मी के मौसम की आहट होते ही जिला मुख्यालय की पहाड़ी पर आग सुलगने लगी है। सोमवार को सवेरे दस बजे आम्बेश्वर एवं मातरमाता की पहाड़ी स्थित टनल के पास पहाड़ी एरिया में आग लग गई। सूखी झाड़िया होने के कारण देखते ही देखते पहाड़ी के बड़े क्षेत्र में आग फैल गई। हालांकि जानकारी मिलते ही वननाका से करीब दर्जनभर कर्मचारी मौके पर पहुंचे तथा आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। हालांकि आम्बेश्वर पहाड़ी पर आग का रूप कम होने के कारण समय पर आग काबू में आ गई। लेकिन, टनल के पास आग का विकराल रूप ने काफी क्षेत्र की वनसंपदा को नष्ट कर दिया। इससे पहले भी जनवरी माह में आग लगी थी। जिससे काफी मात्रा में झाड़िया जली थी।





## सरिसृप वर्ग के जीवों को नुकसान

पहाड़ियों पर लगने वाली आग ग्राउंड लेवल पर घास में ही लगती है। जिससे सरिसृप वर्ग के जीवों को नुकसान होता है। क्योंकि छोटे रेंगने वाले जीव अधिक दूरी तक नहीं भाग पाते और आग की चपेट में आने से मर जाते हैं।

## आग बुझाने में आती है परेशानी

पहाड़ियों पर आग लगने पर इसे बुझाने में काफी परेशानी होती है। क्योंकि पहाडियों पर आग बुझाने के संसाधन मौजूद नहीं है। ऐसे में वनकर्मी इसे पारंपरिक तरीके से ही बुझाते हैं। इनमें झाड़ियों से पीटकर दूसरी ओर से सेफ जोन तैयार किया जाता है। इससे आग बुझाने में समय लगता है। आग का वेग तेज होने बावजूद नियंत्रण के प्रयास किए जाते हैं।

# न्यूज ब्रीफ

## भूराराम बने सूरत के मोटा मगरा परगना अध्यक्ष





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** होली महोत्सव को लेकर राजपुरोहित समाज मोटा मगरा परगना की ओर से सूरत में होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के सभी वर्ग के लोगों ने भाग लिया। वक्ताओं ने समाज को शिक्षित बनाने पर जोर दिया। समारोह के दौरान नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें भूराराम पुरोहित गोलाणा को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष कपूराराम पुरोहित सिलदर, कोषाध्यक्ष पद पर समरथमल हालीवाड़ा, सह कोषाध्यक्ष रमेश पुरोहित आमलारी को मनोनीत किया गया।

## ग्रामीणों को दी केन्द्र की योजनाओं की जानकारी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** केन्द्रीय संचान ब्यूरों की ओर से सोमवार को पाडीव के नया तालाब खुदाई स्थल पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्रीय संचार ब्यूरो, प्रभारी अधिकारी फूलचंद गहलोत ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, सुकन्या समृद्धि योजना व संविधान के 75 वर्ष पर हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान पर जानकारी प्रदान की। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता भीकसिंह भाटी ने बाल विवाह के दुष्परिणाम एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण के लिए होने वाले घातक प्रभावों पर जानकारी दी। प्रश्नोत्तरी में अव्वल प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। ग्राम पंचायत लिपिक हकमाराम मीणा उपस्थित थे।

## प्रेरकों को अटल सेवा प्रेरक भर्ती में समायोजित कराने की मांग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**गोयली।** सांसद लुम्बाराम चौधरी शिवगंज आगमन पर जिले के साक्षरता प्रेरकों ने मिलकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर प्रेरकों को अटल सेवा प्रेरक भर्ती में समायोजित करने की मांग की। साक्षरता प्रेरकों ने बताया कि प्रेरकों को राजस्थान सरकार कि आगामी अटल प्रेरक भर्ती में समायोजित किया जाएं। जिसमे आयु और योग्यता में छूट दी जाए। प्रेरक पकाराम, सेवाराम संत, गणेशराम मेघवाल, वर्षा सोनी, त्रिकमाराम, चंदन माली, मांगीलाल, रेणु राठौड़, जिलाध्यक्ष मफतलाल बुनकर व मुकेश गोल के साथ कई प्रेरक मौजूद थे।

## धोखाधड़ी करना भारी पड़ा, आरोपी गिरफ्तार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** रीको पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। रीको थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह चंपावत के अनुसार गुजरात के अहमदाबाद के शाहीबाग सुभाष हवेली के मकान नं. बी-1 निवासी रुचित पुत्र भरत कुमार फगानिया को गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि मावल की जयदेवा इंडस्ट्रीज के मालिक मदनसिंह ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसकी ईकाई से अहमदाबाद निवासी रुचित फगानिया स्टील के पाटे लेकर गया था। जिसके 66 लाख रूपए धोखाधड़ी करते हुए हड़प लिए है। अनुसंधान के दौरान आरोपी रूचित फगानिया को पुलिस टीम द्वारा अहमदाबाद से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया।

## माधव में आज होगी सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्यशाला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** माधव विवि में मंगलवार को स्काउट की ओर से सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। सीओ एमआर वर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला में उपस्थित रोवर रेंजर एवं छात्र छात्राओं को सिंगल यूज प्लास्टिक रोकथाम, जल सरंक्षण, ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सौर ऊर्जा की जानकारी दी जाएगी। माधव यूनिवर्सिटी के नए रोवर रेंजर को दीक्षा भी दी जाएगी।

## राजनीतिक दलों की बैठक आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** विधानसभा क्षेत्र सिरोही के हर मतदान बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति, मतदाता सूची में लिंगानुपात, जनसंख्या के अनुपात में दर्ज मतदाता के संबंध में मंगलवार को सिरोही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी ( एसडीएम) कार्यालय में बैठक होगी। इस बैठक में उपखंड सिरोही के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

## रोशन बापू का हुआ इंतकाल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार/रेवदर।** पवेलियन स्थित मुस्लिम कब्रिस्तान के पास स्थित सामुदायिक भवन में सोमवार को रोशन बापू ने अंतिम सांस ली। इसकी खबर सुनते ही लोग रेवदर पहुंचे। लोगों ने बताया कि बापू करीब चालीस साल पहले रेवदर में आए थे। लोगों ने बापू से कई बार उनके बारे में उनके परिवार के बारे में जानने कि कोशिश की थी। लेकिन, बापू किसी दूसरी भाषा में बोलने के कारण इनका पता नहीं चल पाया। शहिदभाई नागौरी ने बताया कि कई बार पता पूछा लेकिन नहीं बताया। उन्होंने बताया कि बापू के पास सभी धर्म के दुखियारी लोग आते थे। बापू उनके लिए खुदा से दुआ करते और सिर पर हाथ फेरकर जाने का बोलते वो व्यक्ति ठीक हो जाता था। ब्यावर निवासी राजू माली ने इनकी सेवा की थी। मौत की खबर सुनते ही उनके चाहने वाले रेवदर कब्रिस्तान में एकत्रित होने लगे। जनाजे की नमाज मौलाना जावेद अनवर ने पढ़ाई। सदर यासीन खान, शकूर खान, इम्तियाज खान, शिवा मीणा, रामाराम पुरोहित, आसू खान आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय के सभागार में एनएसएस की ओर से राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम की प्रभारी श्रीमती संगीतासिंह ने कहा कि विश्व टीकाकरण दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को संक्रामक रोगों के प्रति सचेत करना और टीकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना है। उन्होंने बताया कि टीकाकरण के माध्यम से सं ामक रोगों से बचाव संभव है। जिससे समाज के स्वास्थ्य स्तर में व्यापक सुधार होता है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय की प्रभारी डॉ. रेणुका ने टीकाकरण के महत्व को समझाते हुए कहा कि बच्चों को लगाए जाने वाले टीके उनके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के निदेशक डॉ. देवेंद्र मुजाल्दा ने टीकाकरण के दिवस पर अपने विचार साझा किए। कार्य म के अंत में आयोजकों ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को टीकाकरण के महत्व को लेकर सतर्क और जागरूक रहने का संदेश दिया।

# राजेश फिर बने रावल ब्राह्मण छात्रावास बारह शासन अध्यक्ष

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** रावल ब्राह्मण छात्रावास बारह शासन में शनिवार को आमसभा एवं होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सिरोही, जालोर, पाली के 16 परगनों के समाज के लोगों ने भाग लिया। समारोह का आगाज अध्यक्ष राजेश रावल, देवारामराम, लालाराम, अशोक रावल, अमृत रावल एवं सुरेश रावल ने सारणेश्वर भगवान की पूजा अर्चना कर किया। प्रकाशराज रावल ने छात्रावास की ओर से पिछले तीन वर्ष में कार्यों की जानकारी दी।





### इन्होंने किया सम्बोधित

पूर्व शिक्षा अधिकारी जगदीश रावल ने कहा कि छात्रावास कमेटी ने पिछले तीन वर्ष मे शिक्षा के क्षेत्र मे कई उत्कृष्ट कार्य किए है। सुमेरपुर भाजपा मण्डल अध्यक्ष रविकांत रावल ने कहा की छात्रावास में शिक्षा का एक अच्छा प्रकल्प चल रहा है। जिससें हम सबकी भावना जुड़ी हुई है। अध्यक्ष राजेश रावल और उनकी कमेटी ने कई कार्य किए है। राकेश रावल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र मे हॉस्टल अच्छा काम रहा है। कई लोग वाद विवाद कर रहे है। यह उचित नहीं है। हम सबको अपनी मर्यादा बनाकर शिक्षा के क्षेत्र और हॉस्टल को कैसे सहयोग करना है। दिनेश रावल ने कहा की आज समय की मांग है की शिक्षा के क्षेत्र में हमें और प्रयास करने है। छगनलाल रावल, महेंद्र रावल एवं कांतिलाल ने भी सम्बोधित किया।

### इस प्रकार गठित हुई नई कमेटी

हॉस्टल अध्यक्ष राजेश रावल के तीन वर्ष पूर्ण होने पर उन्होंने आमसभा में नई कमेटी बनाने के लिए अपनी बात रखी। काछोली के अशोक रावल ने वर्तमान अध्यक्ष राजेश रावल को फिर से अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा। जिस पर पालडी शासन के प्रतापराम रावल ने अनुमोदन किया। जिसका सभी ने समर्थन देकर राजेश रावल को फिर से अध्यक्ष बनाने की घोषणा की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर प्रतापराम पालडी, सचिव प्रकाशराज जीरावाल, कोषाध्यक्ष दिनेश रावल अरठवाडा, उपाध्यक्ष जगदीश रावल असावा, ईश्वर रावल नीमतलाई की घोषणा कर सभी का स्वागत किया। इसके बाद नवकमेटी गठित होने के बाद होली स्नेह मिलन समारोह मनाया गया। सभी ने एक दूसरे पर रंग डाला।

### यह भी रहे मौजूद

आमसभा में स्वाभिमान मंच के राष्ट्रीय संयोजक सुरेश रावल, पिण्डवाड़ा के सरस्वती संस्थान अध्यक्ष राकेश, देवाराम, मंच सह संयोजक मुकेश रावल, वीरवाड़ा अध्यक्ष तुलसी रावल, लालाराम, जगदीश, मगन, अशोक, राजुभाई, प्रताप, अशोक पंडित, तरुण, रमेश, मनोज, सुखदेव, अमृत, कनुभाई, जगदीश, राहुल, राजू , विनोद, अनिल आबूरोड, कालूभाई सारणेश्वर, रतनराज, विक्रम, फौजाराम, ईश्वरलाल, हसमुख, मोहन, हितेश, महेन्द्र रावल, रविकांत, इन्द्र, ललीत, प्रकाश, लीलाराम, भेरुशंकर, लक्ष्मण, गोविंद, शिवराम, हरीशंकर, जगदीश, रविंद्र, प्रषोतम, जीतेन्द्र, फुलचंद, छगन, अशोक, राजेन्द्र, कैलाश आदि मौजूद थे।

# राम जन्मोत्सव के सफल आयोजन के लिए बैठक आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** शहर में छह अप्रेल को रामनवमी महोत्सव को भव्य बनाने के लिए विहिप, बजरंग दल की ओर से मंगलवार शाम को आदर्श विद्या मंदिर रामझरोखा में सर्व समाज, सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं, संगठनों, व्यापार संघो, भजन मंडलियों की बैठक का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को तैयारी को लेकर बैठक कर सभी को आमंत्रण देने के लिए जिम्मेदारी दी गई। विश्व हिंदू परिषद के नगर प्रखंड सहमंत्री पुखराज सुथार ने बताया कि श्रीराम नवमी भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं का एक महत्वपूर्ण पर्व है। इस शुभ अवसर को भव्य रूप से मनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद, सिरोही नगर द्वारा मंगलवार को सर्वसमाज की एक चिंतन बैठक का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रामनवमी शोभायात्रा समिति के गठन, शोभायात्रा तथा अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सुथार ने बताया कि बैठक में धार्मिक,सामाजिक संगठनो के अध्यक्ष, प्रतिनिधि, सभी समाजों के प्रमुख पदाधिकारी, विभिन्न मंदिरों के ट्रस्ट मंडल के सदस्य, भजन मंडली, धर्मप्रेमी नागरिकों एवं सभी राम भक्त उपस्थित रहेंगे। विहिप के शिवलाल सुथार प्रांत सहधर्माचार्य, विहिप नगर सहमंत्री राजेन्द्रसिंह परमार, मोंटूसिंह विहिप नगर मंत्री, कपील त्रिवेदी, हिमांशु पुरोहित विहिप ग्रामिण प्रखण्ड मंत्री, प्रकाश सेन नगर समरसता प्रमुख,जसवंत माली बजरंग दल सह संयोजक, इन्द्रा खत्री मातृशक्ति संयोजिका, रंजन बहन नगर मातृ संयोजिका, दुर्गावाहिनी जालोर विभाग संयोजिका पिंकी राजपुरोहित, मंजू खत्री, नीता रावल, बाबूसिंह, हिम्मत, प्रवीणसिंह, मांगूसिंह, जब्बरसिंह, दिनेश वैष्णव, हितेन्द्र ओझा, सुनिल गुप्ता, गोविन्द माली, गोपाल माली, अनिल, रामलाल मेघवाल,माणक कुमावत, संजय कुमार वर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# प्री इओ आरओ परीक्षा का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** मेघवाल समाज सेवा समिति पामेरा परगना की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करते हुए राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोड़ी में इओ आरओ परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों परीक्षा देने का समय, प्रश्न पत्र हल करने समेत अन्य संकाओं को दूर किया गया। कांतिलाल चौहान, कांतिलाल सिरोडी, सुभाष सिरोड़ी, दीपाराम उडवारिया, खंगाराराम सनवाडा, छगनलाल, विकेश, रमेश कुमार, नारायण लाल पिथापुरा, जयंतिलाल, कृष्ण कुमार, विकेश कुमार, भानाराम, प्रकाश, विजयराज, मंछाराम, नरेश कुमार, प्रकाश कुमार एवं गोपाल कुमार का सहयोग रहा।



# माधव में 100 दिव्यांगों को मिल रही है नि:शुल्क शिक्षा: डॉ राजकुमार

### दिव्यांग विद्यार्थियों को वितरित की पाठ्य सामग्री

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. राजकुमार ने होली के अवसर पर माधव विशेष विद्यालय के दिव्यांग विद्यार्थियों को स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक व शैक्षणिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। चैयरमेन डॉ. राजकुमार ने कहा कि माधव विवि दिव्यांग विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करने वाला राजस्थान का एकमात्र विश्वविद्यालय है। वर्तमान में 100 दिव्यांग विद्यार्थियों को इस योजना के तहत नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्यरत है और भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे। रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत, होम्योपैथी विभाग की निदेशक डॉ भारती देसाई, चीफ स्टेट ऑफिसर महेंद्रसिंह गुर्जर, विशेष शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजसिंह सहरावत, विशेष विद्यालय के अध्यापक पवन कुमार, रविकांत शर्मा, कृष्ण वीर, शशि गुर्जर एवं विष्णु कुमार उपस्थित रहे। कार्य म के दौरान उपस्थित अतिथियों ने दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की और उन्हें शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।



# टीबी रोकथाम करने आज से जिले में 18 वर्ष से अधिक आयु वालों को भी लगेगा एडल्ट बीसीजी का टीका

## शहर में निकाली गई जन चेतना रैली को कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** जिले में टीबी रोकथाम के लिए मंगलवार से एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन कैंपेन शुरू किया जाएगा। जिला कलेक्टर रामवतार मीणा ने बताया कि प्रदेश में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में झुंझुनूं और भीलवाड़ा जिलों में यह अभियान शुरू किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया टीबी विन एप के जरिए 83 हजार से अधिक लोगों ने टीका लगवाने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है। उन्होंने बताया कि यह टीका 18 वर्ष से अधिक आयु के चयनित ग्रुप को लगाया जाएगा। जिसमें पिछले पांच साल में टीबी का ट्रीटमेंट लेने वाले लोग, टीबी मरीजों के संपर्क में रहने वाले लोग, स्मोकिंग करने वाले लोग, डायबिटीज वाले लोग एवं 60 साल से अधिक उम्र के सभी लोग। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने बताया कि उन लोगों को यह टीका नहीं लगाया जाएगा। जिनका अभी टीबी का ट्रीटमेंट चल रहा है, कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग, इम्यूनिटी ड्रग ले रहे हो, एचआईवी या गंभीर संक्रमण वाले लोग, 18 वर्ष की उम्र में कम आयु के लोग, तीन महीने में बल्ड ट्रांसयुजन हुआ है वो लोग, गर्भवती और धात्री महिलाओं एवं टीके के लिए सहमति नहीं देने वाले लोगों को यह टीका नहीं लगाया जाएगा।

**सब सेंटर से जिला अस्पताल तक लगेगा टीका :** आरसीएचओ डॉ. दयानंद सिंह ने बताया कि मंगलवार को जिले में सभी उप स्वास्थ्य केंद्रों, पीएचसी, सीएचसी, एसडीएच एवं जिला अस्पताल पर टीबी वैक्सीनेशन किया जाएगा। इसके बाद जो लोग बचेंगे। उन्हें एमसीएचएन दिवस पर टीके लगाए जाएंगे। साथ जिस भी संस्थान पर नियमित टीकाकरण होगा वहां पर टीबी वैक्सीनेशन भी करवाया जाएगा।

**नर्सिंग स्टूडेंट्स द्वारा शहर में निकाली गई जन चेतना रैली :** टीबी वैक्सीनेशन अभियान की जागरूकता के लिए सोमवार को जिला मुख्यालय पर एक रैली का आयोजन किया गया। रैली में जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने शहीद पार्क से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। जो शहर में रोड नंबर एक से होते हुए गांधी पार्क तक पहुंची। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, आरसीएचओ डॉ. दयानंद सिंह, डीटीओ डॉ. विजयकुमार मांजू, डीपीसी डॉ. महेश कड़वासरा, मोहन चाहर सहित ट्यूटर और सैंकड़ों नर्सिंग स्टूडेंट्स मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने नर्सिंग संस्थानों का आभार जताया।

# श्री रूकमणी मंगलपाठ का विमोचन समारोह आयोजित



## पुस्तक की प्रथम प्रति मां महालक्ष्मी को की गई समर्पित

**चिड़ावा।** शहर के सनातन आश्रम के प्रणेता वाणी भूषण पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी के द्वारा रचित श्री रूकमणी मंगलपाठ का विमोचन समारोह महालक्ष्मी धाम पोद्दार पार्क में संपन्न हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में भगवत जन कल्याण मिशन के पदाधिकारी मौजूद रहे। पुस्तक की प्रथम प्रति महालक्ष्मी को समर्पित की गई। पुस्तक के बारे में बोलते हुए रचयिता प्रभुशरण तिवाड़ी ने बताया कि रूकमणि जी मां महालक्ष्मी का ही अवतार है। भगवान कृष्ण की परम पटरानी रूकमणि जी के जन्म से लेकर उनके विवाह तक की संपूर्ण गाथा दोहा, सोरठा, छंद, चौपाई, गीत आदि के माध्यम से पुस्तक में लिखी गई है। इसका संगीतमय पाठ दो घंटे में किया जा सकेगा। इस दौरान बोलते हुए भगवत जन कल्याण मिशन ट्रस्ट के सचिव रामनिवास जांगिड़ ने बताया कि तिवाड़ी द्वारा संपूर्ण देश में सर्वाधिक मंगल पाठ की रचना की गई है। इनके बनाए मंगलपाठ देश के साथ ही विदेश में भी हजारों व्यक्तियों के द्वारा किए जा रहे है। इस दौरान वयोवृद्ध आयुर्वेदाचार्य जनार्दन शर्मा, पूर्व पार्षद शिवलाल सैनी, ब्रह्म चैतन्य संस्थान के पूर्व अध्यक्ष राजन सहल, सुरेश शर्मा, शिक्षाविद देवीदत्त शर्मा, महेंद्र मेघवाल, श्यामसुंदर शर्मा, मनीष शर्मा, गिरधर गोपाल महमिया, मेहर कटारिया, अनिल लाम्बीवाला, तेजप्रकाश सोनी, रामनिवास वर्मा, मुकेश सैनी, महेंद्र बदनगढ़िया, रामचंद्र शर्मा, महेंद्र रणवां, विजय सिंह, राजेंद्र सैनी सहित अन्य जन मौजूद रहे।

# नरहड़ गांव में किसान सभा की कमेटी का गठन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चिड़ावा।** अखिल भारतीय किसान सभा ने नरहड़ गांव में ग्राम कमेटी का गठन किया गया।पर्यवेक्षक के बतौर जिला उपाध्यक्ष बजरंगलाल बराला व नहर सत्याग्रह आंदोलन के यात्रा संयोजक रणधीर सिंह ओला भी उपस्थित रहे। श्री कृष्ण सेवा संस्थान नरहड़ के परिसर में बहादुर सिंह शेखावत की अध्यक्षता में वंदे भारत मातरम के सामने दीप प्रज्वलित कर मिटिंग का शुभारंभ किया गया। नरहड़ ग्राम कमेटी में पदाधिकारियों का चयन सर्व सम्मति से किया गया। जिसमें अध्यक्ष सत्यवीर बुडानिया, सचिव दूलीचंद नरहड़िया, कोषाध्यक्ष मेघराज जांगिड़, उपाध्यक्ष उमराव सिंह, तनसुख रणवां, सुनिल डूडी, ओमप्रकाश खारड़िया, सह सचिव सुरेश कुमार धायल, जगमोहन सिंह, संरक्षक दरियासिंह धायल, संयोजक बहादुर सिंह शेखावत, सदस्य के रूप में योगेश, हवासिंह लूहाण, इंद्रकुमार, विमल कुमार, मनोहरलाल चौहान, महेंद्रसिंह, छोटेलाल आदि को बनाया गए। ग्राम कमेटी में नरहड़ गांव में चल रहा राजकीय अस्पताल पीएचसी में अव्यवस्थाओं पर भी चर्चा हुई। उनमें तुरंत सुधार के लिए कलेक्टर को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। इस वक्त मौसमी बीमारी ज्यादा चल रही है और डॉक्टर, नर्स की कमी के चलते मरीजों को समय पर प्राथमिक उपचार सही समय पर नहीं मिल पा रहा है। श्रीकृष्ण सेवा संस्थान ने जल्दी ही नरहड़ अस्पताल में एक ब्लड डोनेशन कैंप लगाने पर ग्राम कमेटी को सहयोग की अपेक्षा का प्रस्ताव रखा। जिसको किसान सभा की ग्राम कमेटी ने ध्वनिमत से अध्यक्ष की सलाह से समर्थन दिया। इस वक्त पूरे जिले में 765 केवीए हाई टेंशन बिजली लाइनों से किसानों के खेतों में बिना परमिशन, बिना मुआवजा दिए ही किसान के खेतों को बर्बाद कर रहे हैं। किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने पूरे जिले में कंपनी के काम को बंद करवा रखा है। केंद्र सरकार के आदेशानुसार टॉवर का बाजार भाव का चार गुना, कोरी डोर का तीस प्रतिशत, पेड़ों का, मकान का, ट्यूबवेल का सभी का एकमुश्त किसान के खाते में जमा करके ही कम्पनी कार्य चालू करें। अध्यक्ष सतवीर सिंह बुडानिया ने सभा के समापन पर सभी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि नरहड़ ग्राम कमेटी को मजबूती से नहर सत्याग्रह आन्दोलन जो 450 दिनों से लाल चौक पिचानवां पर अनिश्चितकालीन धरना जारी है।

# सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में होली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुकुंदगढ़।** मंडी बाईपास रोड पर स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव आश्रम परिसर में सोमवार को आश्रम के महंत चेतननाथ महाराज एवं अभयनाथ महाराज के सानिध्य में शहर व देहाती क्षेत्रों के भक्तों का कुंभ मेले में स्नान करने की अच्छी व्यवस्था की है व सफल व्यवस्था होने पर शहर व देहाती क्षेत्रों के सेवक गणों ने एक होली स्नेह मिलन कार्यक्रम रखकर महंत चेतननाथ महाराज एवं अभयनाथ महाराज तथा सुंदरनाथ महाराज व दीपकनाथ का माल्यार्पण व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। महाराज ने कहा कि हमें भगवान ने सेवकों की सेवा के लिए ही धरती पर भेजा है और आगे भी ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों में सेवकों की सेवा करते रहेंगे। इसके बाद सेवकों ने महाराज के साथ फूलों की होली खेली और भक्तों ने महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद महिला कीर्तन का आयोजन हुआ। बाबा को भोग लगाकर भक्तों को पंगत में बिठाकर प्रसादी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र पोरवाल, राजेंद्र भोड़कीवाला, रामकरण डांगी, भास्कर दूलड़, सुरेश शर्मा नूआंवाले, समाजसेवी रामकुमार सैनी, रघुवीर बांगड़वा, महेंद्र दादरवाल, सज्जन सैन, ओमप्रकाश स्वामी बऊधाम, जगदीश बऊधाम, विनोद शर्मा, चंद्रपाल दूलड़, प्रेमपाल दूलड़, मनोज पोरवाल, दिनेश जांगिड़, संगीता अग्रवाल, अनितादेवी, मुन्नी देवी पोरवाल, सतवीर जाखड़, शंभू पारीक फतेहपुर, राजेंद्र कुमावत सीकर, कुलदीप सांखला, राकेश शर्मा, सुरेश गोदारा, प्यारेलाल, गोपाल, सुरेंद्र सैन सहित सैंकड़ों सेवकगण मौजूद थे।

# सोती गांव में बंदर का आतंक, महिला पर बोला हमला



**झुंझुनूं।** निकटवर्ती गांव सोती में एक बंदर इन दिनों आतंक मचा रखा है। बंदर के आतंक से एक महिला घायल हो गई। गांव में दो दिन पहले एक बंदर देखा गया। बंदर लगातार गांव में ही घुम रहा है और आए दिन लोगों पर हमला कर रहा है। सोमवार को यह बंदर गुर्जरों की ढ़ाणी में एक घर की छत पर बैठा हुआ था। घर में काम कर रही महिला विद्या देवी पर अचानक बंदर ने हमला बोल दिया और हाथ को काट डाला। जिससे विद्या देवी के हाथ से खून बहने लगा। इसके बाद विद्या देवी को बीडीके अस्पताल लेकर गए और वहां पर चिकित्सकों ने तीन टांके लगाकर इलाज किया। इससे पहले दिन गांव के महेश मेघवाल ने बताया कि वह सुबह दुकान पर सामान लेने निकला तो बंदर पीछे पड़ गया। इस दौरान उन्होंने भागकर जान बचाई। ग्रामीणों ने बताया कि बंदर गांव के घरों और मुख्य सड़क पर घुम रहा है शाम को सड़क पर से गुजरने वाले लोगों और दुपहिया वाहन चालकों पर हमला कर रहा है। इससे गांव में भय का माहौल बना हुआ है। इधर ग्रामीणों ने बंदर को पकड़ने के लिए वन विभाग और नगर परिषद झुंझुनूं को सूचना दी हैं।

# युवा कांग्रेस जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं युवा कांग्रेस जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला मुख्यालय पर स्थित होटल खाना खजाना में राजस्थान युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी मनीष चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विशेष रूप से कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुधींद्र मूंड मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुए यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनिल झाझड़िया ने कहा कि जल्द ही जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा और आज का जिले का जो युवा है वह गैंबलिंग और ऑनलाइन सट्टे में लिप्त होता जा रहा है। जिसके खिलाफ झुंझुनूं युवा कांग्रेस प्रत्येक गांव ढाणी तहसील ब्लॉक स्तर पर जन जागृति अभियान चलाएगी और समाज के अंदर बैठे सट्टेबाजों के खिलाफ सामाजिक बहिष्कार की मुहिम चलाएगी और कहा कि झुंझुनूं जिले के अंदर पुलिस का इकबाल खत्म हो चुका है। जिले के प्रत्येक कोने में कभी एटीएम टूट रहे हैं। कभी किसी के घर में चोरी हो रही है दिनदहाड़े डाके डाले जा रहे हैं। कानून का राज खत्म हो चुका है। बदमाशी चरम पर है जिसका हम पुरजोर तरीके से विरोध करेंगे। साथ ही अमेरिका से रोजगार के लिए गए हुए भारतीय नागरिकों को मानवीय रूप से वीडियो के साथ जहाज में भेजे जाने के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया और वर्तमान भाजपा सरकार के नुमाइंदों द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बदले की भावना के साथ कार्रवाई करने के खिलाफ सभी साथियों से एकजुट होकर विरोध करने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष सुनिल झाझड़िया ने युवा कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा प्रस्तावित 25 मार्च को दिल्ली संसद घेराव के लिए ज्यादा से ज्यादा झुंझुनूं जिले से कार्यकर्ताओं के पहुंचने की बात कही। बैठक को संबोधित करते हुए कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुधींद्र मूंड ने कहा कि हमें अब गांव स्तर तक कमेटियां बनाकर कांग्रेस को मजबूत बनाना है। बैठक को युवा कांग्रेस के संभाग प्रभारी चांद बत्रा, संभाग से प्रभारी राहुल यादव, प्रदेश महासचिव अविनाश लांबा, जिला उपाध्यक्ष प्रवन चौधरी ने भी संबोधित किया। बैठक में प्रदेश महासचिव राहुल पूनियां, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राहुल जाखड़, पिलानी विधानसभा अध्यक्ष सौरभ शर्मा देवरोड़, जिला उपाध्यक्ष इस्माइल तंवर, जिला महासचिव चंदन नूआं, जिला सचिव आदिल खत्री, जिला सचिव लकी शर्मा सिंघाना, रवि शर्मा, साहिल कुमार, साहिल चोयल, अरमान अली, अनिल पुजारी, लोकेश चौधरी, युवराज शर्मा, पिंटू सिंह, प्रदीप बेनीवाल, हरि मीणा टोडपुरा, अरविंद मिटावा, फरमान चौपदार, अंकित पूनियां, शशांक चौधरी, सचिन ढाका, प्रतीक मूंड, राजेश खीचड़, लोकेश टीटनवाड़, महेंद्र मूंड सहित सैंकड़ों युवा कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्तिथ रहे।

## झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

# नए शैक्षिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ 20 मार्च से



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं इंटरनेशनल विज्डम सिटी स्थित झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई स्कूल में सोमवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम विधिवत रूप से घोषित किया गया। इसका शुभारंभ जीवेम चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी, मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी, स्कूल निदेशक आकाश मोदी, गरिमा मोदी, स्कूल प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा, उप प्राचार्या सरोज सिंह, हैडमिस्ट्रेस उमा शर्मा, एडमिशन डायरेक्टर श्यामसुंदर शर्मा तथा प्रशासक कमलेश कुलहरि ने मां सरस्वती के चित्र सम्मुख दीप-प्रज्जवलित कर किया। जानकारी देते हुए स्कूल प्राचार्य डॉ. शर्मा ने बताया कि कक्षा नर्सरी से 9 तथा 11 तक के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें अभिभावकों ने अपने बच्चों के साथ विद्यालय में पधारकर उनके परीक्षा परिणाम एवं शैक्षिक प्रगति की जानकारी प्राप्त की एवं सभी विषयाध्यापकों के साथ विद्यार्थियों के शैक्षिक उन्नयन की विस्तार से चर्चा की गई। पधारे हुए सभी अभिभावकों का स्वागत करते हुए शर्मा ने बताया कि विद्यार्थी, अभिभावक एवं अध्यापकों के त्रिकोणीय संबंध तथा सामन्जस्य पूर्ण चर्चा से ही विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति संभव है। सभी अभिभावकों ने उत्साहपूर्ण वातावरण में अपने बच्चों का परीक्षा परिणाम देखा। इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद् द्वारा सम्पूर्ण विज्डम सिटी को शानदार ढंग से सजाया गया। इंद्रधनुष की थीम पर विद्यार्थियों के द्वारा शानदार रंगोली बनाई गई। साथ ही विज्ञान एवं तकनीकी विषयों पर मॉडल भी स्कूली बच्चों के द्वारा तैयार किए गए। जो सभी के लिए एक आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए साइंस सहित अनेक विषयों के विभिन्न प्रकार के मॉडल्स एवं प्रोजेक्ट्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई। स्कूल के सभी थीम बेस्ड डिस्प्ले बोर्ड्स को भी विद्यार्थियों ने शानदार ढंग से सजाया। गुरूवार 20 मार्च से नए शैक्षिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ होगा। नए शैक्षिक सत्र को लेकर सभी अध्यापकों एवं विद्यार्थियों में उत्साह दिखाई दिया।

## परसरामपुरा में फागोत्सव मनाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** जिले के गांव परसरामपुरा स्थित शास्त्री फार्म हाऊस पर युवा विकास मंच के सौजन्य में फागोत्सव हुआ। फागोत्सव में नवलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के हजारों लोग और पूर्व मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा के अनेक समर्थक शामिल होने पहुंचे। फागोत्सव में युवा विकास मंच के कार्यकर्ताओं ने भव्य आतिशबाजी की। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा ने आए हुए मेहमानों का स्वागत किया। फागोत्सव कार्यक्रम में शेखावाटी के प्रख्यात बल्ली मोहनवाड़ी एंड पार्टी, हरनंदा एंड पार्टी, महेश वर्मा एंड पार्टी, पुजारी शेखर शर्मा एंड पार्टी और गायक सुभाष सैन व मुकेश वाल्मिकी एंड पार्टी समेत कई कलाकारों ने प्रस्तुति दी। कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा का फूलमालाएं और साफा पहनाकर अभिनंदन किया। पूर्व मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा ने कहा कि नवलगढ़ में होली का त्योहार जश्न और आपसी भाईचारे की मिसाल है। हम सब मिलकर नवलगढ़ को एकजुट रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। होली के रंगों की तरह हम सब भी घुलमिलकर आगे बढ़ेंगे।

# न्यूज ब्रीफ

## गौवंश तेजाब प्रकरण में मंत्री के हस्तक्षेप से 5 दिन के आश्वासन पर धरना समाप्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** शांतिप्रिय नगरी में 12 मार्च की रात डीडवाना रोड चुंगी नाका पर एक दर्जन से अधिक गोवंश तेजाब से जले हुए मिले। घटना के बाद गो रक्षकों और शहरवासियों ने घायल गोवंश को उपचार के लिए गोशाला बीड़ में भर्ती कराया। 13 मार्च को सैकड़ों गो रक्षकों और शहरवासियों ने थाने पहुंचकर घटना का विरोध किया। उन्होंने लिखित शिकायत दर्ज कराई। आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर रविवार से थाने के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया गया था। सोमवार को स्थानीय विधायक और राज्यमंत्री विजय सिंह चौधरी धरना स्थल पर पहुंचे। एएसपी नेमीचंद खारिया, डिप्टी अरविंद बिश्नोई और सीआई सतपाल सिंह भी मौजूद रहे। मंत्री ने पुलिस से कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने 5 दिन में आरोपी को पकड़ने का आश्वासन दिया। इस पर गो रक्षकों ने धरना समाप्त कर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर 5 दिन में आरोपी नहीं पकड़े गए तो वे फिर से धरना देंगे और उग्र आंदोलन करेंगे। इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## धनकोली में अफीम के 160 हरे अवैध पौधे जप्त



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** डीडवाना-कुचामन जिले में पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद के नेतृत्व में मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को मौलासर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए धनकोली गांव में अवैध अफीम की खेती का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने मौके से 160 हरे अफीम के पौधे बरामद किए। आरोपी भुवानाराम ने 400 वर्गफुट क्षेत्र में अवैध रूप से अफीम की खेती कर रखी थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की और आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने भुवानाराम पुत्र बालूराम निवासी धनकोली को गिरफ्तार किया है। एसपी हनुमान प्रसाद ने कहा कि जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। किसी भी तरह के अवैध व्यापार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। अन्य संभावित आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अपने आसपास मादक पदार्थों से जुड़ी किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इससे समाज को नशे की बुराई से बचाया जा सकेगा।

## खाली जमीन पर कब्जे का प्रयास में बदमाश पुलिस को देख भाग छूटे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामनसिटी।** शहर के सीकर रोड गुलजारपुरा स्थित सारड़ा का बगीचा में सोमवार को सायंकाल करीब 15-20 बदमाश गाड़ियों के साथ घुस गए तथा खाली पड़े करोड़ों रुपयों के इस बेशकीमती भूखण्ड पर कब्जे का प्रयास किया। बदमाश अपने साथ कुर्सियां, टेंट का सामान व अन्य सामान भी लाए थे। गाडियों के इस प्रकार बगीचे में प्रवेश करने पर आसपड़ोस के लोगो को कुछ गलत होता दिखा तो पुलिस का सूचित किया गया। इसके बाद सैंकड़ों की संख्या में गुलजारपुरा व कसाई मोहल्ले के लोग मौके पर जमा हो गए। इसके बाद करीब एक घंटे बाद कुचामन पुलिस भी मौके पर पहुंची। पब्लिक व पुलिस को देखकर बदमाश अपना सामान वहीं छोड़कर भाग छूटे। दरअसल गुलजारपुरा व व्यापारी मोहल्ले के पास स्थित यह शाहजी का बगीचा जिसे डंडा भी बोलते है। यह जगह पिछले कई सालों से खाली पड़ी है। इसकी अनुमानित कीमत करोड़ों रुपये बताई जाती है। यह जमीन कई सौ बीघा में है। यहां अमूमन इस क्षेत्र के लोग क्रिकेट खेलने के लिए काम में लेते है तथा आसपास के लोग शादियों व अन्य प्रोग्राम के लिए काम में लेते हैं। यहां शाम के समय व्यापारी मोहल्ले के युवा क्रिकेट व फुटबॉल खेलते हैं। सोमवार की सांय जब अंजान लोग गाडियों में भरकर आए और टेंट लगाने लगे तो क्षेत्र के लोगो ने उनकी कब्जा करने की नियत को पहले ही भांप लिया तथा पुलिस को सूचना दी, जिस पर बदमाश भाग छूटे।

## प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म आएंगे धौलपुर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** राज्य मंत्री गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग व जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म 18 मार्च को धौलपुर आएंगे। जिला प्रभारी मंत्री बेढ़म 4 बजे राजाखेड़ा के ऐतिहासिक दंगल चौथ में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करेंगे।

## वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** स्थानीय सेठ नेतराम मघराज टीबड़ेवाला राजकीय महिला महाविद्यालय में भारतीय जान परंपरा केंद्र के तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषयक वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में विषय के पक्ष में खुशबू ठठेरा ने प्रथम तथा प्रगति शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं विपक्ष में मानिया सिंह राठौड़ ने प्रथम तथा वंशिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर केंद्र की नोडल सुनिता थालौर, डॉ. रघुराज सिंगोदिया, डॉ. अभिलाषा आबूसरिया, डॉ.प्रीतम सिंह एवं सुनिता कुमारी उपस्थित रहे।

## रिटायर्ड महिला सफाई कर्मचारी की हादसे में मौत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** शहर के गुढ़ा फाटक के पास अज्ञात वाहन ने रिटायर्ड महिला सफाईकर्मी को टक्कर मार दी। हादसे में महिला सफाईकर्मी की मौत हो गई। आक्रोशित सफाई कर्मचारियों ने बीडीके अस्पताल की मोर्चरी के बाहर शव रखकर धरना शुरू कर दिया। सफाईकर्मियों की मांग हैं कि सफाईकर्मी को टक्कर मारने वाले वाहन को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया जाए तथा परिवार को आर्थिक सहायता दी जाए। जब तक वाहन चालक की गिरफ्तारी नहीं होगा और सहायता नहीं मिलेगी। तब तक शव का पोस्टमार्टम नहीं करवाया जाएगा। सफाईकर्मियों ने चेतावनी दी हैं कि जल्द कार्रवाई नहीं की जाती हैं तो शहर की सफाई व्यवस्था को भी ठप किया जाएगा।

# घर में घुस महिला पर तानी पिस्तौल

- दिनदहाड़े लूट का किया प्रयास
- मोहल्लेवासियों की सजगता से पकड़ा आरोपी

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता





**पाली।** मोहल्लेवासियों और महिला की सजगता से लूटने आए एक युवक पकड़ा गया। कोतवाली थाना क्षेत्र के बापू नगर विस्तार निवासी कैलाश सोनाईमाझी में ज्वेलर की दुकान पर गया हुआ था। पीछे दोपहर एक युवक घर में घुस कर पत्नी गुंजन को कैलाश के पैसे देने का बोल कर अंदर घुसा और एयर गन पर लूटने का प्रयास किया। महिला अंदर आने पर रोकती है युवक महिला पर एयरगन पिस्टौल तान कर उसे लूटने की कोशिश की। तभी सामने एक महिला ये सब देख चिल्लाने लग जाती है। युवक मोहल्ले वासी को देख घर की छत पर भाग जाता।

### एयर गन तान कर धमकाया

महिला गुंजन का कहना है कि हमलावर आरोपी पूरे परिवार का नाम तक जानता है। जब उसने उसका विरोध किया तो बोला कि उसके साथ अन्य दो लोग और भी हैं जो उसके बच्चों पर नजर रखे हुए हैं। उनको भी हानि पहुंचा सकते हैं। जब आरोपी ने महिला पैसे दिखा कर उसके पति को देने का कहता तो महिला इस बीच अपने पति को कॉल लगा दिया। तभी युवक ने एयर गन निकाल कर महिला को धमकाया और घर में रखे गहने नकदी लाकर देने को कहा।

### दिन में थे लोग जमा तो टली घटना

गली में ही किसी का देहांत होने पर परिवार इक्कठा हो रखा था तो दिन में लोगों की भीड़ होने पर घटना के दौरान जब सामने एक महिला घटना को देख चिल्लाई तो सभी लोगों को मालूम भी चला। आरोपी ने बचने के लिए मकान की छत से भागने की कोशिश की। लेकिन अन्य मकान की छतों पर लोग लकड़ियां लेकर पहुंच गए जिससे युवक उनके बीच फंस गया।

### सीसीटीवी में रेकी करता मिला युवाक

मोहल्ले लोगों ने छत पर युवक को जमकर धुनाई करके के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस आई तब तब उसके दोनों हाथ बांधे थे। कोतवाली थाना प्रभारी अनिल विश्नोई मौके को सौंप दिया। जानकारी अनुसार आरोपी की पहचान अहमदाबाद निवासी प्रवीण सिंह झाला के रूप में हुई है। गली को सीसीटीवी कैमरे देखने पर मालूम हुआ कि वह 15 दिन पहले भी रेकी कर चुका है। पुलिस का मानना है कि आरोपी को किसी ने हायर कर बुलाया है। इस एंगल से भी पुलिस जांच में जुटी है।

### ▶▶ अन्य से संपर्क में था आरोपी युवक

घटना के बाद आरोपी युवक को पुलिस पकड़ कर अपने साथ थाने ले गई आरोपी युवक के पास मिले फोन में एक व्यक्ति से उसकी चैटिंग भी हुई थी जो अहमदाबाद का है और जिसे कैलाश के कामकाज के बारे में पूरी जानकारी थी।

### आरोपी गिरफ्तार

▪ घटना के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित पक्ष द्वारा रिपोर्ट दी गई है। इस मामले में पुलिस जांच में जुटी है। आरोपी को हायर कर भेजने वाले की गिरफ्तारी के बाद घटना क्रम मालूम चल पाएगा।

### महिला ने दिखाई सतर्कता

महिला गुंजन को युवक के हाव भाव संदिग्ध लगे तो उसने बातों में उलझा कर युवक को गेट के पास ही रोक कर पति कैलाश को कॉल कर दिया। यदि महिला सचेत नहीं होती तो युवक घर के अंदर घुस कर एयर गन के आधार पर बड़ी वारदात भी कर सकता था।

# फैंसी शॉप में फंदा लगाकर व्यापारी ने सुसाइड किया

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



▶▶ पत्नी गुरुद्वारे गई थी; मारवाड़ जंक्शन पुलिस जांच में जुटी

**पाली।** पाली में फैंसी शॉप के मालिक ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। पड़ोसियों ने घटना की जानकारी परिचितों और पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची टीम ने बॉडी को उतारा और हॉस्पिटल पहुंचाया। पुलिस ने सोमवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा। मारवाड़ जंक्शन SHO भारतसिंह रावत ने बताया- मारवाड़ जंक्शन के मुख्य बाजार स्थित गुर्जर बोर्डिंग मार्केट में फैंसी स्टोर चलाने वाले जगदीश सिंधी(64) ने रविवार शाम को अपनी शॉप में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना के वक्त पत्नी गुरुद्वारे गई हुई थी। कॉर्नर की शॉप का एक शटर बंद था और दूसरा शटर आधा बंद था। पड़ोस के दुकानदार की नजर पड़ी तो उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मृतक की बॉडी मारवाड़ जंक्शन हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाई। घटना की जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन और परिचित बड़ी संख्या में हॉस्पिटल पहुंचे। बुजुर्ग की बॉडी देख परिजनों में चीख पुकार मच गई और उन्हें यकीन नहीं हो रहा था कि जगदीश अब इस दुनिया में नहीं रहे। सोमवार को पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपने की कार्रवाई की।

## विधानसभा क्षेत्र बाली में बीएलओ नियुक्ति को लेकर बैठक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** विधानसभा क्षेत्र बाली में चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। निर्वाचन विभाग राजस्थान और जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) पाली के निर्देशानुसार, प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति की जाएगी। इस संबंध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) बाली के कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक 18 मार्च सुबह 11 बजे होगी। बैठक में सभी राष्ट्रीय दलों और राजस्थान राज्य के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना और राजनैतिक दलों की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना है। एसडीएम दिनेश विश्नोई की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में BLA की नियुक्ति से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

## पदोन्नति को लेकर ग्राम विकास अधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** ग्राम विकास अधिकारियों ने अपनी पदोन्नति में हो रही देरी को लेकर पंचायतीराज मंत्री के नाम पंचायत समिति में वरिष्ठ सहायक ललित मेवाड़ा को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संघ के अध्यक्ष अचलसिंह सोलंकी, जिला प्रतिनिधि ढलाराम चौहान, मंत्री उम्मेदसिंह राणावत, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सोलंकी ने बताया कि सरकार की ओर से ग्राम विकास अधिकारियों की पदोन्नति को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है, जिससे अधिकारी लंबे समय से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। साथ ही डीपीसी (विभागीय पदोन्नति समिति) की बैठक भी समय पर नहीं हो रही है, जिससे अधिकारियों में नाराजगी है। उन्होंने जल्द से जल्द डीपीसी बैठक आयोजित कर पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी गलाराम मेघवाल, मांगीलाल चौहान, प्रवीण सोनल, रूपसिंह चारण, छोगाराम मेघवाल, अशोक कुमार, रामेश्वर कुमार आदि मौजूद रहे।

# थली परिषद का होली स्नेह मिलन समारोह

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**पाली।** पाली में थली परिषद का होली स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। जिसमें संपूर्ण थली परिषद के करीब 50 परिवारों ने भाग लिया। इस दौरान बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। हाऊजी गेम के बाद डिनर के साथ जीतने वाले सभी का सम्मान किया गया। इस दौरान कई रोचक प्रतियोगिताएं हुई। जिसमें सभी ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस दौरान निवर्तमान अध्यक्ष शेखर बांठिया और सचिव मनीष कांकरिया ने वर्ष 2024- 25 में किए गए विभिन्न कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान थली परिषद के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से नए अध्यक्ष राजेश बेगाणी और सचिव राहुल गोलछा को पदभार सौंपा। महिला टीम की वर्तमान अध्यक्ष शांति पिंचा और सचिव प्रभा गोलछा ने हुनर कार्यशाला द्वारा नीलम, प्रियंका, नैना को सम्मानित किया। गेम्स संयोजन टीम में विनीता बेगाणी, अनुकृति कांकरिया, प्रियंका चौरडिया, संजू नाहटा, भावना गोलछा, अनुराधा गोलछा, सुनीता लूणिया, नैना नाहटा के नए-नए आयामों एवं रंगारंग प्रस्तुति से सबका ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में जयकुमार पिंचा, संजय गोलछा, राकेश पटवारी, नवीन चौरडिया, उदित बांठिया, मनोज सेठिया, संतोष गुलगुलिया, मुदित नाहटा आदि का सहयोग रहा।

## सांडेराव पुलिस चौकी पर पिछले लंबे समय से तैनात ताला बाबू

**सांडेराव।** वर्षों पहले तखतगढ़ थाने के अंतर्गत सांडेराव में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर पुलिस चौकी खोलकर स्टाफ को लगाया गया था। उसके बाद इसी पुलिस चौकी को थाने में बदल दिया गया। सांडेराव पुलिस थाना में ढोला से खिंदारा गांव तक हाइवे के साथ सिंदरु, दुजाना, खिमाड़ा, देवतरा, बिरामी सहित आस-पास गांवों का हल्का सांडेराव पुलिस थाने से जोड़ दिया गया। लंबे समय से इसी भवन में पुलिस इसी परिसर में थाना संबंधित काम कर रही थी वर्ष में फोरलेन हाइवे पर सिंदरू बस स्टैंड के पास नवनिर्मित भवन में सांडेराव थाने को स्थानांतरण कर सांडेराव पुराने भवन को पुलिस चौकी में बदल दिया गया।

# चंदन चोरी की बढ़ रहीं वारदातें

- देसूरी के आश्रम से एक रात में 6 पेड़ चोरी, एक महीने में चौथी घटना

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**बाली।** देसूरी में चंदन तस्करों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। चारभुजा सड़क मार्ग स्थित हरिओम आश्रम से रविवार रात को बदमाश 6 चंदन के पेड़ काटकर ले गए। सोमवार सुबह जब मंदिर में लोग पहुंचे, तो देखा कि चंदन के पेड़ इलेक्ट्रॉनिक कटर से काटे गए हैं। मौके पर सिर्फ पेड़ों की तहनियां पड़ी मिलीं। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। क्षेत्र में चंदन चोर गिरोह लगातार सक्रिय हैं। 14 मार्च को भी सादड़ी थानांतर्गत रणकपुर सड़क मार्ग पर स्थित रूपम होटल से अज्ञात चोर दो चंदन के पेड़ चुरा ले गए थे। इससे करीब एक महीने पहले भी रणकपुर सड़क मार्ग पर एक होटल और भादरास सड़क मार्ग पर एक फॉर्म हाउस से चंदन के पेड़ चोरी हुए थे। देसूरी व सादड़ी क्षेत्र में चंदन के पेड़ों की संख्या काफी है। पिछले कुछ समय से चंदन तस्करों की गतिविधियां बढ़ी हैं। इस तरह की वारदातें पहले भी हो चुकी हैं, लेकिन अब तक किसी भी घटना का खुलासा नहीं हुआ है। इन घटनाओं से क्षेत्र के लोग दहशत में हैं।

## सेक्टर हेल्थ सुपरवाइजर के मानदेय विसंगति को सौंपा ज्ञापन



**बाली।** पाली में एनआरएचएम के सेक्टर हेल्थ सुपरवाइजर संघ के जिला अध्यक्ष रमेश भाटी ने सेक्टर हेल्थ सुपरवाइजर के मानदेय विसंगति हेतु सौंपा ज्ञापन। पाली प्रवास पर मदन राठौड़ बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष को संघ के प्रतिनिधियों के साथ सेक्टर हेल्थ सुपरवाइजर की जायज मांग वेतन 11200 से 16900 हेतु दिया ज्ञापन मदन राठौड़ ने वित मंत्री को अवगत कराने हेतु आश्वस्त किया साथ ही सेक्टर हेल्थ सुपरवाइजर संघ के प्रदेश अध्यक्ष विजय सिंह शेखावत द्वारा पूरे प्रदेश में वेतन विसंगति दूर करने हेतु जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सभी जिला कार्यकारणी ने नियमितीकरण हेतु भी ज्ञापन दिया।

# बोया गांव के रामदेव मंदिर में वार्षिक परंपरा



**फालना।** बोया गांव के रामदेव मंदिर परिसर में वार्षिक गैर नृत्य का भव्य आयोजन किया गया। मंदिर के मुख्य चौक पर आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ रामदेव भगवान के जयकारों के साथ हुआ। ग्रामीणों ने परंपरागत गैर नृत्य में हाथों में लाठियां और पैरों में घुंघरू बांधकर भाग लिया। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। आयोजन समिति के लखमाराम परमार ने बताया कि यह कार्यक्रम हर साल की तरह इस वर्ष भी उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का समापन रामदेव भगवान की महा आरती के साथ हुआ। भामाशाहों के सहयोग से सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया गया। यह वार्षिक आयोजन क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस वर्ष भी आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग इस धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का हिस्सा बनने पहुंचे।

# विद्यालय में संपन्न वार्षिक उत्सव




▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** श्री सरस्वती उच्च प्राथमिक विद्या मंदिर नाडोल में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को माल्यार्पण व तिलक लगाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात् समारोह के मुख्य अतिथि रामलाल चौधरी, अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार श्रीमाली, विशिष्ट अतिथि मुकेश कुमार प्रजापत संस्था प्रधान सनराइज़ पब्लिक स्कूल नारलाई वनाथुसिंह, संस्था प्रधान आशापुरा शिक्षण संस्थान विरमपुरा माताजी का स्वागत व अभिनंदन किया गया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम व भाषण के माध्यम से समारोह में चार चांद लगा दिया। कक्षा आठवीं के छात्रों ने भी अपने अपने अनुभव सुनाए। संस्था प्रधान प्रहलाद भाटी ने कहा कि अच्छी शिक्षा व संस्कार ही जीवन को नया रूप देते हैं। अतः लक्ष्य निधारित कर भविष्य को संवारने के लिए अनवरत कठिन परिश्रम करना चाहिए। उन्होंने अतिथियों का भी आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ अध्यापक भरत वैष्णव ने विद्याथियों को उच्च सत्र तक शिक्षित बन माता पिता गुरूजन व विद्यालय परिवार का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

इस कार्यक्रम में अध्यापकगण दिनेश कुमार, भरत वैष्णव, गुडिया परमार, जाग्रति दहिया, पुजा कंवर आदि उपस्थित थे।

# भारत विकास परिषद सादड़ी शाखा की बैठक संपन्न


हस्तीमल वैष्णव तीसरी बार अध्यक्ष और डॉ. गिरधारी लाल देवड़ा सचिव चुने गए



**बाली।** रांकावत रिसॉर्ट में भारत विकास परिषद की वार्षिक आम सभा और होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता और स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ हुई। बालिकाओं ने वंदे मातरम की प्रस्तुति दी। शाखा अध्यक्ष हस्तीमल वैष्णव ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. सुरेश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में हुए वार्षिक चुनाव में सर्वसम्मति से हस्तीमल वैष्णव को अध्यक्ष, डॉ. गिरधारी लाल देवड़ा को सचिव और हनवंत सिंह राठौड़ को कोषाध्यक्ष चुना गया। प्रांत महासचिव एडवोकेट महेंद्र गेहलोत ने भारत विकास परिषद की स्थापना और कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने जालंधर में हुए राष्ट्रीय अधिवेशन के निर्णयों की पालना का आग्रह किया। मुख्य अतिथि भामाशाह नगराज मेहता ने संस्था को सहयोग का आश्वासन दिया। डॉ. गिरधारी लाल देवड़ा द्वारा प्रस्तुत वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। एडवोकेट विनोद मेघवाल ने अंकेक्षित लेखों का पठन किया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन के पांच मूल सिद्धांतों - संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण के अनुरूप कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सुनील दत्त शर्मा, एडवोकेट हीर सिंह राजपुरोहित समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे। मंच संचालन कालूराम गोयल ने किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। उल्लेखनीय है कि दो वर्ष पुरानी इस शाखा में हस्तीमल वैष्णव और डॉ. गिरधारी लाल देवड़ा लगातार तीसरी बार क्रमशः अध्यक्ष और सचिव चुने गए हैं।

# सांडेराव कस्बे में दिन दहाड़े चोरियों की वारदातें सीसीटीवी कैमरे में कैद

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सांडेराव।** स्थानीय कस्बे में इन दिनों पुलिस प्रशासन की बढ़ती निष्क्रियता के चलते दिन प्रतिदिन चोरियों की वारदातें बढ़ती जा रही हैं। अब तो दिन दहाड़े कस्बे में चोरियों की वारदातें हो रहीं जिसका फुटेज एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। फिर भी पुलिस मुकदमा दर्ज करने में आनाकानी कर रही है। आखिर में ग्रामीणों की ओर से ग्राम पंचायत के माध्यम से सांडेराव थाने में चोरी की घटना को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पिछले दो महीने में अब तक करीब 8-10 चोरियों की वारदातें हो चुकी हैं जिसका मुद्दा सुमेरपुर पुलिस उप अधीक्षक जितेंद्र सिंह व थानाधिकारी गीता सिंह चौधरी की मौजूदगी में सीएलजी सदस्यों की हुई बैठक में भी प्रमुखता से उठाया गया था। सीसीटीवी कैमरे में कैद फुटेज देने के बाद भी पुलिस मामले को दर्ज करने में आनाकानी करती है।


## मध्य रेल

**ई-निविदा सूचना क्रमांक. NIT/01/25/13 दिनांक 13 मार्च 2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, मध्य रेलवे निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई- निविदाएं आमंत्रित करते हैं:

| क्रमांक | निविदा क्रमांक | विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 27252721 | हॉट मोल्डिंग इंसुलेटिंग फ्रेम | 31512 पेअर | 01 अप्रैल - 25 |
| 2 | 27253482 | नोज सस्पेंड ड्राइव के लिए लबीरिंथ-रिंग का सेट | 181 सेट्स | 01 अप्रैल - 25 |
| 3 | 71255008 | इलेक्ट्रिक ओवरहेड ट्रैवलिंग (ईओटी) क्रेन क्षमता, 35 टी सीएएमसी के साथ। | 3 नग | 04 अप्रैल - 25 |
| 4 | 27253955 | टेपर रोलर बेयरिंग असेंबली का सेट | 719 सेट्स | 07 अप्रैल - 25 |
| 5 | 71255009 | डबल गर्डर का सेट, डबल ट्रॉली ईओटी क्रेन 50 क्षमता 02 नग। | 6 नग | 07 अप्रैल - 25 |
| 6 | 50254014 | एसएमपीएस के लिए 60 सेल 2 वी / 200 एएच प्रत्येक सीलबंद रखरखाव मुक्त वीआरएलए बैटरी सेट | 97 सेट्स | 08 अप्रैल - 25 |
| 7 | 27253240 | एल्युमिनियम इम्पेलर | 145 नग | 15- अप्रैल - 25 |
| 8 | 27253371 | स्विचों का सेट | 250 सेट्स | 15- अप्रैल - 25 |
| 9 | 27251020 | बेयरिंग ब्रैकेट का सेट | 232 सेट्स | 16- अप्रैल - 25 |
| 10 | 27253507 | एक्सल बॉक्स हाउसिंग | 35 नग | 16- अप्रैल - 25 |
| 11 | 38253231 | स्टेनलेस स्टील फोल्डेबल बोतल होल्डर आईसीएफ ड्राइंग नंबर आईसीएफ / एसटीड़ी-6-4-018, एएलटी-जे/3. | 73295 नग | 16- अप्रैल - 25 |
| 12 | 27253866 | तेल शीतलन रेडिएटर | 44 नग | 21- अप्रैल- 25 |
| 13 | 27253288 | सिंगल डक्ट लेदर बेलोज़ का सेट | 112 सेट्स | 28- अप्रैल - 25 |
| 14 | 51246027 | प्रीस्ट्रेस्ड मोनोब्लॉक कंक्रीट टर्न आउट के लिए पृथक स्लीपर 12 में से 1 टर्नआउट के लिए स्लीपर | 29018.62 रनिंग मीटर | 07- अप्रैल - 25 |

नोट: उपरोक्त सभी निविदाएं ई-निविदाएं हैं और सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियां IREPS वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदाओं और अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया IREPS वेबसाइट पर जाएं।

कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक

DE-848

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

## मध्य रेल

**इलेक्ट्रिकल इंटर व्हीकल कपलर**

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक सवारी व मालडिब्बा कारखाना माटुंगा, मुंबई-400019. **निविदा नोटिस संख्या: CWE/MTN/85255350/2025. निविदा संख्या:** 85255350. **विवरण:** आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/पीई/स्पेक/ईएमयू/ 0196- 2019 (संशोधन 0) के खंड संख्या 4.42 के अनुसार 8 कार मेधा मेमू रेक के लिए इलेक्ट्रिकल इंटर व्हीकल कपलर मेसर्स हार्टिंग कनेक्टर और मेसर्स ह्यूबर एंड सुहनेर केबल्स के साथ या मेसर्स सिएचेम केबल्स के साथ संलग्न अनुलग्नक के अनुसार नोट: प्राप्तकर्ता: सीनियर डीईई/टीआरएस/कुर्ला]. **मात्रा:** 01 Sets. **खोलने के लिए नियत तारीख** : 14.04.2024. **निविदा मूल्य** : 9014723.28. मध्य रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा का पूरा विवरण उपलब्ध है, वेबसाइट से सम्पूर्ण दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते हैं।

DE-850

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

## मध्य रेल

**अधिसूचना**

**निविदा संख्या: बी बी/सी/३७३/पीओ/एसटीबीए/२५, दिनांक: १३.०३.२०२५**

**"मुंबई मंडल के तलोजा पॉचनंद और खारकोपर 'एस जी-३' श्रेणी स्टेशन पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) की नियुक्ति"**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पहिला मंजिल पी आर एस बिल्डिंग (आरक्षण कार्यालय मुंबई छशिमट मध्य रेलवे द्वारा तलोजा पाँचनंद और खारकोपर 'एस जी-३' श्रेणी स्टेशन के लिए सीलबंद लिफाफे में स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। इछुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकते है।

| | |
|---|---|
| **स्टेशन श्रेणी** | एस जी - ३ |
| **ठेके की अवधी** | ०१ वर्ष * |
| **आवेदन पत्र का मूल्य** | ५०० रुपये |
| **जमानती राशी** | ५,००० रुपये |
| **वैधता की सीमा** | ९० दिन |
| **आवेदन पत्र उपलब्ध होने की अंतिम तिथि** | १५.०४.२०२५ शाम १७:०० बजे तक |
| **आवेदन पत्र जमा करने का अंतिम समय एवं तिथि** | १५:०० बजे १६.०४.२०२५ |
| **आवेदन पत्र खोलने का अंतिम समय एवं तिथि** | १५: ३० बजे १६.०४.२०२५ |

**ठेके की अवधी** : रेलवे बोर्ड द्वारा योजना के विस्तार के अधीन 01 वर्ष या विस्तार न होने की स्थिति में २१.०२.२०२६ तक । निविदा का विवरण नीचे दिया गया है:- निविदा आवेदन पत्र ऊपर दिए गए पते पर कार्यालय अवधी में प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा की पूरी जानकारी मध्य रेलवे की वेब **साइट** **www.cr.indianrailways.gov.in** उपलब्ध है।

DE-847

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**देवनार कत्तलखाना**

**विभाग: महाप्रबंधक, देवनार कत्तलखाना**

**ई-निविदा सूचना**

एमसीजीएम के महानगर पालिका आयुक्त द्वारा निम्न कार्य हेतु नियत दिनांक **18.03.2025** को वापसीयोग्य निविदाएं आमंत्रित है:

| क्र. सं. | कार्य का नाम | बोली क्र. | बोली प्रारंभ की दिनांक | बोली की अंतिम दिनांक | निविदा का मूल्य | धरोहर राशि (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | देवनार कत्तलखाना में विविध मैकेनिकल संधारण कार्य। | 2025-एमसीजीएम-1157966-1 | 17.03.2025 | 24.03.2025 | रु. 3,300/-+ 18% जीएसटी | रु. 43,600/- |

इच्छुक पात्र ठेकेदार ई-निविदा संबंधित आगामी जानकारी एमसीजीएम वेबसाइट https://portal.mcgm.gov.in अंतर्गत (For partners--> Tendrs-view-->Select Department - Deonar Abattoir) या कार्यालय महाप्रबंधक देवनार कत्तलखाना, गोवंडी रेलवे स्टेशन के सामने, गोवंडी, मुंबई 43 से प्राप्त कर सकते है।

हस्ता./-
महाप्रबंधक
देवनार कत्तलखाना

PRO/2832/ADV/2024-25

भोजन से पूर्व एवं शौच के बाद साबुन से हाथ स्वच्छ धोएं।

# सालों का संन्यास, पर जादू अभी भी बरकरार

**नई दिल्ली।** खेल के महानतम क्रिकेटरों में से एक सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा, युवराज सिंह को भले ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिए हुए कई साल हो गए हों, लेकिन फैंस के बीच इनका जलवा अभी भी बरकरार है। खासतौर पर सचिन को खेल से अलग हुए करीब 12 और लारा को क्रिकेट छोड़े हुए करीब 18 साल हो गए हैं, लेकिन फैंस के बीच इनकी कैसी धमक है, यह हाल ही में खत्म हुई पहली इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में सभी ने देखा। वहीं, इन तमाम दिग्गजों ने अपने प्रदर्शन से यह भी दिखाया कि भले ही वह पचास के पार हो चले हों, लेकिन आज भी उनके बल्ले में दम अभी भी बाकी है।



## ▶▶ लारा, सचिन, युवी सहित दिग्गजों के फैंस अभी भी दीवाने




### मास्टर ब्लास्टर का कोई जोड़ नहीं

लीग में मास्टर ब्लास्टर का जादू फैंस के सिर चढ़कर बोला। जब-जब सचिन बैटिंग करने उतरे, तो कहीं से भी नहीं लगा कि दिग्गज को संन्यास लिए हुए करीब 12 साल का समय हो गया। सचिन ने खेले 6 मैचों में 30.17 के औसत से 181 रन बनाकर दिखाया कि आज भी उनका बल्ला बड़े-बड़े बॉलरों पर भारी है।

### शेन वॉटसन और युवी भी पीछे नहीं रहे

पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन 43 के हो गए हैं, लेकिन उनके शॉट अभी भी पूरी तरह से जवान हैं। वॉटसन 6 मैचों में 120.33 के औसत से सबसे ज्यादा 361 रन बनाने वाले बल्लेबाज तो रहे ही, तो वहीं उन्होंने सबसे ज्यादा 25 छक्के भी लगाए। वहीं युवराज सिंह ने टूर्नामेंट में 13 छक्कों के साथ 179 रन बनाए।

### जोंटी 55 के वेटरन, या 55 के जवान

टूर्नामेंट के मुकाबलों में जिसने भी जोंटी रोड्स को फील्डिंग करते हुए देखा, उसने दांतों तले उंगली दबा ली। कुछ दिन पहले ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स के खिलाफ लांग-ऑन पर डाइव लगाकर जिसने भी जोंटी की सुपर से ऊपर फील्डिंग देखी, उसे भरोसा ही नहीं हुआ कि जोंटी की उम्र 55 साल हो चली है।

### दर्शकों की जबर्दस्त भीड़

लीग के दौरान स्टेडियम में उमड़ी दर्शकों की भारी भीड़ अपने आप में बड़ा प्रमाण है कि खेल के महानतम क्रिकेटरों का क्रेज पुरानी पीढ़ी ही नहीं, बल्कि बड़े हो रहे बच्चों में भी उतना ही है। खासकर स्टेडियम से आने वाला सचिन.. सचिन का शोर और मैच देखने उमड़ी भारी भीड़ बता गई फैंस अभी भी इन्हें खेलते देखना चाहते हैं, इनके शॉटों पर झूमना चाहते हैं और इनका क्रेज संन्यास लेने के सालों बाद भी बराबर बना हुआ है।

### लीग का भविष्य बहुत ही शानदार

यूं तो कई सालों से अलग-अलग वेटरन लीग खेली जा रही हैं। लेकिन पूर्व दिग्गजों की उपस्थिति वाली राष्ट्रीय टीमों की यह पहली इंटनरेशन मास्टर्स लीग का आयोजन खेल के स्तर, टीवी कवरेज और दर्शकों की संख्या के हिसाब से साफ बता गया है कि आने वाले समय में इसकी लोकप्रियता और ज्यादा बढ़ेगी क्योंकि फैंस अभी भी अपने नायकों को देखना चाहते हैं, इनके चौकों-छक्कों पर झूमना चाहते हैं।

## चैंपियन इंडिया मास्टर्स पर पैसों की बरसात

इंटरनेशनल मास्टर लीग के फाइनल में इंडिया मास्टर्स की टीम ने कमाल करते हुए वेस्टइंडीज मास्टर्स को 6 विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। फाइनल मैच में वेस्टइंडीज की टीम ने पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 7 विकेट पर 148 रन बनाए जिसके बाद इंडिया मास्टर्स की टीम ने 17.1 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया. मैच में इंडिया मास्टर्स के अंबाती रायडू ने कमाल की बल्लेबाजी की और 50 गेंद पर 74 रन बनाने में सफल रहे। अंबाती रायडु को प्लेयर ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। रायडू के अलावा सचिन तेंदुलकर ने मैच में 18 गेंद पर 25 रन बनाए। युवराज सिंह 13 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, वेस्टइंडीज की ओर से ब्रायन लारा कोई खास कमाल नहीं कर पाए और 6 रन बनाकर विनय कुमार की गेंद पर कैच आउट हो गए। वेस्टइंडीज मास्टर्स की ओर से ड्वेन स्मिथ ने 45 रन और लेंडल सिमंस ने 57 रन बनाए।

### हारकर भी वेस्टइंडीज हुई मालामाल



### मैच पुरस्कार

- बैंक ऑफ बड़ौदा मास्टरस्ट्रोक ऑफ द मैच : अंबाती रायुडू (9 चौके) – 50,000 रुपये
- मैच के सबसे ज्यादा छक्के : अंबाती रायुडू (3 छक्के) – 50,000 रुपये
- मैच के गेमचेंजर : शाहबाज नदीम (4 ओवर में 2/12)
- सबसे किफायती गेंदबाज : शाहबाज नदीम (3 .00 की किफायती दर)
- प्लेयर ऑफ द मैच : अंबाती रायुडू (50 गेंदों पर 74 रन) – 50,000 रुपये
- सीजन के सबसे ज्यादा चौके : कुमार संगकारा – 38 चौके (5 लाख रुपये)
- सीजन के सबसे ज्यादा छक्के : शेन वॉटसन – 25 छक्के (5 लाख रुपये)
- आईएमएल 2025 पुरस्कार राशि विजेता : इंडिया मास्टर्स – 1 करोड़ रुपये
- उपविजेता : वेस्टइंडीज मास्टर्स – 50 लाख

पीसीबी को जोर का झटका

## चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी से हुआ करोड़ों का घाटा

### घरेलू खिलाड़ियों की फीस में भारी कटौती



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बहुत ही उम्मीदों और बड़े सपने के साथ चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी हासिल की थी, लेकिन यह मेगा टूर्नामेंट उसके लिए दोहरी मार पड़ने जैसा साबित हुआ है। पहले तो मेजबान टीम अपने तीन में से दो मैच हारकर ग्रुप में सबसे फिसड्डी रहते हुए नॉकआउट राउंड में भी नहीं पहुंच सकी, तो वहीं अब टूर्नामेंट की मेजबानी से पीसीबी को बहुत ही मोटा नुकसान होने की खबर आ रही है। रिपोर्ट के अनुसार चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पर पाक बोर्ड ने लगभग 869 करोड़ रुपये खर्च किए। इसमें स्टेडियमों का नवीनीकरण से लेकर और बाकी खर्चे शामिल थे, लेकिन आखिर में यह इवेंट उसके लिए बहुत ही घाटे का सौदा साबित हुई। पाकिस्तान बोर्ड के हालात ऐसे हो गए हैं कि अब उसे अपने घरेलू खिलाड़ियो की मैच फीस में कटौती करने को मजबूर होना पड़ा है।

### स्टेडियमों के नवीनीकरण पर खर्च किए 560 करोड़

पीसीबी ने कराची, लाहौर और रावलपिंडी में स्टेडियमों के नवीनीकरण पर करीब 560 करोड़ रुपये खर्च किए। वहीं, 347 करोड़ रुपये टूर्नामेंट की तैयारी पर खर्च किए। लेकिन मेजबानी फीस और टिकटों की बिक्री से उसे सिर्फ 52 करोड़ रुपये ही मिले और अपने देश में 29 साल बाद आयोजित हुए किसी बड़े टूर्नामेंट में पाक बोर्ड को तकरीबन 739 करोड़ रुपये का मोटा नुकसान झेलना पड़ा।

### खिलाड़ियों की सैलरी में 90 प्रतिशत तक कटौती

एक तरफ जहां पाकिस्तान बोर्ड टूर्नामेंट से बड़ी कमाई की उम्मीद कर रहा था, तो अब उसके हालात कंगाली में आटा गीला होने से भी बदतर हो गए हैं। असर यह हुआ है कि पीसीबी ने घरेलू टी20 खिलाड़ियों की फीस में बड़ी कटौती की है। टीम XI के खिलाड़ियों की फीस में 90 प्रतिशत कटौती की गई है, तो रिजर्व खिलाड़ियों को पिछली रकम की तुलना में सिर्फ 12.50 प्रतिशत राशि ही मिल रही है।

## कप्तान हार्दिक पंड्या ने MI के खिलाड़ियों को दिया बड़ा मंत्र

### एक लाइन के बयान ने मचाई खलबली

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग का 2025 सीजन अब बस कुछ ही दिनों की दूरी पर है और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि दस टीमों के इस टूर्नामेंट में आने वाले युवाओं के लिए उनका संदेश है कि वे खुद पर भरोसा रखें और उतार-चढ़ाव के बीच तटस्थ रहें। "आईपीएल में आने वाले युवा खिलाड़ी बेहद प्रतिभाशाली हैं। उनके लिए मेरा संदेश आसान है, खुद पर भरोसा रखें। वे यहाँ इसलिए हैं क्योंकि वे काफी अच्छे हैं, लेकिन इस स्तर पर सबसे बड़ी चुनौती खुद पर-संदेह रहा है। कभी-कभी, खिलाड़ी सवाल करने लगते हैं कि क्या वे इस स्तर पर हैं, और यह संदेह उनके कौशल सेट को कम कर सकता है। "उस मानसिक पहलू को प्रबंधित करना महत्वपूर्ण है। मैं उन्हें जो कुछ दे सकता हूँ, वह मैंने वर्षों में सीखे सबक हैं। इस खेल में उतार-चढ़ाव होंगे। कुंजी केवल एक सीज़न के लिए नहीं बल्कि अपने पूरे करियर के लिए संतुलित रहना है। तटस्थ रहने से वे अवसरों को अधिकतम करने और महत्वपूर्ण क्षणों को भुनाने में सक्षम होंगे।



## वैभव सूर्यवंशी की बल्ले से आतिशबाजी

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के 13 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी, ने जयपुर में प्रैक्टिस सत्र के दौरान अपनी फ्रैंचाइज़ के अभियान की शुरुआत से पहले कई आक्रामक हिट्स की झड़ी लगा दी। आईपीएल 2025 के दौरान राजस्थान का पहला मैच 23 मार्च को हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होगा। राजस्थान रॉयल ने आधिकारिक X हैंडल पर वैभव का एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वे कुछ 'धूम धड़ाका' कर रहे हैं।



# म नो रं ज न

## War 2 बॉक्स ऑफिस पर कर सकती है 1000 करोड़ का कलेक्शन



वाईआरएफ के स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म वॉर 2 की रिलीज डेट का ऐलान होने के बाद से सोशल मीडिया पर जमकर हंगामा मचा हुआ है। ऋतिक रोशन और एनटीआर जूनियर की इस फिल्म को 14 अगस्त 2025 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है। स्टूडियो ने फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान सोशल मीडिया पर किया था। वॉर 2 में ऋतिक रोशन, एनटीआर जूनियर और कियारा आडवाणी मुख्य किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन आयान मुखर्जी कर रहे हैं। 'वॉर 2' की रिलीज डेट को लेकर खास बात यह है कि यह 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस के लंबे वीकेंड से ठीक पहले आ रही है। 14 अगस्त को गुरुवार, 15 अगस्त को छुट्टी, 16 अगस्त को शनिवार और 17 अगस्त को रविवार होने से फिल्म को चार दिन का शानदार ओपनिंग वीकेंड मिलेगा। फैंस और ट्रेड एनालिस्ट्स का मानना है कि यह रिलीज डेट बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा सकती है और फिल्म पहले हफ्ते में ही 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर सकती है। इस तरह माना जा रहा है कि अगर कंटेंट कमाल का हुआ और पठान या टाइगर का कैमियो हुआ तो बॉक्स ऑफिस पर गदर ही मच सकता है। वैसे भी वॉर का इशारा टाइगर 3 में मिल ही गया था। टाइगर 3 के एंड क्रेडिट्स में ऋतिक रोशन को मिशन पर जाते हुए देखा जा सकता है। इस तरह तभी से फैन्स के दिलों की धड़कनें तेज हैं। वैसे भी वाईआरएफ के स्पाई यूनिवर्स की बात करें तो इसमें टाइगर सलमान खान और पठान शाहरुख खान के साथ ही कबीर ऋतिक रोशन जलवा बिखेर ही चुके हैं। अगर वॉर 2 में ये सारे स्पाई की एक झलक भी मिल गई तो बॉक्स ऑफिस पर फिल्म को 1000 करोड़ कमाने से रोकना नामुमकिन हो जाएगा।


## मैदान में उतरेंगी श्रद्धा कपूर

साल 2024 श्रद्धा कपूर के नाम रहा। एक्ट्रेस अपनी फिल्म स्त्री-2 के साथ बड़े पर्दे पर आईं और बॉक्स ऑफिस के रिकॉर्ड तो तोड़े ही साथ ही साथ दर्शकों के दिलों पर भी छाई रहीं। अब इसी पॉपुलैरिटी का फायदा उन्हें साल 2025 में मिलता भी दिखाई दे रहा है। खबर है कि श्रद्धा इस साल आईपीएल 2025 की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करने वाली हैं। अभी श्रद्धा ने कन्फर्म नहीं किया है लेकिन पैपराजी विरल भयानी के इंस्टा पर पोस्ट आ चुकी है तो मतलब इस बात में दम तो है। आईपीएल की ओपनिंग सेरेमनी 22 मार्च को होने वाली है। इस इवेंट में श्रेया घोषाल, अरिजीत सिंह, वरुण धवन भी शामिल हैं। यही फिल्म स्टार्स का ग्लैमर है जो आईपीएल में चार चांद लगाता है। वैसे अगर आईपीएल खिलाड़ियों की बात करें तो इस बार ऋषभ पंत का नाम चर्चा में है। ऋषभ को लखनऊ सुपर जाएंट्स ने 27 करोड़ में खरीदा। इसके साथ वह इस लीग के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। वहीं अगर फिल्मी पिच पर वापस लौटें तो श्रद्धा हॉरर कॉमेडी जॉनर की एक और फिल्म का हिस्सा हैं। वहीं स्त्री-3 को लेकर भी पब्लिक में खासा क्रेज है। हालांकि अभी तक इस फिल्म को लेकर कोई अनाउंसमेंट नहीं की गई है। दरअसल स्त्री-2 में भेड़िया स्टार वरुण धवन का कैमियो जोड़ा गया था। इसके साथ ही ये चर्चा शुरू हुई कि अब इन दो कहानियों को मिक्स कर एक दमदार कहानी मार्केट में आने वाली है। अब ये तो आने वाले समय में ही पता चलेगा कि इन खबरों में कितनी सच्चाई है।



## रवीना टंडन ने बेटी राशा थडानी के जन्मदिन पर पहनी 65 हजार की ड्रेस

रवीना टंडन फिल्मों के अलावा एक बेहतरीन फैशनिस्टा के तौर पर भी जानी जाती हैं। वह बोल्ड पैटर्न और रंगों के साथ प्रयोग करने से नहीं कतराती हैं और अपने आउटफिट से लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करती हैं। बेटी राशा थडानी के जन्मदिन की पार्टी में ऑल-ब्लैक लुक में नज़र आईं। अपने लुक में उन्होंने थोड़ी गोल्ड डिटेलिंग भी जोड़ी। रवीना ने सेलेब फ़ेवरेट सैंड्रो पेरिस के क्रॉप्ड जंपर पहनी थी। हाई-राउंड नेक के साथ स्लीवलेस स्टाइल में डिज़ाइन किए गए ब्लाउज़ ने उनके लुक में एक क्लासी टच जोड़ा। साथ ही गोल्ड-टोन्ड बॉर्डर के साथ टॉप पहना था। इस ब्लैक जंपर की कीमत 28,000 रुपये थी। रवीना ने इस फिट को लॉन्ग-लाइन स्कर्ट के साथ मैच किया। मिडी स्कर्ट के लिए ब्लैक पैलेट चुनते हुए उन्होंने को-ऑर्ड सेट तैयार किया। टॉप की तरह क्लासी डिटेलिंग को दर्शाते हुए स्कर्ट में कमर और हेम के साथ एक गोल्ड-टोन्ड बॉर्डर भी था। उसी लेबल द्वारा डिज़ाइन की गई स्कर्ट की कीमत 36,900 रुपये थी। आउटफिट के ब्लैक और गोल्ड पैलेट को पूरा करने के लिए गोल्ड के स्टड पहने। इसके अलावा, रवीना टंडन ने अपने पहनावे में लग्जरी बैग कलेक्शन से स्टेला मेकार्टनी का एक बैग लिया। बैग की कीमत 1,29,000 रुपये थी। हैंडबैग पर गोल्ड चेन डिटेलिंग ने उनके आउटफिट में जेन-जेड का परफेक्ट टच जोड़ा। रवीना ने भारी गोल्डन हूप्स और एक चौड़े ब्रेसलेट के साथ एक्सेसरीज पहनी थी।



## जहीर इकबाल हैं सोनाक्षी सिन्हा की ग्लोइंग स्क्रीन की वजह

सोनाक्षी सिन्हा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। जहां फैंस को वह अपनी प्रोफेशनल लाइफ की जानकारी देती हुई नजर आती हैं तो वहीं पति जहीर इकबाल के साथ अपनी मैरिड लाइफ की भी झलक दिखाती हैं। इसी बीच सोनाक्षी सिन्हा ने पति जहीर इकबाल के साथ एक नया मजेदार वीडियो शेयर किया है। जहां वह अपनी चमकती त्वचा का राज बताती दिख रही हैं। वहीं फैंस ही नहीं सेलेब्स भी एक्ट्रेस की इस मजेदार वीडियो पर कमेंट करते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में सोनाक्षी सिन्हा स्किनकेयर कर रही होती हैं। तभी उनके पति जहीर पीछे से आते हैं और अपनी पत्नी को डरा देते हैं। इस दौरान, सोनाक्षी को देख जहीर इकबाल जोर-जोर से हंसते हुए नजर आते हैं। इस पोस्ट के साथ सोनाक्षी सिन्हा ने कैप्शन में लिखा, 'मेरी चमकती त्वचा का राज'। इस वीडियो पर इंस्टाग्राम यूजर्स ने हंसने वाली इमोजी की बहार लगा दी है तो वहीं एक यूजर ने लिखा, हार्ट अटैक देने वाला सरप्राइज। दूसरे यूजर ने लिखा, प्रौब्लम फिक्स हो गई। इससे पहले सोनाक्षी सिन्हा ने फैंस के साथ होली सेलिब्रेशन की कुछ तस्वीरें शेयर की थीं, जिसमें जहीर इकबाल शामिल नहीं थे।



## डांस के मामले में भी कच्चे निकले सैफ अली खान के लाडले



सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे एक्टर इब्राहिम अली खान ने नेटफ्लिक्स की लेटेस्ट फिल्म नादानियां से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की। फिल्म के गाने 'तिरकिट धूम' पर काम करने वाले कोरियोग्राफर विजय गांगुली ने कहा कि अभिनेता 'शानदार डांसर' नहीं हैं। मिड-डे से बात करते हुए, विजय, जिन्होंने इब्राहिम के माता-पिता, सैफ और अमृता और उनकी बहन सारा अली खान के साथ भी काम किया है, ने कहा, 'इब्राहिम एक शानदार डांसर नहीं हैं, लेकिन बहुत मेहनती हैं। हालांकि वह एक नवाबी परिवार से आते हैं, लेकिन वह जमीन से जुड़े हुए हैं। हर बार जब वह कोई स्टेप सही से नहीं कर पाते थे तो मेरे असिस्टेंट इस बात का ध्यान रखते थे कि वह इसे अच्छी तरह से करें। तिरकिट धूम गाना एक पार्टी नंबर है, जिसमें खुशी कपूर भी हैं। सचिन-जिगर के इस गाने को विशाल डडलानी, अमिताभ भट्टाचार्य, जिगर सरैया और श्रद्धा मिश्रा ने गाया है। यह गाना फिल्म के एक जोरदार ट्विस्ट लेकर आता है। इंटरव्यू के दौरान विजय गांगुली ने सारा के साथ काम करने के अपने एक्सपीरियंस भी शेयर किए। उन्होंने पहले अतरंगी रे के गाने चका चक में सारा को कोरियोग्राफ किया था। विजय ने याद करते हुए कहा, सारा गोवा में मुझे सुबह 4 बजे रिहर्सल करने के लिए जगाती थीं।

# देशहित में 'एक देश-एक चुनाव' : रामनाथ कोविंद



▶▶ लागू होने पर 1.5 प्रतिशत बढ़ेगी देश की जीडीपी

▶▶ बार-बार चुनावों से प्रभावित होता अध्यापन

▶▶ HSNC बोर्ड के 75वें वार्षिक समारोह में पूर्व राष्ट्रपति का उद्बोधन

**मुंबई।** विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्रिक देश को विकसित एवं शिक्षित बनाने के लिए एक साथ चुनाव कराने की महती आवश्यकता है। बार-बार होने वाले चुनावों से देश को बड़े पैमाने पर आर्थिक नुकसान होता है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि यदि देश में लोक सभा, विधान सभा एवं नगरपालिका चुनाव एक साथ कराए जाएं तो देश की जीडीपी में एक प्रतिशत की वृद्धि हो जाएगी। उक्त उद्गार देश के 14वें राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने हैदराबाद (सिंध) नेशनल कॉलेजिएट बोर्ड (HSNC बोर्ड) 75वां वार्षिक समापन समारोह में अपने वक्तव्य के दौरान व्यक्त किए। कोविंद ने कहा कि "यह बहुत चिंताजनक है कि शिक्षा अक्सर बार-बार होने वाले चुनावों का सबसे बुरा शिकार बनती है। हर बार जब चुनाव की घोषणा होती है, तो शैक्षणिक संस्थानों का कामकाज बुरी तरह से प्रभावित होता है। शिक्षकों को पढ़ाने की अपनी प्राथमिक जिम्मेदारी से हटा दिया जाता है, जिससे छात्रों की निरंतरता और प्रमुख अवधारणाओं की समझ प्रभावित होती है।" उन्होंने कहा कि "आदर्श आचार संहिता के कारण सरकारें अपने 5 साल के कार्यकाल में से केवल 3.5 साल तक ही प्रभावी रूप से शासन करती हैं। एक राष्ट्र, एक चुनाव शासन को सुव्यवस्थित करेगा, नीतिगत व्यवधानों को कम करेगा और दीर्घकालिक टिकाऊ और समावेशी विकास के लिए अनुकूल एक स्थिर राजनीतिक वातावरण तैयार करेगा। जब इसे लागू किया जाएगा, तो यह हमारे देश के इतिहास में सबसे बड़ा चुनावी सुधार माना जाएगा।"

### एचएसएनसी बोर्ड की प्रतिबद्धता को पूर्व राष्ट्रपति ने सराहा

▪ पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने शिक्षा के प्रति एचएसएनसी बोर्ड की अटूट प्रतिबद्धता, युवाओं को सशक्त बनाने में इसकी भूमिका और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को नया रूप देने और लागू करने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने शिक्षा को राष्ट्रीय विकास की आधारशिला बताया और छात्रों को उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। कोविंद ने कहा, "शिक्षा सशक्तिकरण का सबसे बड़ा साधन है; इसमें लाखों लोगों की नियति बदलने की शक्ति है।" व्यक्तिगत अनुभवों साझा करते हुए उन्होंने कहा, "गांव से लेकर देश की संसद तक, उच्च न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक और अंततः भारत के राष्ट्रपति के रूप में शिक्षा ने मुझे अपने जीवन को बदलने में सक्षम बनाया।" इस अवसर दौरान कोविंद ने '75वें वर्ष की उपलब्धियों' की पुस्तक का विमोचन भी किया। एचएसएनसी विश्वविद्यालय, मुंबई की कुलपति कर्नल प्रो. हेमलता बागला ने मुख्य अतिथि रामनाथ कोविंद का परिचय दिया और कहा कि वे ईमानदारी, समावेशिता और सेवा के प्रतीक हैं।




### विद्यार्थियों का समग्र निर्माण हमारा लक्ष्य : एड. अनिल हरीश

एचएसएनसी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष और एचएसएनसी यूनिवर्सिटी के प्रोवोस्ट एडवोकेट अनिल हरीश ने सभी विशिष्ट अतिथियों और गणमान्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया और समग्र शिक्षा और वैश्विक उत्कृष्टता के दृष्टिकोण पर जोर देकर कहा, "हम अपने संस्थानों के माध्यम से एक ऐसे भविष्य की कल्पना करते हैं, जहां हमारे छात्र पूर्ण जीवन जीने और दुनिया में सार्थक प्रभाव डालने के लिए आवश्यक कौशल, ज्ञान और मूल्यों से लैस होंगे।"

### नेतृत्वकर्ताओं का किया सम्मान

इस अवसर पर एचएसएनसी बोर्ड के प्रमुख नेतृत्वकार्ताओं, जिन्होंने 2003 से 2024 के बीच बोर्ड की शानदार यात्रा को आकार देने, नए संस्थानों को जोड़ने और अकादमिक विस्तार का नेतृत्व करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, को पूर्व अध्यक्ष के हाथों सम्मानित किया गया। एचएसएनसी बोर्ड के वरिष्ठतम सदस्य और पूर्व अध्यक्ष किशु मनसुखानी, एचएसएनसी बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. निरंजन हीरानंदानी और एचएसएनसी विश्वविद्यालय, मुंबई के प्रोवोस्ट अनिल हरीश का अभिनंदन एचएसएनसी विश्वविद्यालय की कुलपति कर्नल प्रोफेसर हेमलता बागला, केसी लॉ कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. कविता लालचंदानी, एचआर कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड इकोनॉमिक्स की प्रिंसिपल डॉ. पूजा रामचंदानी और श्रीमती एमएमके कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. किशोर पेशोरी द्वारा किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

हैदराबाद (सिंध) नेशनल कॉलेजिएट बोर्ड (HSNC बोर्ड) ने भारत के 14वें राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की उपस्थिति में एक प्रतिष्ठित समारोह में भव्यता और गौरव के साथ अपना 75वां वार्षिक समारोह का समापन मनाया। इस समारोह में बोर्ड की चिरस्थायी विरासत और शिक्षा, नवाचार, सामुदायिक सेवा और राष्ट्रीय विकास में उल्लेखनीय योगदान का उत्सव मनाया। जिसमें HSNC बोर्ड के सदस्य, पूर्व प्रो-वीसी, पूर्व छात्र, अन्य विशिष्ट अतिथि, सभी शैक्षणिक संस्थानों के प्रधानाचार्य, शिक्षक और कर्मचारियों के साथ-साथ लगभग एक हजार छात्र भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

### 50 हजार विद्यार्थियों का परिवार है एमएलएनसी बोर्ड : प्रिंसीपल पंजवानी

बोर्ड के सेक्रेटरी प्रिंसीपल दिनेश पंजवानी ने बोर्ड के तत्वावधान में वर्ष भर चलने वाले समारोहों, शैक्षणिक उपलब्धियों और 75वें वर्ष के दौरान प्राप्त महत्वपूर्ण उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें शैक्षणिक बुनियादी ढांचे के विस्तार और संवर्धन के उद्देश्य से अलीबाग में नए परिसर का अधिग्रहण भी शामिल है। उन्होंने गर्व से उल्लेख किया, "एचएसएनसी बोर्ड ने अपने 25 संस्थानों में 50,000 छात्रों की उपलब्धि हासिल की है।"

### एचएचएनसी विवि. ने पांच साल में कायम की मिसाल : डॉ. हीरानंदानी

एचएसएनसी बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. निरंजन हीरानंदानी ने पिछले पांच वर्षों में एचएसएनसी विश्वविद्यालय की उल्लेखनीय प्रगति पर सारगर्भित वक्तव्य दिया, जिसमें अनुसंधान केंद्रों की संख्या तीन गुना बढ़ाने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, कानून और प्रदर्शन कला जैसे अत्याधुनिक पाठ्यक्रमों में विस्तार जैसी उलब्धियों पर प्रकाश डाला।

## राजस्थान में फिर पलटेगा मौसम



**जयपुर।** राजस्थान में बारिश, आंधी-तूफान और ओले गिरने के बाद एक बार फिर मौसम साफ नजर आने लगा है। आने वाले 2-3 दिन मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही रहने वाला है। वहीं, इसके बाद एक पश्चिमी विक्षोभ के असर से फिर से बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, 19 मार्च तक राजस्थान का मौसम शुष्क रहेगा और तापमान में उतार चढ़ाव हो सकता है। फिर वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से 20 मार्च को उत्तर-पूर्वी राजस्थान में फिर बादल और हल्की बारिश होने के आसार हैं।

▪ 20 मार्च को आंधी-तूफान और बारिश के आसार

## जिला प्रमुख पुरोहित ने सीएम के साथ मनाया फागोत्सव



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित समेत अन्य भाजपा पदाधिकारियों ने जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आवास पर आयोजित होली स्नेह मिलन समारोह एवं फागोत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान राजसमंद जिला प्रभारी वीरेंद्रसिंह चौहान, भाजपा सिरोही महामंत्री योगेंद्र गोयल भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आगंतुकों का चंदन का टीका लगाकर स्वागत कर होली की शुभकामनाएं दीं। जिला प्रमुख पुरोहित, राजसमंद जिला प्रभारी चौहान एवं महामंत्री गोयल ने सिरोही जिले को बजट में मिले ऐतिहासिक विकास कार्यों के लिए की गई घोषणा के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

ईव टीजिंग स्क्वाड

## दिल्ली में मनचलों की होगी मरम्मत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध को देखते हुए सरकार 'ईव टीजिंग स्क्वाड' बनाने जा रही है। जिसे शिष्टाचार स्क्वाड के नाम से जाना जाएगा। उत्तर प्रदेश की 'एंटी रोमियो स्क्वाड' की तर्ज पर काम करेगा। दिल्ली में उत्तर प्रदेश के 'एंटी रोमियो स्क्वाड' की तरह 'ईव टीजिंग स्क्वाड' बनने जा रहा है। जिसका नाम 'शिष्टाचार स्क्वाड' होगा। दिल्ली के हर जिले में दो स्क्वाड बनाए जाएंगे। जिसमें एसीपी, क्राइम अगेंस्ट वूमेन इन स्क्वाड के हेड होंगे। वहीं ईव टीजिंग स्क्वाड में एक इंस्पेक्टर, एक सब इंस्पेक्टर और आठ कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल होंगे। जिनमें चार महिला पुलिसकर्मी होंगी। स्पेशल यूनिट से एक पुलिसकर्मी तकनीकी सहायता के लिए साथ रहेगा।



## पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रारंभ

▶▶ आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई



**नई दिल्ली।** कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग आदि क्षेत्रों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए दिए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन तथा सिफारिश करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि अगले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन नामांकन/सिफारिशें शुरू हो गई हैं। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन की अंतिम तारीख आगामी 31 जुलाई है। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन/सिफारिशें गृह मंत्रालय के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी। पद्म पुरस्कारों के तहत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री दिए जाते हैं। वर्ष 1954 में शुरू किए गए इन पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवा के लिए प्रदान किए जाते हैं।

## बेटे को लेकर रेलवे-ट्रैक पर कूदी मां, दोनों की मौत


**जयपुर।** जयपुर के करधनी थाना क्षेत्र में होली के दिन एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। एक महिला अपने चार वर्षीय बेटे के साथ रेलवे ट्रैक पर कूद गई, जिससे दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है, लेकिन शुरुआती जांच में यह आत्महत्या का मामला माना जा रहा है। घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है, वहीं मृतका के परिवार ने इसे दहेज हत्या बताया है और



इस मामले में अब मुकदमा दर्ज करवाया गया है। होली की शाम जब शहर रंगों में सराबोर था, तभी नींदड़-बैनाड़ रेलवे लाइन से एक दिल दहलाने वाली खबर आई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला अपने मासूम बेटे को गोद में लिए रेलवे ट्रैक पर खड़ी थी। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, दोनों ट्रेन की चपेट में आ गए। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतका की पहचान वैद्यजी का चौराहा निवासी संगीता यादव (26) और उसके बेटे शुभांशु यादव (4) के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, संगीता अपने ससुराल में पारिवारिक तनाव झेल रही थी।

## अरविंद सिंह मेवाड़ पंचतत्व में विलीन

### पुत्र लक्ष्यसिंह ने दी मुखाग्नि



**उदयपुर।** अरविंद सिंह मेवाड़ का अंतिम संस्कार हो गया है। पुत्र लक्ष्यराज सिंह ने मुखाग्नि दी। इसके साथ ही अरविंद सिंह मेवाड़ पंचतत्त्व में विलीन हो गए। पूर्व राजपरिवार के सदस्य विश्वराज सिंह मेवाड़ भी अंतिम संस्कार में पहुंचे। सीधे महासतिया स्थित अंतिम संस्कार स्थल पहुंचे। इससे पहले सिटी पैलेस स्थित शंभू निवास में अंतिम दर्शनों के लिए पार्थिव देह रखी गई। 11 बजे शंभू निवास से अंतिम यात्रा शुरू हुई। जगदीश चौक, घंटाघर, हाथीपोल दिल्ली गेट, होते हुए महासतिया तक अंतिम यात्रा हुई। महासतिया में अंतिम संस्कार हुआ। आपको बता दें कि अरविंद सिंह मेवाड़ लंबे समय से बीमार चल रहे थे।

कूनो नेशनल पार्क

## मादा चीता और चार शावकों को मिला खुला जंगल

**श्योपुर।** कूनो नेशनल पार्क में सोमवार को दक्षिण अफ्रीकी मादा चीता गामिनी और उसके चार शावकों को जंगल में छोड़ दिया गया। गामिनी और उसके शावकों के जंगल में जाने के बाद अब कूनो नेशनल पार्क में कुल 26 चीते हो गए हैं, जिनमें 14 शावक भारतीय धरती पर जन्मे हैं। अब पार्क में स्वतंत्र रूप से विचरण करने वाले चीतों की संख्या 17 हो गई है, जबकि 9 चीते अभी भी बाड़ों में हैं। इससे पहले, 21 फरवरी 2024 को मादा चीता ज्वाला और उसके चार शावकों को जंगल में छोड़ा गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर 2022 को नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को कूनो नेशनल पार्क में छोड़कर अंतरमहाद्वीपीय चीता पुनर्स्थापन परियोजना की शुरुआत की थी।



▪ कूनो पार्क में अब कुल 26 चीते

### मुख्यमंत्री ने की पोस्ट

कूनो नेशनल पार्क में चीतों की बढ़ती संख्या से पर्यटकों को उनके प्राकृतिक आवास में देखने का अवसर मिलेगा, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। मध्य प्रदेश सरकार वन्यजीव संरक्षण और पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## दिल्ली-एनसीआर से पकड़े गए सात बांग्लादेशी

**नई दिल्ली।** पूर्वी जिला के स्पेशल स्टाफ ने अवैध रूप से दिल्ली-एनसीआर में रह रहे सात बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। सभी भारत-बांग्लादेश के बॉर्डर के नजदीक नदी में तैर कर भारत की सीमा में दाखिल हुए थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम ने पहले कृष्णा नगर से एक आरोपी को दबोचा। बाद में इसकी निशानदेही पर लक्ष्मी नगर, लाजपत नगर, कृष्णा नगर, सीमापुरी के अलावा शालीमार गार्डन, गाजियाबाद से दबोचा है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान दिलावर खान, ब्यूटी बेगम, रफीकुल, तौहीद, मोहम्मद अजहर, जाकिर मलिक व 15 साल की एक नाबालिग लड़की के रूप में हुई है।

▪ नदी में तैरकर भारत की सीमा में घुसे
▪ बांग्लादेश वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू
▪ फिलहाल सभी को डिटेंशन सेंटर भेजा




### मामले में छानबीन जारी

पुलिस ने इनके पकड़े जाने की सूचना एफआरआरओ को दे दी है। फिलहाल इनको डिटेंशन सेंटर भेज दिया गया है, जल्द ही उनको वापस इनके देश भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इनका कोई और साथी तो यहां नहीं रह रहा।

### मिली थी सूचना

पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि उनकी टीम भारत में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान उनके देश भेजने में जुटी हुई है। इसी कड़ी की जांच के दौरान टीम को पता चला कि कुछ बांग्लादेशी भारत में रह रहे हैं। सूचना के बाद अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त निथ्या राधा कृष्णा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।

### दिलावर ने किया कबूल

काफी प्रयासों के बाद 16 मार्च को टीम ने दिलावर खान नामक एक आरोपी को दबोचा। पूछताछ के दौरान आरोपी खुद को पश्चिम बंगाल का नागरिक बताने लगा। सख्ती से पूछताछ के बाद आरोपी दिलावर खान ने कबूल लिया कि वह बांग्लादेशी नागरिक है। बाद में उसकी निशानदेही पर छह अन्य नागरिकों को दिल्ली-एनसीआर से बरामद किया गया।

### भारत में बिखर गए आरोपी

पूछताछ के दौरान इन सभी ने बताया कि यह लोग सीमा पर मौजूद नदी पार करके भारत की सीमा में दाखिल हुए थे। यहां आने के बाद यह अलग-अलग दिशाओं में बिखर गए। इनको लगता था कि ऐसा करने से यह पहचाने नहीं जाएंगे। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

## धर्म परिवर्तन के आरोप में शिक्षक समेत दो गिरफ्तार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सिंगरौली में धर्म परिवर्तन का बड़ा खेल चल रहा था। पुलिस ने ऐन वक्त पर पहुंचकर भंडाफोड़ कर दिया। इस मामले में एक सरकारी टीचर सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। खबर है कि 50 से ज्यादा लोगों को ईसाई बनाने की तैयारी चल रही थी। धर्म परिवर्तन कराने को लेकर कई कड़े कानून बनाए गए हैं, लेकिन इसके बाद भी आए दिन कहीं न कहीं से धर्म परिवर्तन की खबरें आती रहती हैं। ताजा मामला मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले से सामने आया है। यहां माड़ा थाना इलाके के करसुआ राजा गांव में धर्म परिवर्तन का खेल धड़ल्ले से चलाया जा रहा था। धर्मांतरण की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और धर्मांतरण को रोक दिया। पुलिस ने कमरे से बड़ी संख्या में बाइबल बरामद किए हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि लंबे समय से यहां धर्मांतरण का खेल चल रहा था।

### लोगों को ईसाई बनाने की कर रहे थे तैयारी



पुलिस ने इस मामले में एक सरकारी टीचर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। माड़ा पुलिस को करसुआ राजा गांव के एक मकान में धर्मांतरण की सूचना मिली थी। टीम ने मकान में छापा मारा तो वहां 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे। उनके साथ बाइबल और दूसरी धार्मिक सामग्री भी कमरे में मौजूद थी।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला

## सेवन वंडर पर अब नहीं चलेगा बुलडोजर

**जयपुर।** हाल ही में अजमेर में अन्नासागर झील के पास बने सेवन वंडर की संरचनाओं को हटाने के लिए यहां पर बुलडोजर चला था। एनजीटी की नोटिस के बाद सेवन वंडर पर कार्रवाई शुरू की गई थी। वहीं जब राज्य सरकार इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची तो सुप्रीम कोर्ट ने सरकार आदेश अनुपालन के लिए 6 महीने का समय दिया है। अब सेवन वंडर पर तत्काल बुलडोजर नहीं चलाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (17 मार्च) को राजस्थान सरकार को अजमेर स्थित अन्नासागर झील के आसपास बनी सेवन वंडर संरचनाओं को हटाने या स्थानांतरित करने के लिए छह महीने का समय दिया है। अदालत ने राज्य सरकार से यह भी पूछा है कि क्या अजमेर में अधिक वेटलैंड विकसित किए जा सकते हैं। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने मुख्य सचिव सुधांश पंत द्वारा दायर हलफनामे को स्वीकार करते हुए सरकार को यह समय दिया। इस दौरान मुख्य सचिव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में उपस्थित हुए।



▪ राजस्थान सरकार को मिला 6 महीने का समय

## प्रोफेसर ने किया पद की गरिमा से खिलवाड़



▶▶ 20 वर्षों से कर रहा छात्राओं का यौन शोषण

▶▶ मोबाइल में मिले 65 अश्लील वीडियो

**हाथरस।** यूपी के हाथरस में बागला डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर पर 30 से ज्यादा छात्राओं के यौन शोषण का आरोप है। उसके मोबाइल से 65 अश्लील वीडियो मिले हैं। ज्यादातर वीडियो कॉलेज की छात्राओं के हैं। प्रोफेसर ने छात्राओं के कई वीडियो पोर्न साइट पर भी अपलोड किए हैं। एक छात्रा के महिला आयोग को लिखे गए लेटर से मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपी प्रोफेसर फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए 3 टीमें बनाई गई हैं। डीएम ने जांच के लिए 4 सदस्यीय कमेटी बनाई। कॉलेज मैनेजमेंट ने उसे सस्पेंड कर दिया है। आरोपी प्रोफेसर डॉ. रजनीश 54 साल का है। वह भूगोल पढ़ाता है। दरअसल, 6 मार्च को एक छात्रा ने महिला आयोग को लेटर लिखा, साथ ही फोटो-वीडियो भी भेजे। शिकायत सामने आने के बाद पुलिस ने इंटरनल जांच शुरू की थी। प्रोफेसर डॉ. रजनीश छात्राओं को झांसा देकर कमरे में बुलाता था।

### महिला आयोग को लिखा लेटर

छात्रा ने महिला आयोग को लेटर लिखा कि 'आपको बताना चाहती हूं कि प्रोफेसर रजनीश कुमार कई छात्राओं का यौन-शोषण कर रहा है। वह दरिंदा है। वह छात्राओं के साथ अश्लील हरकतें करता है। वीडियो बनाकर उनका शोषण करता है। मैं एक साल से पीएमओ से लेकर सीएम कार्यालय तक इसकी शिकायत कर रही हूं, लेकिन प्रोफेसर इतना ताकतवर है कि किसी भी शिकायत पर उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। मोदी सरकार 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का समर्थन करती है, लेकिन फिर भी ऐसे दरिंदे बेखौफ होकर बेटियों के साथ दरिंदगी कर रहे हैं।

### छात्राओं का बना लेता था वीडियो

ऐसा लगता है कि कॉलेज के प्रधानाचार्य और मैनेजमेंट की शह पर प्रोफेसर कॉलेज की छात्राओं का शोषण कर रहा है। वह भोली-भाली छात्राओं को प्रतियोगिता परीक्षा पास कराने और नौकरी के नाम पर बहलाता-फुसलाता है। फिर उनके साथ गलत काम करता है और वीडियो भी बनाता है। उसके फोटो-वीडियो मेरे हाथ लगे हैं, जिन्हें मैं प्रमाण के रूप में इस पत्र के साथ भेज रही हूं। अब तक मैंने अलग-अलग नाम शिकायतें की हैं, क्योंकि अगर दरिंदे को मेरे बारे में पता चल गया, तो वह मुझे मरवा देगा। यह शिकायत भी मैं अपनी पहचान छिपाकर कर रही हूं।

### लोकलाज के कारण छात्राएं चुप

रजनीश पिछले 20 साल से कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं का यौन-शोषण कर रहा है। मेरी जैसी छात्राओं की इज्जत बचा लीजिए, नहीं तो यह दरिंदा रजनीश कुमार न जाने कितनी और छात्राओं की इज्जत लूट लेगा। लोकलाज के कारण छात्राएं कुछ नहीं कहेंगी। सामने दिख रहे फोटो और वीडियो के आधार पर इस प्रोफेसर पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए।'

### जांच के निर्देश

महिला आयोग के आदेश पर जांच शुरू हुई छात्रा के पत्र का महिला आयोग ने संज्ञान लेते हुए जांच के निर्देश दिए। इसके बाद हाथरस गेट कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू की और प्रोफेसर को पूछताछ के लिए बुलाया। उसके मोबाइल को कब्जे में ले लिया, लेकिन उसने पहले ही वीडियो-फोटो डिलीट कर दिए थे। पुलिस ने मोबाइल का डेटा रिकवर कराया, तो 65 अश्लील वीडियो मिले। इसके बाद 13 मार्च को दरोगा सुनील कुमार ने थाने में खुद शिकायत दर्ज कराई। लेकिन जब तक पुलिस आरोपी को पकड़ती, वह फरार हो गया।